www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, सोमवार, 28 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –120 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



फेल होने का डर अपनी ताकत को करता है कम : धनखड़ — पृष्ठ 3
■ मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज
■ असुरक्षित स्त्रियां — पृष्ठ 4
■ जी-20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि व विकास : एस. जयशंकर
■ रूस के कुर्स्क में ड्रोन ने अपार्टमेंट बिल्डिंग को बनाया निशाना — पृष्ठ 9
विश्व कप क्वॉलिफायर में सकारात्मक नतीजे को बेताब : मनदीप मोर — पृष्ठ 10

### कांग्रेस ने किया बड़ा दावा

# 'इंडिया' गठबंधन में कुछ और दल होंगे शामिल

## राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार दल 'इंडिया' के संपर्क में

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ दिनों में उनमें से कुछ विपक्षी खेमे में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की आगामी बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

आलोक शर्मा ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेने वाले 38 दलों में चार से पांच दल 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उनमें से कुछ के बहुत जल्द विपक्षी गुट में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि कुछ 2024 के चुनावों से पहले शामिल होंगे।

मुंबई में होने वाली बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण फैसले



राज्यों में मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता शर्मा ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में त्रिपक्षीय महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का नेतृत्व करेगी।

साल 2024 'इंडिया' का है

उन्होंने कहा, 'देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन नेतृत्व करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम सब मिलकर इस अहंकारी सरकार को कैसे हटा सकते हैं।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में कोई भी नेतृत्व कर सकता है, लेकिन कांग्रेस देश में सभी को एकजुट करने के लिए सभी राज्यों में एक मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी। साल 2024 'इंडिया' का है।

कैग की हालिया रिपोर्ट पर घेरा

उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा स्वास्थ्य एवं बीमा क्षेत्रों में सामने आए भ्रष्टाचार की सीबीआई और ईडी से जांच कब कराएंगे।'

### मुंबई में तय होगा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गुट 'इंडिया' का सीट बंटवारे का फॉर्मूला मुंबई में तय किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने पटना में लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि पद हासिल करने की मेरी कोई निजी महत्वाकांक्षा नहीं है। मैं बस सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहता हूं।

हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुंबई में कुछ और पार्टियां हमारे साथ जुड़ेंगी। बैठक में यह भी तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा। मुंबई मीटिंग में हर बात फाइनल हो जाएगी। मुंबई में बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को निर्धारित है और इसकी मेजबानी एनसीपी और शिवसेना–यूबीटी द्वारा की जाएगी।

### मप्र को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बनाया



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है।

श्री खड़गे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कैमरे के सामने वंचितों के पैर धो कर अपना गुनाह छुपाने की कोशिश करते हैं।'

### बलौदाबाजार में कांग्रेस का संकल्प शिविर

# भाजपा के स्थान पर ईडी और आईटी से होगा मुकाबला : भूपेश



**बलौदाबाजार**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। आज बलौदाबाजार में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में कांग्रेस के सभी 306 बूथो के प्रभारी सेक्टर, प्रभारी एवं जोन प्रभारियों की सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बलौदाबाजार के कृषि उपज मंडी प्रागंण में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैंज के साथ पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से खचाखच भरें सभा स्थल पर भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र की सरकार को जमकर आड़े हाथो लिया। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने भाषण की शुरूआत में 2018 के विधानसभा चुनाव पूर्व हुए संकल्प शिविर को याद करते हुए कहा कि तब मै प्रदेश अध्यक्ष के नाते सम्मलित हुआ था आज सीएम बनकर आया हूं। ये सब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विशेष प्रयासों से हुआ। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के चुनाव के पहले उनके वादों की याद दिलाते उन्होने कहा कि रमन सरकार चुनावों के पहले राशन कार्ड का खेल करती थी चुनावों के बाद

■ भाजपा के साथ ईडी और आईटी पर जमकर बरसे

सत्यापन के नाम पर राशन कार्डो को काटने का कार्य करती थी। उन्होने प्रदेश सरकार के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरी सरकार ने प्रदेश के बस्तर से लेकर सरगुजा तक चहुमुखी विकास के कार्य किए है। उन्होने कहा आज देश में छ.ग. प्रदेश की अलग पहचान कायम हुई है। आज हमारी संस्कृति वापस जिंदा हुई है। उन्होने कहा कि आज छ.ग. में लोग हरेली, तीजा, पोला, तिहार, फि़र से मनाने लगे है। आज लोगो को अपने पांरम्परिक भोजन को सार्वजनिक रूप में खाने में कोई हीन भावना नहीं होती। लोग छत्तीसगढ़ के पांरम्परिक भोजन पहनावा और त्यौहार जो 15 साल के भाजपा शासन में गायब हो गए थे आज पुन: अपनी पहचान प्राप्त किए है।

उन्होनें बीते दिनों प्रदेश के कांग्रेस नेतागणों एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं करीबियों पर हुई ईडी और आईटी की कार्यवाही पर कहा कि केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी इन्ही की मदद से 2023 का चुनाव लड़ना चाहती है। किंतु हम भाजपा के इन नए सहयोगी संगठनों की कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। 2018 के पूर्व भी रमन सरकार ने मेरी गिरफ्तारी की थी तब वे 15 सीटो पर रह गए थे यदि 2023 में भी उन्हे यही करना है तो करके देख ले इस बार 15 सीटे भी छत्तीसगढ़ की जनता इन्हे नहीं देगी। उन्होने कहा हमारे प्रदेश के समस्त खनिज संसाधनों पर केन्द्र की मोदी सरकार अपने चहेते ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### एमएसएमई संरक्षण के लिए एकल जीएसटी दर जरूरी: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल ने कहा, महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है।

### जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी जोरो पर

**नई दिल्ली।** राजधानी में जी-2 शिखर सम्मेलन की सम्मेलन की तैयारी जोरो पर है। दिल्ली ट्रैफिक यूनिट ने राष्ट्रीय राजधानी में आगामी जी-2 शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को फुल ड्रेस कारकेड रिहर्सल का आयोजन किया। शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में 9 और 1 सितंबर को दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अधिकारी और नेता 8 सितंबर से राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचना शुरू कर देंगे। केंद्र और दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि 8 से 1 सितंबर तक सभी कार्यालय और स्कूल बंद रहेंगे।

### छात्र की पिटाई मामले में प्रशासन का स्कूल बंद करने का आदेश

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है।

### मणिपुर में लूटे गए 16 हथियार, गोला-बारूद, बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मई से लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है, उन्हें मणिपुर के इंफाल-पूर्व, इंफाल-पश्चिम और कांगपोकपी जिलों में 16 अत्याधुनिक हथियार, 7 गोला-बारूद और 16 विस्फोटक मिले।

# सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद भर्ती पर बी.एड. योग्यता को लेकर महाधिवक्ता से मांगी गई राय

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने कुल 12489 पद वितिापित किये थे. व्याख्याता के 432 पदों पर भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है. शिक्षक के 5772 पदों पर काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य लगातार चल रहा है और लगभग 10 दिन में पूरा हो जायेगा. इन पदों पर बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थी पात्र है तथा उनकी भर्ती लगातार की

युवाओं को रोजगार देने सरकार का प्रयास तेज

जा रही है. सहायक शिक्षक के 6285 पदों पर नियुक्ति के लिये काउंसिलिंग प्रारंभ जा चुकी है. छत्तीगसद शासन व्दारा जारी विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पदों पर भी बी.एड. को पात्र माना गया था, और उन्हें व्यापाम की परीक्षा में बैठने का अवसर भी दिया गया, परन्तु इसी बीच अचानक 11 अगस्त को राजस्थान राज्य से संबंधित सिविल अपील क्र. 5068/2023 में सर्वोच्च न्यायालय ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# नूंह में यात्रा की अनुमति नहीं: खट्टर

**नूंह**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 28 अगस्त को नूंह में दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। नूंह में एक महीना पहले ही हिंसक घटना हुई है, उसको लेकर सावधानी रखने की जरूरत है। मंदिरों में पूजा–अर्चना करना सबका अधिकार है। उन्हें श्रद्धा के अनुसार छूट मिलनी चाहिए। उधर विश्व हिंदू परिषद(वीएचपी) यात्रा को लेकर अड़ी हुई है। खट्टर ने ये भी कहा कि हमने लोगों से अपील भी की है कि वे नूंह की तरफ यात्रा करने से बचें और अपने नजदीकी मंदिरों में ही जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना करें। सुरक्षा रखना सरकार का दायित्व है। लॉ एंड ऑर्डर बना रहे, यह सरकार की कोशिश है। इससे पहले नूंह प्रशासन भी यात्रा की अनुमति से इनकार कर चुका है। तनाव को देखते हुए यात्रा से एक दिन पहले, रविवार को ही नूंह में धारा 144 लगा दी गई। स्कूल–कॉलेज और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 28 अगस्त तक बंद हैं। पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है।

नूंह में 31 जुलाई को अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा पूरी करने संबंधी सवाल पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा– 28 अगस्त को सुबह 11 बजे यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा की अनुमति लेने का सवाल ही नहीं उठता।

# लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई ईडी : भूपेश

## मुख्यमंत्री ने कहा, ईडी के बलबूते विधानसभा चुनाव लड़ेगी भाजपा

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) पर भाजपा के राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के राज्य प्रभारी के दिए बयान से स्पष्ट हैं कि भाजपा राज्य में ईडी के बलबूते विधानसभा चुनाव लड़ेगी। श्री बघेल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार को सरगुजा में भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने ईडी की कार्यवाई पर कहा अभी चुनाव आते तक देखिए क्या–क्या होता है'। भाजपा प्रभारी का यह बयान यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि भाजपा ईडी के बलबूते चुनाव लड़ेगी? ईडी की कार्यवाई चुनाव को देखकर हो रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाते दूसरे में लग जाते है। उन्होंने



भाजपा के राज्य प्रभारी के बयान का दिया हवाला

कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों पर कार्यवाई यह दिखाने के लिए है कि छत्तीसगढ़ में हर जगह गड़बड़ी हैं।

**झूठे बयानों के आधार पर दुष्प्रचार**

उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले एक वर्ष में ईडी और आई.टी. अधिकारियों ने 200 से भी अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयों में छापेमारी की गई है। ईडी के अधिकारियों द्वारा दमन और प्रताड़ना को हथियार बनाकर बिना चल–अचल संपत्ति की रिकवरी के झूठे बयानों के आधार पर सैकड़ों करोड़ के कथित कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला तथा अब महादेव ऐप्स घोटाला होने का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

**धमकी देकर खिलवा रहे मनचाहा बयान**

उन्होंने कहा कि ईडी अधिकारियों के लिए यह भी बायें हाथ का खेल है कि किसी भी गवाह से उसे जेल भेजने की धमकी देकर मनचाहा बयान लिखवा लिया जाता है। ईडी अधिकारियों द्वारा तैयार किए गये ब्यान अथवा झूठी कहानी की पुष्टि अपने बयान में करें अन्यथा उसे जेल भेज दिया जाएगा, जहां उसे जिंदगी भर जेल में सड़ना पड़ेगा। गवाहों की क्रूर पिटाई, उनसे गाली गलौज ईडी अधिकारियों के लिए सामान्य बात है।

# राजनांदगांव विधानसभा सीट से रमन सिंह इकलौते दावेदार

**राजनांदगांव**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव दौरे पर है। उन्होंने राजनांदगांव विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी को लेकर कहा कि कार्यर्ताओं ने उनका सिंगल नाम भेजा है। छत्तीसगढ़ में 15 साल शासन कर चुकी भाजपा का भी सर्वेक्षण हो चुका और प्रत्याशियों के नाम भाजपा की चुनाव समिति के पास चले गए हैं वहीं रमन सिंह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना भी साधा है।



पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपनी 21 विधानसभा सीट की घोषणा कर दी है। आगे भी बीजेपी जल्द ही सीटों की घोषणा करने वाली है। राजनांदगांव के सर्वे और कार्यकर्ताओं ने रमन सिंह का इकलौता नाम दिया है। जिसके लिए रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं और पार्टी को धन्यवाद दिया। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में सर से डूबी हुई है। हमारे सरकार के समय में कोयला का डीओ (डायरेक्ट ऑर्डर) जो ऑनलाइन किया गया था। कांग्रेस सरकार आने के बाद खनिज विभाग के डायरेक्टर ने डीओ मैन्युअल कर दिया। जिससे कोयला में अटूट भ्रष्टाचार हो सके, 2100 करोड़ के शराब घोटाले के सबूत मिल चुके हैं। हर जगह भ्रष्टाचार चला है, जिसका जवाब जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में देगी।

### जी-2 बैठक से पहले खालिस्तान समर्थकों की करतूत

# मेट्रो के स्टेशनों पर लिखे देशविरोधी नारे

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर रविवार को खालिस्तान समर्थक नारे दिखाई दिए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। नारे सात से अधिक मेट्रो स्टेशनों और एक सरकारी स्कूल के पास भी दिखाई दिए। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में जी–20 शिखर सम्मेलन से पहले दीवारों पर लिखे सभी नारे हटा दिए हैं। देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाले अपमानजनक नारे शिवाजी पार्क, मादीपुर, पश्चिम विहार, उद्योग नगर, पंजाबी बाग, महाराजा सूरजमल स्टेडियम और नांगलोई मेट्रो स्टेशनों पर दिखाई दिए। सरकारी सर्वोदय बाल विद्यालय, नांगलोई की दीवारों पर भी नारे दिखाई दिए। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि इनके पीछे खालिस्तानी समर्थक हो सकते हैं। नारों में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नाम का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस ने कहा कि मोदी इंडिया ने सिखों का नरसंहार किया, खालिस्तान रेफरेंडम जिंदाबाद, दिल्ली बनेगा खालिस्तान आदि लिखे गए थे। पुलिस ने कहा कि वह अपराधियों की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों और मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि उसने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच जारी है।

# त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' को महत्व जरूरी : मोदी

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर दिया जाना चाहिए। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी के प्रसारण में कहा की आत्मनिर्भर भारत के लिए वह कल का लोकल आवश्यक है और इसका त्योहार मनाते समय सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, अब त्योहारों का मौसम भी आ ही गया है। आप सभी को रक्षाबंधन की भी अग्रिम शुभकामनाएं। पर्व–उल्लास के समय हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को भी याद रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान हर देशवासी का अपना अभियान है और जब त्योहार का माहौल है तो हमें अपनी आस्था के स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तो रखना ही है। अगली बार आपसे फिर 'मन की बात' होगी, कुछ नए विषयों के साथ मिलेंगें कुछ नए प्रयासों की सफलता की जी–भर करके चर्चा करेंगे।

# बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट , 8 की मौत

**कोलकाता**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम 8 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज–मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गई। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट



दो मंजिला घर जमींदोज, अन्य आवास भी क्षतिग्रस्त

में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज–मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अजुइबुर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मिशन सौर — अगले दो दिनों में घोषित की जाएगी प्रक्षेपण की तिथि, 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा उपग्रह

# सितम्बर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल1

**तिरुवनंतपुरम, 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितम्बर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। श्री सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है।**

*यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितम्बर के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। श्री सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष–आधारित भारतीय वेधशाला होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।*



### चंद्र सतह पर मापा गया तापमान

*भारत के चंद्रयान–3 ने चांद के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है। विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर लगे सभी उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह के तापमान का पता लगाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह अपडेट एक्स पर शेयर किया। इसरो ने बताया कि चंद्रमा की सतह के तापमान की जानकारी के लिए लैंडर विक्रम पर लगे चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड से पहला अवलोकन किया गया। इसरो ने जो ग्राफ शेयर किया है उसके अनुसार चंद्रमा की सतह का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस है। गहराई में जाने पर तापमान तेजी से गिरता है। 80 मिलीमीटर भीतर जाने पर तापमान –10 डिग्री तक गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसा लगता है कि चंद्रमा की सतह गर्मी को बनाए रखने में सक्षम नहीं है।*

# जोगी कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

## विधायक डा. ध्रुव व कांग्रेस जिलाध्यक्ष बासुदेवने किया स्वागत

**गौरेला पेंड्रा।** मरवाही 27 अगस्त (देशबन्धु)। मरवाही विधानसभा में रविवार को जेसीसीजे के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मरवाही विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष जिला कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस में प्रवेश किया है, जितने भी लोगों ने आज कांग्रेस में प्रवेश लिया है उनमें सभी मरवाही विधानसभा के ही रहने वाले है।

जिला कांग्रेस कार्यालय पेंड्रा में रविवार को कांग्रेस विधायक डॉ के के ध्रुव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव के समक्ष सैकड़ो की संख्या में जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस में प्रवेश किया है, जहां पर सभी को कांग्रेस का तिरंगा गमछा पहनाकर कांग्रेस में प्रवेश दिलाया गया सभी कांग्रेस की नीति रीति से प्रभावित होकर जेसीसीजे से कांग्रेस में प्रवेश किया है ,इस दौरान जिला कार्यालय में काफी सँख्या कांग्रेस के पदाधिकारी भी मौजूद रहे,जितने भी कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस में प्रवेश किया है सभी मरवाही विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रो के रहने वाले है,वही चुनाव के कुछ माह पहले मरवाही विधानसभा में जेसीसीजे को छोड़कर कांग्रेस में सैकड़ो की संख्या में प्रवेश करने पर जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि जो कार्यकर्ता कांग्रेस में प्रवेश किये है वे सभी कांग्रेस की नीति व रीति के साथ प्रदेश में भुपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस में प्रवेश लिया है और आने वाले दिनों और दूसरी पार्टी के साथ काफी संख्या में लोग कांग्रेस में प्रवेश करेंगे सभी का स्वागत है।




### कांग्रेस प्रवेश करने वालों का जोगी कांग्रेस से कोई नाता नहीं - जायसवाल

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जोगी कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता के कांग्रेस प्रवेश के मामले में जोगी कांग्रेस के कोटा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद पेंड्रा के वरिष्ठ नेता निर्माण जयसवाल का बयान आया है, उन्होने कहा कि ये जिस इंद्रजीत नायक के द्भ्रष्ध्द छोड़ कर कांग्रेस प्रवेश का दावा किया जा रहा है, उसका दूर दूर तक जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से कोई वास्ता नहीं है और ना ही ये द्भ्रष्ध्द का प्राथमिक सदस्य है ना कोई किसी प्रकोष्ठ का पदाधिकारी आज तक इसे किसी भी पार्टी के कार्यक्रम में ना देखा गया ना सुना गया

# छग में मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं : भूपेश

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की भारत के नक्शे में स्थिति ऐसी है कि यहां एक बड़ा मेडिकल हब बनने की असीम संभावनाएं हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति और वातावरण स्वास्थ्य के अनुकूल है। वे आज शाम राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित 21 वें सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2023 कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने वरिष्ठ न्यूरोसर्जन द्वारा लिखी पुस्तक 'ब्रेन डेथ, ऑर्गन डोनेशन और ट्रांसप्लांटेशन' का विमोचन भी किया।



■ सीजीएमपी न्यूरोकॉन 2्23 कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि पिछले पौने पांच सालों में हमने छत्तीसगढ़ में बड़ा मेडिकल-नेटवर्क स्थापित करने में कामयाबी हासिल की है। यहां शासकीय और निजी क्षेत्र के मेडिकल संस्थानों ने अद्भुत तालमेल और प्रतिभा से इस उपलब्धि को हासिल किया है। प्रदेश में न्यूरो चिकित्सा के क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं सुलभ हुई है और विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ छत्तीसगढ़ के मरीजों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल पहले यह स्थिति थी कि मलेरिया से लोगों की जानें जाती थी, मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने में हम सफल हुए हैं। आज हाट-बाजार क्लिनिक योजना से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ा है। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि आज हमारे यहां चिकित्सा के क्षेत्र में एक मजबूत अधोसंरचना भी तैयार हो चुकी है।

श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब नक्सलियों पर बात नहीं होती बल्कि कृषि, संस्कृति, सामाजिक उत्थान और नए छत्तीसगढ़ को लेकर बातें हाती है जिससे प्रदेश की नई पहचान बनी है। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गौतम चौड़रिया और वरिष्ठ चिकित्सक एस एन मढ़रिया और संदीप दवे ने भी संबोधित किया।

# कोटा विधानसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा का विधायक होगा- बोरे

## भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के पर्यवेक्षक प्रमोद बोरे असम के विश्वनाथ से हैं विधायक

**गौरेला पेंड्रा।** मरवाही 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस बार भाजपा की सरकार बनना निश्चित है तथा कोटा विधानसभा क्षेत्र में इस बार 100त्न भारतीय जनता पार्टी का विधायक जीत कर आएगा। कोटा में हमारे कार्यकर्ता, बूथ कमेटियां शक्ति केंद्र एवं मंडल कमर कसकर तैयार हैं इस बार कोटा सीट भाजपा की होगी।

यह दावा भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति के निर्देश पर कोटा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का चुनावी माहौल पता करने पहुंचे असम के विश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद बोरे ठाकुर ने मीडिया से बातचीत करते हुए किया ।श्री ठाकुर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जिन विधानसभा क्षेत्र में आजादी के बाद भारतीय जनता पार्टी का विधायक नहीं चुनकर आ सके हैं ऐसे विधानसभा क्षेत्र पर केंद्रीय नेतृत्व की नजर है । ऐसे विधानसभा जहां अब तक एक भी बार भारतीय जनता पार्टी का विधायक चुनकर नहीं आ सका है केंद्रीय नेतृत्व ने देशभर के विधायकों को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में समीक्षा हेतु भेजा है इसी के तहत मुझे भी कोटा विधानसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक बनाकर कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के बीच समीक्षा के लिए भेजा गया है। श्री ठाकुर ने बताया कि कोटा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले उन सभी वर्गों से मिल रहे हैं और वजह तलाश रहे हैं कि ऐसी क्या वजह थी कि कोटा सहित उन विधानसभा क्षेत्र मेंअब तक भारतीय जनता पार्टी यहां अपना विधायक जिता कर नहीं ला पाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि कोटा में भाजपा की हर की वजह तलाशने के बाद अपनी रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को देगें और उन सभी बातों को अपनी चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करेगा जिससे जन भावनाएं जुड़े और एक बार उन विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी जीतकर आए ।



### एक दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं भाजपा में कोटा से

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति के पर्यवेक्षक प्रमोद बोरे ठाकुर के कोटा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं बूथ कमेटियों शक्ति केदो तथा मंडल पदाधिकारी हो रही मुलाकात के बाद अब लगभग निश्चित है कि सितंबर के प्रथम सप्ताह तक जारी होने वाली द्वितीय सूची में कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी की घोषणा हो जाए। भाजपा अब तक छत्तीसगढ़ के 21 विधानसभा क्षेत्र के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अभी वर्तमान में भाजपा की टिकट से कोटा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक जिन दावेदारों के नाम सामने आए हैं उनमें से प्रमुख बिलासपुर के डॉ. सोमनाथ यादव, गौरेला से बृजलाल सिंह राठौर, मुकेश दुबे ,स्वामी कृष्ण प्रपंचाचार्य, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल,सहित एक दर्जन दावेदारों के नाम की चर्चा चल रही है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज तखतपुर में

**तखतपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 28 अगस्त को तखतपुर में आयोजित संकल्प शिविर में शामिल होने के लिए दोपहर 12 बजे हेलीकाफ्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के तखतपुर आगमन की तैयारी के लिए विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए और कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए वहीं विधायक श्रीमती रश्मि सिंह और आशीष सिंह ठाकुर ने भी कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की। इस संकल्प शिविर में बूथ, सेक्टर, जोन, राजीव युवा मितान, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, नगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



## अब की बार भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंचेगी : दीपक बैज



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि अब की बार भाजपा दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंचेगी। कांग्रेस सरकार के कामों से राज्य की जनता के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अपनी सरकार के कामों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है।कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का संकल्प विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविरों में ले रहे है। इन्हीं कार्यकर्ताओं की मजबूती और सरकार के पांच सालों के दम पर 75 से अधिक सीटों के साथ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है वो सभी चुनाव लड़ने से पहले ही हार गए, भाजपा के कार्यकर्ता और नेता ही उसका विरोध कर रहे हैं। भाजपा में भगदड़ मच गई है, कई जगह बड़े पदाधिकारी इस्तीफा दे रहे है।ओम माथुर के दौरे में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अंबिकापुर, राजिम, पाटन, गरियाबंद में भाजपा प्रत्याशियों का जमकर विरोध हो रहा है। अभी बीजेपी को 69 प्रत्याशी घोषित करनी है तो पहले भाजपा के 69 प्रत्याशियों को भी भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं से ही पहली लड़ाई लड़नी है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पास चुनाव जीतने का सबसे बड़ा आधार सरकार के काम और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विश्वसनीयता है। भाजपा के पास कांग्रेस सरकार के कामों और मुख्यमंत्री की विश्वसनीयता का कोई तोड़ नहीं है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### भाजपा के स्थान पर ईडी ...

उघोगपति अडानी जैसे लोगों का कब्जा कराना चाहती है। इनकी इस कुचेष्टा के पूरे नहीं होने का एक मात्र कारण प्रदेश की कांग्रेस सरकार है। हम हमारे प्रदेश के संसाधनों को बेचने नहीं देगे चाहे कितनी ही ईडी और आईटी की कार्यवाही कर ये हम पर दबाव बनाने का प्रयास कर ले।

इसके पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैंज ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने भूपेश सरकार के कार्यो और प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के 15 वर्षो के शासन में बस्तर में लोग बैंक, स्कूल और सड़कों की कल्पना भी नही करते थे। आज बस्तर से लोग भूपेश बघेल से अपने क्षेत्रों में बैंक, खुलवाने शिक्षा के लिए स्कूल खुलवाने की तथा सड़कों की मांग करते है। भूपेश सरकार ने बस्तर क्षेत्र को नक्सलवादियों के आंतक से मुक्त कराने का कार्य किया तथा आदिवासी समाज को प्रगति एवं उन्नति के मार्ग में अन्य लोगों के साथ चलने के लिये प्रेरित किया है। उन्होने कहा कि देश में मणिपुर आज लगभग 150 दिनों से दो वर्गो के बीच में संघर्ष जारी रहा हरियाणा के गुरूग्राम आदि शहरों दंगे हुए किंतु देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को वहां लगी आग को रोकने का समय नहीं मिलता किंतु हमारे शांत छत्तीसगढ़ प्रदेश में चुनावो को देखते हुए झूठ फैलाने एवं झूठी वाहवाही लेने का समय मिल जाता है। दीपक बैंज ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेश बघेल की सरकार के कार्यो से अत्यंत प्रसन्न है साथ ही कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी इस प्रदेश में विकास के कार्य प्रभावित नहीं हुए। आज पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी की दर हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में है ये हमारे लिए गौरव का विषय है। यहा के किसान आज खुश है उन्हे उनकी फसल का उचित मूल्य बिना किसी कमीशन खोरी के सीधे उनके बैंक के खाते में मिल रही है तथा 15 वर्ष के कमीशन खोर सरकार के शासन से उन्हे मुक्ति मिली है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में लगभग 30 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है। संकल्प शिविर में पूरे विधानसभा से लगभग 4500 कार्यकर्ता पहुचे थे जिनमें जमकर जोश एवं उत्साह, उर्जा का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन बलौदाबाजार भाटापार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के द्वारा किया गया। आज के सफल आयोजन के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी वरिष्ठ नेतागणों ने हितेन्द्र ठाकुर एवं सहयोगी टीम की जमकर सराहना की। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने अबकी की बार 75 पार का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा बिलाईगढ विधायक चन्द्रदेव राय, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, जिला प्रभारी प्रेम सिंह जायसी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव परमेश्वर यदु, सीमा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, दिनेश यदु, राकेश वैष्णव, शारदा सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, धनेश्वर वर्मा, देवादास टंडन, बलदाउ साहू, संदीप पाण्डेय, सूर्यकांत वर्मा, शैलेन्द्र बंजारे, राम गिडलानी, अयाज अहमद फारूकी, उमेश जैन, मोतीराम वर्मा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, ललिता यदु, के.के. वर्मा, पदमेश्वरी साहू, कालिन्द्री वर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद...

ने बी.एड. को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिये अपात्र घोषित कर दिया. इसके तत्काल बाद माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने याचिका क्र. डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में f21 अगस्त को सहायक शिक्षक पद हेतु बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग की कार्यवाही स्थगित रखने का आदेश दिया, परन्तु डी.एड. एवं डी.एल.एड. की काउंसलिंग पर कोई रोक नही लगाई. न्यायालय के इस आदेश में पालन में डी.एड. एवं डी.एल.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग जारी रखी गयी है, जिससे राज्य के युवाओं को शीघ्रता से रोजागार दिया जा सके. बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध विधिक उपचारों के बारे में महाधिवक्ता से मार्गदर्शन मांगा गया है.

### बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में ...

रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गई शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया।

## विधायक डॉ. रश्मि सिंह ने किया सावन उत्सव का आयोजन




**तखतपुर।** 27 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशिष सिंह के संयोजन में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। श्रीमती सिंह ने कहा कि महिलाएं पूरे दिनभर घर की देखभाल और परिवार की सेवा में लगी रहती है ऐसे में कुछ पल उन्हें भी फुर्सत का मिले और वह पल एक उल्लासमय हो, उत्साहपूर्ण हो तथा मनोरंजक वातावरण हो जिसमें वे शामिल होकर अपने आपको एक नई ऊर्जा के साथ फिर से तैयार पाएं इसलिए यह महोत्सव का आयोजन किया गया है जहां हम सभी एक साथ बैठकर पारिवारिक वातावरण में इस आयोजन में सहभागीता दे रहीं हैं। सावन का महीना लोगों को ईश्वर से जुड़ने का और भगवान की भक्ति के लिए सबसे उत्तम है। हर तरफ मंदिरों में लोगों की भीड़, भजन-कीर्तन की मंत्रोच्चारण और बड़े-बड़े मेलों का आयोजन इस माह की महत्ता को और भी बढ़ा देता है। सावन के माह में महिलाएं उपवास रखती हैं और अपने परिवार के स्वस्थ रहने की कामना करती हैं। भक्तों की सबसे ज्यादा भीड़ सावन के महीने में ही लगती है।सावन का महीना किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी समय किसान कई प्रकार के अनाज, सब्जी और फूल आदि की बुआई करते हैं। सावन का यह महीना सभी के लिए राहत का महीना होता है। अप्रैल से जून तक की भीषण गर्मी से मनुष्य और जीव दोनों त्रस्त हो जाते है, पेड़-पौधे, नदी, नहर, तालाब और कुएं आदि सुख जाते हैं और कई स्थानों पर तो सूखे जैसे हालात बन जाते है जो लोगों को बदहाल कर देता है। सावन के महीने में होने वाली तेज़ बारिश पृथ्वी के इस बदहाल वातावरण में नई जान देता है और हर तरफ खुशी की एक नई लहर दिखने लगती है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई– प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./ निर्माण / 2023 दिनांक 19.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 26 अंतर्गत सामुदायिक मंच से बाजार एवं राम के घर से विश्वकर्मा घर तक आर.सी.सी.नाली का निर्माण कार्य। (प्रथम निविदा) (15 वें वित्त) | 25.00 | 11.09.2023 (T.No.144930) |
| 2 | वार्ड क्र.30अंतर्गत आंगनबाड़ी से होरीलाल घर तक एवं श्रीराम भांजा घर से कलीराम घर तक सी.सी.रोड, आर.सी.नाली एवं स्लेब कब्हरिंग निर्माण कार्य। (प्रथम निविदा) (15वें वित्त) | 20.00 | 11.09.2023 (T.No. 144931) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईड www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

# भ्रष्टाचार का कांग्रेसी लाइसेंस अब रिन्यू नहीं हो सकता : चंदेल

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने राजनीतिक सलाहकार के सट्टा कनेक्शन मामले में दिल्ली जाकर भड़ास निकालने के साथ ही कांग्रेस कंपनी के कमांडरों को सारे कारनामों का हिसाब दे रहे हैं कि जो किया, आपके लिए किया। आपकी मांग पूरी करने छत्तीसगढ़ को एटीएम बनाया गया है। जो हालात सामने आ रहे हैं, उसके लिए आप ही जिम्मेदार हैं। भूपेश बघेल प्रियंका गाँधी से इसके अलावा आखिर छत्तीसगढ़ कि और क्या बातें साझा कर सकते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार के अलावा पांच साल में छत्तीसगढ़ में और कुछ हुआ ही नहीं है। कांग्रेस भ्रष्टाचार को छुपाने की लाख कोशिशें करे, हकीकत सामने आ ही जाती है। यह हर एक घोटाले के रूप में आये दिन सामने आ रही है। मुख्यमंत्री द्वारा ईडी के खिलाफ दिल्ली में जो कहा गया, वह स्पष्ट कर रहा है कि कांग्रेस को छत्तीसगढ़ लूटने की छूट चाहिए। कांग्रेस सरकार ने 5 साल तक जो लूटखसोट की है, वह उजागर हो रही है तो मुख्यमंत्री अपने कर्मकांडी साथियों के बचाव में खुलकर सामने आ रहे हैं।नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल हर भ्रष्टाचार का भेद खुलने के फौरन बाद भ्रष्टाचारियों के पैरोकार बनकर क्यों खड़े हो जाते हैं। क्या कांग्रेस ने भूपेश बघेल सरकार को लूट का लाइसेंस जारी किया है। यदि ऐसा किया है तो देश की जांच एजेंसियां इसका दंड दिलवाने में सक्षम हैं। वे अन्वेषण कर रही हैं, भ्रष्टाचारी बेनकाब हो रहे हैं। काली कमाई निकल रही है। साक्ष्य के साथ भ्रष्टाचारियों को कानून के सुपुर्द किया जा रहा है और भ्रष्टाचार के तमाम आरोपी जमीन आसमान एक करके भी जमानत को तरस रहे हैं। क्या वजह है कि सारे भ्रष्टाचारियों से भूपेश बघेल हमदर्दी दिखाते हैं। जब भी जांच एजेंसियों की पैनी नजर काले कारनामों पर पड़ती है तो भूपेश बघेल उस पर सफेद चादर चढ़ाने निकल पड़ते हैं। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेसी भ्रष्टाचार को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। आजादी के बाद से ही कांग्रेस को भ्रष्टाचार का लाइसेंस मिला हुआ था।



**कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

क्र./ 1126/ न.पं. / लो.नि.वि./ 2023–24 राहौद, दिनांक 25/08/2023

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत राहौद क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ ठेकेदारों से त्रि–लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/ पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्र ''अ'' अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Electrical SOR w.e.f.on 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि – 05.09.2023 समय 03:00 बजे अपरान्ह तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि – 11.09.2023 समय 04:00 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि – 18.09.2023 समय 03:00 बजे अपरान्ह तक।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि – 18.09.2023 समय 04:00 बजे अपरान्ह तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.02 बिल्लारी पुलिया से बंदेला पुलिया तक विद्युत कोल विस्तार कार्य | 19.78 | 20000/– | 750/– | |
| 2. | वार्ड क्र. 11 शनि मंदिर से मुक्तिधाम होते हुए महका पुलिया तक विद्युत पोल विस्तार कार्य। | 9.96 | 10000/– | 750/– | 01 माह |
| 3. | वार्ड क्र. 11 राजू गौटिया बाड़ा से नौवा तालाब तक विद्युत पोल विस्तार कार्य। | 9.96 | 10000/– | 750/– | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय के शाखा प्रभारी से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत राहौद

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई– प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./ निर्माण / 2023 दिनांक 18.08.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.49 एवं 55 उर्जा गेट अगारखार से बल्गी रेल्वे क्रासिंग के पास बी.टी.रोड निर्माण व रोड चौड़ीकरण कार्य। (प्रथम निविदा) (14 वें वित्त) | 49.98 | 11.09.2023 (T.No. 144836) |
| 2 | वार्ड क्र 49 अंतर्गत अगारखार में सी.सी.रोड का निर्माण कार्य (प्रथम निविदा) (14 वें वित्त) | 20.00 | 11.09.2023 (T.No. 144837) |
| 3 | वार्ड क्र 55 अंतर्गत पुराना बस्ती जुनापारा से नागाचुंवा तक सी.सी.रोड एवं नाली का निर्माण कार्य (प्रथम निविदा) (15 वें वित्त) | 25.00 | 11.09.2023 (T.No. 144838) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब पोटल www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक
कोरबा (छत्तीसगढ़)

# देश

**उवाच**

गरीब इलाज के लिए भटक रहा है। भाजपा सरकार गरीबों को बीमारी में मदद के बजाय उसकी दुश्वारियां बढ़ा रही है। उप्र प्रदेश में वायरल बुखार, डेंगू समेत तमाम संक्रामक रोग तेजी से बढ़ रहे है लेकिन मरीजों के लिए जरूरी दवाएं तक नहीं हैं।

–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35 | 26 |
| मुंबई | 32 | 27 |
| कोलकाता | 34 | 28 |
| चेन्नई | 34 | 29 |

# विपक्षी गठबंधन की हर बैठक महत्वपूर्ण : कांग्रेस

**नई दिल्ली,**27 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की अहम बैठक से पहले रविवार को कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे को कई राज्यों में कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है, केवल कुछ राज्यों में ही थोड़े अधिक समय की आवश्यकता है। देवड़ा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की हर बैठक समान रूप से महत्वपूर्ण है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर बैठक के साथ आगे बढ़ने की कार्य योजना और दुरुस्त होती जा रही है। मैं मुंबई में बैठक आयोजित करने में व्यक्तिगत रूप से मदद कर रहा हूं और मैं इसकी सफलता को लेकर बहुत आशान्वित हूं। बैठक के आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे देवड़ा ने 'इंडिया' के साझेदारों के बीच 'विकसित हो रहे तालमेल' की भी सराहना की और कहा कि इसका सबसे अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिलता है। 'इंडिया' गठबंधन की बैठक 31 अगस्त-एक सितंबर को होनी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता देवड़ा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के महा विकास



**हर बैठक के साथ आगे बढ़ने की कार्य योजना होती जा रही और दुरुस्त : मिलिंद देवड़ा**

आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में 'कोई समस्या नहीं है। देवड़ा ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब एनसीपी के अजित पवार और पार्टी के आठ अन्य विधायकों ने दो जुलाई को राज्य में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार से हाथ मिला लिया था। इसके बाद, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच बैठकों ने 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों के बीच घबराहट पैदा कर दी है।

**एनसीपी संबंधी घटनाक्रम से जुड़ी चिंताओं को किया खारिज**

देवड़ा ने एनसीपी संबंधी घटनाक्रम से जुड़ी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बाद में चर्चा की जाएगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा और एनसीपी में जो हो रहा है वह उसका 'आंतरिक मुद्दा' है। 'इंडिया' गठबंधन 26 दलों का विपक्षी गुट है, जिसका गठन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए हाल में किया गया है।

विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में और दूसरी बेंगलुरु में हुई थी, जिसमें इसका नाम 'इंडिया' रखा गया था। मुंबई में 26 दलों के इस गठबंधन में और दलों के शामिल होने की संभावना पर कहा कि आमंत्रित और उपस्थित लोगों की अंतिम सूची को एमवीए साझेदार एक-दूसरे के करीबी समन्वय से अंतिम रूप दे रहे हैं। मुंबई में होने वाली बैठक में सीट बंटवारे, समन्वय समिति बनाने और गठबंधन के लिए संयोजक नियुक्त करने पर आगे की कार्रवाई होने की संभावना पर देवड़ा ने कहा कि इन विषयों पर अगले सप्ताह बैठक में चर्चा हो सकती है। गठबंधन द्वारा नेतृत्व के जटिल मामले पर देवड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अभी समय है और 'इंडिया' गठबंधन की हर बैठक के साथ अहम प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की निंदा किए जाने को लेकर देवड़ा ने कहा भारत का चुनावी इतिहास और गणित स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जब मैदान में केवल दो दल और उम्मीदवार हों, तो कोई भी दल या नेता अजेय नहीं होता है।

कर्नाटक की राजधानी में पिछले महीने आयोजित सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि विपक्ष 2024 का चुनाव एकजुट होकर लड़ेगा और सफल होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा की विचारधारा के खिलाफ है। पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के 31 अगस्त को मुंबई पहुंचने की संभावना है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 31 अगस्त को उपनगरीय मुंबई के 'ग्रैंड हयात' होटल में नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

अगले दिन उसी स्थान पर बैठक होगी जिसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। इंडिया गुट की आगामी मुंबई बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस बैठक में 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श और उसे अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। मुंबई बैठक में कुछ और पार्टियों के इस गुट में शामिल होने की भी चर्चा है।

## कई राज्यों में सीट बंटवारे को दे दिया गया है अंतिम रूप

कांग्रेस नेता देवड़ा ने कहा कि कई राज्यों में सीट बंटवारा को कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है। कुछ ही राज्य बचे हैं, जिन्हें और समय की आवश्यकता है। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता पर कहा कि इन विषयों पर काम जारी है। यकीन है कि इंडिया के सभी साझेदार एक ऐसा साझा राजनीतिक एवं विकासात्मक एजेंडा लेकर आएंगे, जो दूरदर्शी, रचनात्मक और सभी का ध्यान आकर्षित करने वाला होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी पहले से ही 'इंडिया' गठबंधन के भीतर विभिन्न गतिविधियों और पहल के समन्वय की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, हमने संप्रग में गठबंधन सहयोगियों के साथ बहुत सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम किया और मुझे लगता है कि यह चलन 'इंडिया' में भी जारी रहेगा। देवड़ा ने कहा कि उन्हें गठबंधन सहयोगियों के बीच विकसित हो रहे तालमेल को देखकर सुखद आश्चर्य हुआ है। उन्होंने कहा, इसका सबसे अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र में है। मैं ऐसे एक भी व्यक्ति को नहीं जानता जिसने कभी कल्पना की होगी कि कांग्रेस और शिवसेना एक साथ आ सकती हैं।

# फेल होने का डर अपनी ताकत को करता है कम : धनखड़

**झुंझुनूं,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि फेल होने का डर अपनी ताकत को कम करता है। इसलिए असफलता का भय नहीं रखना चाहिए। धनखड़ आज झुंझुनूं जिले के दोरासर स्थित सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं उसमें खुल कर आगे बढ़ें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आते थे, उन्हें डर लगने लगा था कि यदि वे प्रथम नहीं आए, तो क्या होगा। आज सोचते हैं कि प्रथम नहीं आकर दूसरे, तीसरे या चौथे स्थान पर भी रहते, तो भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि वह झुंझुनूं सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के बैच को राज्यसभा की कार्यवाही को देखने के लिए बुलाएंगे। धनखड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश का भविष्य हैं। सैनिक स्कूल से जो भी विद्यार्थी निकलता है वो चाहे किसी भी क्षेत्र में जाए अच्छा ही करता है। उन्होंने कहा कि आज झुंझुनूं सैनिक स्कूल में आने पर उन्हें



**उपराष्ट्रपति ने सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को किया संबोधित**

वो दिन याद आ गया है जब वे पहली बार सैनिक स्कूल में बतौर विद्यार्थी गए थे। उन्होंने कहा कि वे एक गांव से निकलकर पहली बार शहर गए थे और सैनिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ने उनकी जीवन की नींव रखी।

उपराष्ट्रपति ने कहा मैं वादा करता हूं कि झुंझनू सैनिक स्कूल की प्रगति में हर छह महीने में नया आयाम मिलेगा। उन्होंने करीब 19 मिनट तक बच्चों से संवाद किया। उन्हांने कहा वह भी चितौड़गढ़ सैनिक स्कूल के विद्यार्थी रहे है। आपके बीच में आकर स्कूल के दिनों की शरारतों और अन्य पल याद आ गए है।

## उपराष्ट्रपति ने सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के किए दर्शन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को झुंझुनूं में श्री सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के दर्शन किए। धनखड़ ने सूर्य मंदिर में पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ पूजा अर्चना की और सभी के प्रसन्न, संपन्न और ऊर्जावान होने की कामना की। इसके बाद धनखड़ ने सोशल मीडिया पर कहा सूर्यदेव को नमन, मैं श्री सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के दर्शन करके धन्य हो गया। भगवान सूर्यदेव समस्त लोकों की ऊर्जा का स्रोत है, जीवन आधार है, जगत का प्रकाश स्तंभ है।

## सार संक्षेप

### हिरासत में लिए राजपूत सभा के नेताओं को किया रिहा

**जम्मू।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बुलाए गए पूर्ण जम्मू बंद के एक दिन बाद, अधिकारियों ने रविवार को युवा राजपूत सभा के हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। युवा राजपूत सभा सांबा जिले में सरोर टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ आंदोलन कर रही है। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरोर टोल प्लाजा और स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के खिलाफ शनिवार को बंद का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं को रिहा कर दिया, जिन्हें 21 अगस्त को खराब सड़क व एक क्षतिग्रस्त पुल के कारण जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर सरोर प्लाजा में टोल संग्रह के निलंबन की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था।

### पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं। बैठक का आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से गृह मंत्रालय के तहत अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा किया जा रहा है।

### देश में कोरोना संक्रमण के 44 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को अपने ताजा अपडेट में कहा कि भारत में 44 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए हैं। 44 नए मामलों के साथ, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के कुल मामले 4,49,96,963 हो गए। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 45 लोग महामारी से ठीक भी हुए है, जिससे कोविड से ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,44,63,533 हो गई। रिकवरी रेट 98.91 फीसदी है। एक्टिव केसलोड 1,52 है, और मरने वालों की संख्या 5,31,928 है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 22.67 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं।

### नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख की चोरी

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया।

# जब्त ड्रग को छुपाने के आरोप में एसआई गिरफ्तार

**हैदराबाद,**27 अगस्त (एजेंसियां)। हैदराबाद में एक पुलिस उप-निरीक्षक (एसआई) को छापेमारी के दौरान जब्त की गई ड्रग्स का कुछ हिस्सा छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम स्टेशन में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर के.राजेंद्र ने अपने पास लगभग 1,775 ग्राम एमडीएमए रखा था। इसे वह कथित तौर पर बेचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी हाल ही में एक साइबर अपराध मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र गए थे और कुछ संदिग्धों को पकड़ा था। संदिग्धों के घर की तलाशी के दौरान उनके हाथ एमडीएमए ड्रग वाला पैकेट लग गया और उन्होंने उसे अपने पास रख लिया था। जब्त सामान के बारे में उन्होंने उच्च अधिकारियों को नहीं बताया। इसकी जानकारी मिलने पर तेलंगाना राज्य एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने टीएसएनएबी के निदेशक और हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद को एक रिपोर्ट सौंपी। एसआई के खिलाफ रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके घर से ड्रग जब्त कर शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



**कमलनाथ ने लाड़ली बहना योजना पर भाजपा सरकार को घेरा,कहा**

# प्रदेश में डूबती नैय्या बचाने को रोज बदल रही मुखौटे

**भोपाल,**27 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर वादो और दावों की सियासत तेज है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाडली बहना सम्मेलन के बाद कमलनाथ ने भाजपा को चित करने जनता को 11 बड़ी सौगात देने का वादा किया है। साथ ही बड़ा हमला करते हुए कहा कि शिवराज सरकार जनता को राहत देने नहीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या को बचाने रोज मुखौटे बदल रही है।

पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने रविवार को मध्य प्रदेश की जनता को 11 वचन दिए है। इसके साथ पीसीसी चीफ ने कहा कि अपने 11 वचनों के साथ मध्य प्रदेश के हर घर में खुशहाली लाने के संकल्प के साथ आपके बीच है। मध्य प्रदेश की जनता को सुनिश्चित करना है कि वोटों की बोली लगाने वाली सौदागर सरकार के नापाक मंसूबे कामयाब न हों। अब सच्चाई की राजनीति को ही समर्थन और आशीर्वाद मिले। कमलनाथ ने कहा कि मैं बार-बार दोहरा रहा हूं कि भाजपा सरकार इस समय जनता को राहत देने के



**वोटों की बोली लगाने वाली सौदागर सरकार के नापाक मंसूबे कामयाब न हों : कमलनाथ**

लिए बनीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या बचाने के लिए रोज मुखौटे बदल रही है। 18 साल के शासनकाल के बाद भी जिन्हें चुनावी चाल चलना पड़े, वो दल और उनकी सरकार बनावटी, दिखावटी और सजावटी है। जो जनता को कभी हित नहीं कर सकती है। महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का हाफ, किसानों का सपुल कर्ज माफ होगा, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, किसानों को 5 हॉर्स पावर बिजली बिल माफ, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का लाभ, 12 घंटे सुनिश्चित सिंचाई बिजली का रास्ता साफ, जातिगत जनगणना का लाभ और किसान आंदोलन के मुकदमे माफ। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन से पूर्व रविवार को बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। उन्होंने कहा कि बहनों को प्रतिमाह दी जा रही राशि एक हजार रूपए के स्थान पर अब अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। चौहान ने रक्षाबंधन के अवसर पर जंबूरी मैदान में लाड़ली बहना सम्मेलन में महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रुप में 250 रुपए दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे।

## गरीब लोगों पर भाजपा का बढ़ता जा रहा अत्याचार : दिग्विजय



मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक दलित युवक की हत्या के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति व जनजाति के गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। संत रविदास महाराज का मंदिर बनाने से इन गरीबों का भला नहीं होगा। इन्हें अधिकार देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं रक्षाबंधन पर पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। सागर जिले के खुरई थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बरोदिया नौनागिर में 24 अगस्त की रात एक युवक नितिन अहिरवार की आरोपियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के दौरान बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी। महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एनडीए का अमीबा की तरह कोई निश्चित आकार नहीं : उद्धव ठाकरे

**हिंगोली/महाराष्ट्र,27 अगस्त (एजेंसियां)।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तुलना अमीबा से करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले मोर्चे का कोई निश्चित आकार और माप नहीं है। विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया (अहंकारी) और इंडियन मुजाहिदीन कहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा कि एनडीए को घमा-एनडीए कहा जाना चाहिए। महाराष्ट्र के हिंगोली में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव से यह स्पष्ट करने के लिए कहा कि वह इंडिया गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में चुनावी राजनीति में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे बीआरएस का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा यदि आप देश के साथ हैं, तो इंडिया गठबंधन में शामिल हों या खुले तौर पर भाजपा के साथ अपने गठबंधन की घोषणा करें। वोटों को विभाजित न करें। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ने कहा, बीआरएस को पहले अपने राज्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो अच्छी स्थिति में नहीं है।

**■ इंडिया को घमंडिया कहने पर मोदी पर साधा निशाना**



**एनडीए को घमा-एनडीए कहा जाना चाहिए : उद्धव ठाकरे**

## भाजपा को हरा देगा इंडिया गठबंधन

उद्धव ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा देगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने बीआरएस प्रमुख राव से यह तय करने को कहा कि वह देश के लिए लड़ रहे हैं या भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन में राष्ट्रवादी पार्टियां शामिल हैं, जो देश में लोकतंत्र की रक्षा करना चाहती हैं। लेकिन एनडीए के अधिकांश पार्टियों में गद्दार और वे लोग शामिल हैं जो अन्य पार्टियों को तोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं।

# एसटीए पोंजी घोटाले में आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी

**भुवनेश्वर,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई) ने सैकड़ों करोड़ रुपए सोलर टेक्नो एलायंस (एसटीए) क्रिप्टो पोंजी घोटाले के मुख्य आरोपियों में से तीन लोगों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिन तीन आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी की गई है, उनमें राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी कृष्ण कुमार, राजस्थान के श्री-गंगानगर निवासी अनिल कुमार और राजस्थान के नागौर निवासी भूरा राम शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक ये तीनों गुरतेज सिंह सिद्धू के करीबी सहयोगी हैं और योजना के वित्तीय और तकनीकी प्रबंधन की देखभाल करते हैं। वे शीर्ष कमाई करने वाले भी हैं और एसटीए पिरामिड के शीर्ष पदानुक्रम में आते हैं। इससे पहले ओडिशा अपराध शाखा के ईओडब्ल्यू ने रविवार को यहां बताया कि हंगरी के नागरिक और एसटीए क्रिप्टो पोंजी घोटाले के प्रमुख डेविड गीज (32) के खिलाफ एलओसी जारी की गई है। लुक आउट सर्कुलर ओडिशा क्राइम ब्रांच के ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर जारी किया गया है, जिसने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गए लोगों में एसटीए क्रिप्टो टोकन के भारत के प्रमुख एवं पंजाब के फरीदकोट निवास गुरतेज सिंह सिद्धू (40) फरीदकोट, एसटीए के ओडिशा प्रमुख एवं भद्रक के निरोद दास और रत्नाकर पल्लई शामिल हैं।

# जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती

**कोलकाता,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में रैगिंग के कारण हुई मौतों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परिसर में 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने और इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आउटसोर्स सुरक्षा गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, परिसर के सभी प्रवेश द्वारों और छात्रों के छात्रावास के प्रवेश बिंदु सहित परिसर के विभिन्न कोनों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

**■ 26 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित जेयू में 10 अगस्त को एक नये छात्र का शव मिला था। सभी सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होंगे और नेटवर्क से जुड़े होंगे जो किसी दुर्घटना की





रिपोर्ट करने से पहले सभी संभावित त्रुटियों को ध्यान में रखता है और झूठे अलार्म की दर को कम करता है। ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा वाले 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमानित लागत लगभग 38 लाख रुपए होगी। जादवपुर विश्वविद्यालय मौजूदा आउटसोर्स गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों की तैनाती करेगा, जिसके लिए निदेशालय पुनर्वास क्षेत्र (पूर्व) को पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि कुल 30 पूर्व सैनिकों को इस उद्देश्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

**तैयारी** *मध्य प्रदेश में एनजीटी जज का तबादला*

# बांध स्थल अतिक्रमण पर सरकार की निष्क्रियता पर उठाए थे सवाल

**भोपाल, 27 अगस्त (एजेंसियां)। बांध स्थल अतिक्रमण पर मध्य प्रदेश सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाने वाले न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल का राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में ट्रांसफर कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, न्यायमूर्ति एसके सिंह अब मुख्य बेंच की कमान संभालेंगे।**

रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता वाली मध्य प्रदेश एनजीटी की सेंट्रल बेंच ने भोपाल में कलियासोत और करवा बांध स्थल के आसपास निषिद्ध क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने में राज्य सरकार की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त थी। साथ ही ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसके एक हफ्ते बाद न्यायमूर्ति अग्रवाल का दिल्ली ट्रांसफर किया गया है।





एनजीटी ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की पूरी व्यवस्था अक्षम लगती है क्योंकि मामले का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील सुनवाई के दौरान ठीक से बहस करने के बजाय तारीख बढ़ाने की मांग करते हैं। गौरतलब है कि एनजीटी ने 2014 में नदी तल की 33.3 मीटर की परिधि के भीतर अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया था। एनजीटी ने आदेश के अनुपालन के लिए एक माह का समय दिया था।

**■ एनजीटी की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में किया तबादला**

**■ ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था**

ट्रिब्यूनल ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस से यह भी पूछा था कि क्या उन्होंने आदेश पढ़ा है। ट्रिब्यूनल ने आगे कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी है। एनजीटी की टिप्पणी से चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह (एलओपी) और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के विस्तार पर सवाल उठाया है। भोपाल में कलियासोत और करवा बांध के किनारे कई मल्टी स्टोरीज का निर्माण किया गया है, जिस पर याचिका में सवाल उठाया गया है।

कलियासोत नदी तल से 33.3 मीटर के भीतर अवैध निर्माणों के सीमांकन के एनजीटी के आदेश से कोलार सैटेलाइट टाउनशिप में लगभग 40,000-50,000 लोग और लगभग 30 आवासीय कॉलोनियां प्रभावित होंगी। इस महीने 18 अगस्त के एनजीटी के आदेश के बाद, जल संसाधन विभाग, भोपाल नगर निगम और जिला प्रशासन कलियासोत नदी तल की माप करने और नदी तल और जलग्रहण क्षेत्रों में पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) स्तंभों का सत्यापन करने के लिए कार्रवाई में जुट गए थे।

देशबन्धु



बिलासपुर, सोमवार 28 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बच्चों तक फैलता नफ़रत का ज़हर

किसी भी सभ्य व्यक्ति को भीतर तक हिलाकर रख देने वाले मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के एक गांव के स्कूल के वायरल वीडियो ने बतला दिया है कि परस्पर घृणा का जहर बच्चों की नसों में तक दौड़ रहा है। इसमें एक निजी स्कूल की पांचवी कक्षा के बच्चे शिक्षिका के निर्देश पर एक मुस्लिम बच्चे को थप्पड़ मार रहे हैं। उस निरीह बच्चे की गलती मामूली सी रही होगी। शायद होमवर्क पूरा न करने या छोटी-मोटी शरारत की। जब बच्चे को उसके अन्य सहपाठी एक-एक कर थप्पड़ जड़ रहे थे तो वह शिक्षिका मुस्लिमों के खिलाफ सतत उवाच कर रही थी। वह बच्चों को और जोर से मारने के लिये भी उकसा रही थी। एक बच्चे को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर पिटवाना यह बताने के लिये काफी है कि ज़हर की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है और हमारे राजनीतिज्ञ इतनी फसल ले लेना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों तक को कमी न रहे। रूह कांप जायेगी यह सोचकर कि जिस बच्चे ने मार खाई और जो बच्चे अपने अल्पसंख्यक मित्र को सहर्ष पीट रहे हैं, दोनों किस मानसिकता के साथ बड़े होंगे और कैसा समाज रचेंगे।

अगर इस नफ़रत के स्रोत और जिस रास्ते से चलकर वह पीटने वाले बच्चों के दिलो-दिमाग में जा समाई है, उसकी शिनाख़्त करें तो कुछ बातें साफ हैं। पहली यह कि गैर बराबरी पर आधारित हमारी सामाजिक संरचना में एक-दूसरे के लिये नैसर्गिक आदर व सहज प्रेम का अभाव तो रहा है जो कहीं-कहीं तीव्र घृणा के स्तर तक पहुंच जाता है, तो भी देश के कुछ धर्म प्रवर्तकों, बड़े चिंतकों, दार्शनिकों, समाज सुधारकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक नेतृत्व करने वाले लोगों ने इसका असर अधिक नहीं होने दिया था। तमाम तरह की वैचारिक विभिन्नताओं और विविधतापूर्ण जीवन शैलियों के बीच बने-बढ़े समाज ने मान्यताओं व नज़रियों के अंतर के साथ जीना सीख लिया था। यहां तक कि हिन्दू धर्म से एकदम अलग तरह के धार्मिक विश्वासों को लेकर आये ईसाइयों, मुसलमानों, यहूदियों, पारसियों आदि के साथ भी यहां के लोग थोड़ी बहुत खटपट के साथ जीते हुए समावेशी समाज का ताना-बाना बचाये व बनाये रखने में कामयाब रहे। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि बहुतायत वाले इसी हिन्दू धर्म से बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म निकले, अनेक तरह के सम्प्रदाय बने और कई तरह की उपासना पद्धतियां निर्मित हुईं; पर सभी की आपस में निभती रही। इसी बहुरंगी समाज ने भारतीय कुनबे को शक्तिशाली बनाया जो जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहा, फिर वह चाहे वे कलाएं हों या साहित्य, विज्ञान हो अथवा दर्शन।

भारत में विविधता के बीच जो एकता थी, उसने फिरंगियों के खिलाफ स्वतंत्रता पाने के पहले संग्राम को मिल-जुलकर लड़ने की प्रेरणा दी। इसकी नाकामी के बावजूद एक संगठित समाज फिर से बना जिसने अपनी आजादी की लड़ाई के लिये खुद को नये सिरे से तैयार किया। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता की राह पर देश के प्रमुख सम्प्रदायों- हिन्दुओं एवं मुसलमानों को साथ लिया लेकिन दोनों समुदायों के बीच मौजूद फिरकापरस्त तत्वों ने परस्पर वैमनस्यता को हवा दे दी। मुस्लिम लीग ने अपने लिये अलग देश बनाया और भारत में हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देश के बंटवारे के बाद भी साम्प्रदायिकता नहीं छोड़ी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस खाई को खत्म करने के लिये विकास व खुशहाली को हथियार बनाया। जो कट्टर तत्व सत्ता से दूर रहे वे उस तक पहुंचने के लिये घृणा के मार्ग पर चलते रहे और यह भी मानते रहे कि अलग धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा अपनाने में कोई बुराई नहीं। इसकी प्रेरणा भी उन्हें उसी धर्म से मिलती रही जिसे कतिपय अपरिहार्य कारणों से मध्य युग में युद्ध का सहारा लेना पड़ा था।

बहरहाल, सभी धर्मों की कट्टरता को पूर्ववर्ती सरकारों ने दबाये रखा। बेशक, कई प्रकरणों में उन्हें सफलता नहीं मिली पर नफरत व हिंसा का समर्थन किसी भी सत्ता ने कभी नहीं किया। यह हाल का फिनोमिना है। आरएसएस की राजनैतिक विंग भारतीय जनता पार्टी की ताकत बढ़ने के साथ यह भावना बढ़ी, साथ ही साम्प्रदायिक हिंसा व घृणा आधारित घटनाएं भी। 1991 में अयोध्या की बाबरी मस्जिद को ढहाया गया और उसके कारण भाजपा ताकतवर होती चली गई, तो इस फार्मूले को आगे भी अपनाये जाने हेतु धर्म राजनैतिक विमर्श के केन्द्र में आ गया। जब धर्म आ ही गया तो साम्प्रदायिक सोच पर आधारित सियासत का बोलबाला हुआ जिसके दो पाये घृणा व हिंसा ही हैं। 2002 में गुजरात का गोधरा कांड अंतत: भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में पहली तथा 2019 में दूसरी बार सत्ता के शीर्ष पर बिठाने में कामयाब रहा।

अब यही देश का नया राजनैतिक विमर्श है। तमाम तरह की नीतियों व योजनाओं की नाकामयाबी के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिये सामाजिक ध्रुवीकरण भाजपा के लिये अपरिहार्य हो गया है। उसके पिछले करीब 9 वर्षों के कार्यकाल में हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान, नमाज़ बनाम हनुमान चालीसा, कपड़ों से पहचान- जैसे मुद्दे सिर चढ़कर बोल रहे हैं। मुजफ्फरनगर, कैराना या दिल्ली के दंगे हों अथवा हाल में हुई मणिपुर, नूंह की वारदातें या फिर जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में मुस्लिमों को चुन-चुनकर मारना- सारी उसी सामाजिक-राजनैतिक विमर्श की किश्तें हैं। नेता हो या प्रजा, महिलाएं हों या पुरुष, बच्चे हों या शिक्षक- सत्ता के साथ सभी ने इस संस्कृति को आत्मसात कर लिया है। हर कोई यही होता देख रहे हैं। मुजफ्फरनगर की इस घटना से सावधान होने की ज़रूरत है क्योंकि पानी अब खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा है।

# मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज

संयोजक बनाना, 11 सदस्यीय संचालन समिति बनाना, लोगो इशु करना सब अच्छी बात है। एक दो और दलों का भी शामिल होना और अच्छी बात है! मगर जनता के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उसे देने के लिए आप क्या घोषणा करने वाले हैं?

कामन मिनीमम प्रोग्राम अलग बात है। वह बड़ा फलसफा होता है। यहां मुंबई से 1942 की तरह घोषणा होना चाहिए- 'सरकार छोड़ो!'

मुंबई अधिवेशन था तो कांग्रेस का मगर आज की तरह उस समय भी सारी जन समर्थक ताकतें एक हो गई थीं और अंग्रेजों के बढ़ते जुल्म से त्रस्त जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाह से देखने लगी थी। इधर-उधर की बातों, घुमा-फिराकर कहने का समय चला गया था। सीधी कार्रवाई, डायरेक्ट एक्शन का वक्त आ गया था। महात्मा गांधी के आंदोलन शुरू करते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसी अगस्त महीने की 8 तारीख को मुबंई में वह ऐतिहासिक हुंकार भरी- 'अंग्रेजों भारत छोड़ो!'

समय अब कम बचा है। छह महीने बाद मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और जिस तरह की चर्चाएं राजनीतिक क्षेत्रों और ब्यूरोक्रेसी में चल रही हैं उन्हें देखते हुए तो कहा जा सकता है कि चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं। कभी भी। मोदी सरकार का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। 'इंडिया' का ग्राफ चढ़ रहा है। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन ज्यादा ताकतवर बने प्रधानमंत्री मोदी चुनाव करवा सकते हैं।

इसलिए इस मुंबई बैठक को विपक्ष को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। दो स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक नफरत और विभाजन के खिलाफ कड़ा मैसेज देने की। दूसरे सारी जनता की चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग हो उसकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं उसके लिए सरकार में आने के बाद हम क्या करेंगे उनकी जिन्दगी कैसे आसान होगी इसकी दो-तीन बड़ी घोषणाएं! राहुल की गारंटी की तरह जो उन्होंने कर्नाटक में दी थीं और नतीजे में उन्हें वहां जीत मिली। ऐसे ही मुंबई से नए बने संयोजक को घोषणा करना चाहिए।

इंडिया के पास नेता अच्छे हैं। जनता का समर्थन है। बस एक क्लिक की जरूरत है। संयोग है कि 81 साल बाद विपक्ष की बैठक मुंबई में ही हो रही है। सब को वह इतिहास याद होगा। इन 26 दलों में जो 31 अगस्त मुंबई बैठक तक 27, 28 भी हो सकते हैं और उसके बाद भी इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा सकती है। क्योंकि यह विनिंग काम्बिनेशन ( जीत रहा गठबंधन) है कोई ऐसा नहीं है जो आजादी के लिए किए गए संघर्षों और त्यागों को नहीं जानता हो। अच्छा है वे सब सामने खड़े हैं विरोध में हैं जो इस तरह की बातें करते हैं कि 1947 में अंग्रेज खुद ही अगस्त की गर्मी और उमस से परेशान होकर चले गए थे। जनता ने कोई स्वतंत्रता संग्राम नहीं लड़ा और वैसे भी आजादी 2014 में मिली। उससे पहले तो और यह खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। मतलब आज जिसकी उम्र 9 साल है उससे बड़े सब जिसमें उसके माता-पिता भी शामिल हैं किसी मतलब के लोग नहीं थे। केवल शर्म से सिर झुकाए लोग थे। और यह भी प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था कि सोचते थे किस बेकार देश में पैदा हो गए!



शकील अख्तर

> सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।

तो साढ़े 9 साल इन बातों में निकल गए। जनता को कुछ नहीं मिला। सिवा नफरत के। गरीबी बढ़ने के। सरकारी चिकित्सा, शिक्षा खत्म होने के। नौकरियां जाने के।

आदमी को आदमी का दुश्मन बना दिया है। हर कोई हर किसी से लड़ रहा है। मणिपुर में तो गृह युद्ध छेड़ ही दिया। बाकी देश में भी कई कई स्तरों पर उसी तरह का विभाजन कर दिया। मुसलमानों के साथ तो हो ही रहा है। मगर दलित, आदिवासी, पिछड़ों के साथ कई गुना बढ़ गया। बच्चों तक में साम्प्रदायिकता भर दी। एक बच्चे को टीचर द्वारा दूसरे बच्चों से पिटवाने का दृश्य किसी को भी विचलित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के ही एक पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि- अगर ये मेरा बच्चा होता तो मैं क्या कर देता कह नहीं सकता। वीडियो देखने के बाद रात भर सो नहीं पाया।

यही सच्चाई है। राममनोहर लोहिया ने एक बार जयप्रकाश नारायण को लिखा था कि- यह बात आप ही कहें। जनता सुनेगी। आप परिवार वाले आदमी हैं। मैं तो अकेला हूं। (लोहिया अविवाहित थे)

उस बच्चे का दर्द हर मां-बाप अगर वह इन्सान है तो उसके दिल में उतर गया होगा। ऐसे ही नफरत का जहर हर तरफ फैल गया है। अभी मुज्जफरपुर का दर्द कम नहीं हुआ था कि मध्यप्रदेश सागर में एक 18 साल के दलित लड़के के पीट-पीट कर मार डाले जाने की खबर आ गई। युवक नितिन अहिरवार को बचाने आई उसकी मां को भी मारा और फिर नफरत इतनी कि मृतक के घर जाकर तोड़फोड़ की। इससे पहले मध्यप्रदेश का ही एक वीडियो और आया जिसमें दलित युवा को मारते हुए पहले उससे जय श्रीराम कहलवाया गया और फिर कहा बोलो ठाकुर तुम्हारे बाप हैं। यह घृणा और विभाजन की राजनीति ही है। इतनी घटनाएं हुई हैं कि गिनना मुश्किल है और सब के साथ। मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने पेशाब करके एक नई शुरूआत की थी। वह आगे बढ़ गई। छतरपुर में पुलिस ने एक पत्रकार मिंटू दुबे के मुंह पर पेशाब किया और जेल पहुंचा दिया। वहां नफरत के मारे ब्राह्मण ने पेशाब किया था यहां ब्राह्मण पर पेशाब किया गया। नफरत क्या किसी को छोड़ती है? जो जहां कमजोर होगा वह शिकार बनेगा और इसके उलट प्रेम जो जहां कमजोर होगा वह ज्यादा प्रेम पाएगा।

जातिगत जनगणना के आंकड़े आ जाने दीजिए। मालूम पड़ जाएगा कि संख्या किसकी भारी है। तो अगर प्रेम की राजनीति वापस आ गई तो कम संख्या वाला भी प्रेम और सम्मान पाएगा और अगर ऐसी ही नफरत की राजनीति चलती रही तो जैसा कि आंकड़ों का पूर्वानुमान है ओबीसी सबसे बड़ी ताकत के रूप में आएंगे और बाकी सवर्णों की तादाद काफी कम होगी तो क्या होगा?

बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है। आंकड़े कभी भी आ सकते हैं और उसके बाद ओबीसी पूरे देश में इसे करवाने का बड़ा माहौल बना देंगे।

मूल सवाल दो ही हैं। एक- संख्या के हिसाब से सरकारी योजनाओं में लाभ मिलना। ऊपर जिस कर्नाटक की बात की वहां राहुल ने अपनी गारंटियों के साथ जातिगत जनगणना करवाने की मांग करते हुए 'जितनी आबादी उतना हक' की बात कही थी। उनसे पहले कांशीराम ने चालीस साल पहले 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा देकर पासा ही पलट दिया था।

अब जातिगत जनगणना को नहीं रोका जा सकता। भाजपा की हिन्दू मुसलमान की राजनीति की काट यही करेगी और विपक्ष को मालूम है कि यही जहर सबसे खराब है। इसके नशे में लोगों को अपनी बेरोजगारी, महंगाई, बच्चों के लिए बंद सरकारी स्कूल, अपने वृद्ध मां-बाप के लिए बंद सरकारी अस्पताल कुछ नहीं दिख रहे। वह मारो-मारो के साम्प्रदायिक नशे में जी रहा है।

सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# असुरक्षित स्त्रियां

**■ कुमार कृष्णन**

देश में हर रोज लड़कियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं इस बात का सुबूत हैं कि चांद-सितारों तक पहुंच चुके हम ऐसे समाज में रहते हैं जिसकी सोच का दायरा लड़कियों के लिए हैवानियत से भरा है। हाल में देश में बेटियों के साथ ज्यादती की जो खबरें आई हैं, जिससे पूरा देश सहम गया है और मानवता शर्मसार है। निर्भया कांड, फिर कठुआ रेप कांड, सूरत कांड...कितने कांडों की गिनती करें? कुछ का तो हमें पता भी नहीं चल पाता क्योंकि वो खबरों में शामिल नहीं हो पातीं, थाने में इनकी शिकायत तक दर्ज नहीं होती।

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि शहर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आंकड़ों के मुताबिक, बच्चों से जुड़े अपराधों में 10.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के प्रति अपराध भी बढ़े हैं। उनके प्रति अपराध में 12.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि कम उम्र की बच्चियां किस हद तक असुरक्षा के वातावरण में रह रही हैं।

> राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें।

इससे निपटने के लिए कई कानून बनाए गए हैं, फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं, इसके बाद भी दरिंदगी की रोकथाम नहीं हुई। उलटे यह दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। केवल कानून बना देने और उसमें कड़े दंड के प्रावधान कर देने से महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाली दरिंदगी रोक पाना शायद ही संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और परिवार को भी सोचना होगा कि यह दरिंदगी आ कहां से रही है।

पिछले 11 वर्षों के परिणामों पर नजर डालें, तो यौन अपराध और दरिंदगी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। यह कैसे कम होगी? हम कानून बनाकर भूल गए हैं कि इससे अपराध पर नियंत्रण हुआ है या नहीं। अपराध बढ़ने के कौन-कौन से कारण हैं? उन कारणों को दूर करने की दिशा में शासन, प्रशासन और सामाजिक स्तर पर कोई प्रयास किए गए हैं या नहीं? सरकार और महिला संगठन यदि सोचते हैं कि दरिंदगी और यौन अपराधों से कानून बनाकर अथवा दंडित करके निपटा जा सकता है, तो यह बेमानी है।

यदि ऐसा होता तो अभी तक यौन अपराधों पर नियंत्रण पा लिया गया होता। नियंत्रण की बात तो दूर, यौन अपराध और दरिंदगी बढ़ती जा रही है। कड़े कानूनों के कारण यौन अपराध करने वाले लोग दरिंदगी करते हैं। सबूत को मिटाने के लिए महिलाओं और बच्चियों को मार डालने तक का कुकृत्य करते हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के साथ उनकी जान भी जा रही है।

कानून और नियम जो भी बनाए जाएं, वे सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। यदि कोई अपराध करता हुआ पाया जाता है, तो उसे उस अपराध की कड़ी-से-कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून की आड़ में सुनियोजित अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगती हैं तो इस तरह के नियम, कानून बनाने से सरकार को बचना भी चाहिए। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं तथा यौन अपराधों को रोकने के लिए समग्र चिंतन किए जाने की जरूरत है।

छोटी-छोटी बच्चियों से की गई क्रूरता क्या किसी भी धर्म-संप्रदाय या किसी भी समाज के लिए सही है? यह सुनकर जरूर हमारी नसें फूल जाती हैं, हम क्रोधित होते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद सब सामान्य हो जाता है, फिर एक नई घटना तक के लिए। हर साल 'एनसीआरबी' महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े जारी करता है जिसे देखकर पता चलता है कि इस साल, इस राज्य में बलात्कार, छेड़खानी या दहेज हत्या की इतनी घटनाएं हुई हैं।

ये आंकड़े पुलिस में दर्ज शिकायतों के आधार पर होते हैं। बलात्कार के मामले में कभी कोई राज्य आगे रहता है, कभी कोई। अगर कहीं आंकड़े पिछले साल की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में कम हुए, तो उनका बखान भी बढ़ा-चढ़ा कर होता है, मानो आंकड़े कम नहीं हुए, बलात्कार की घटनाएं ही ख़त्म हो गईं।

अगर ऐसा हो पाता तो महिलाओं के लिए ये देश वाकई स्वर्ग बन जाता। फिलहाल तो यहां महिला होना और उस पर गरीब, दलित या अल्पसंख्यक होना ही अभिशाप की तरह हो गया है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई इंतजाम मजबूत बनाने का दावा करने वाली सरकारें यह नहीं कर पाई हैं, लेकिन चुनावों में महिला सुरक्षा के वादे ऐसे बढ़-चढ़कर होते हैं, मानो किसी की सरकार बन गई तो महिलाएं वाकई बेख़ौफ़ होकर आधी रात को भी निकल सकेंगी।

वैसे राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें, यह विचारणीय है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## पावन प्रसंग

### सावन में पाएं शिवकृपा

माना जाता है कि सावन में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं ऐसे में सृष्टि की कमान भगवान शिव के हाथों में रहती हैं। इस चौमासे के दौरान शिवशक्ति की आराधना अभिन्न रूप से जुड़ी रहती है जिसमें भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े व्रत-त्यौहार आदि मनाए जाते हैं।

भारत वर्ष में सावन का महीना एक विशेष कालखंड है, जब प्रकृति अपने पूरे वैभव में होती है। ग्रीष्म ऋतु की झुलसती तपन के बाद, गर्मी के कहर को झेलती धरती पर बारिश की फुहार के साथ एक नए जीवन का शुभारंभ होता है। जुलाई से अगस्त के बीच का यह समय आस्था का प्रतीक भी है, जिसमें भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है।

आश्चर्य नहीं कि हर व्यक्ति के जीवन में इसकी मस्ती का आलम कुछ यों छाया रहता है कि यह माह हर वर्ष स्मृतिकोश में नई यादों को जोड़ता है। हालांकि धरती के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक कोप एवं आपदा की घटनाएं भी इस दौरान घटित होती हैं, जिनमें से अधिकांश मानव निर्मित रहती हैं। श्रवण नक्षत्र वाली पूर्णिमा के कारण इस माह का नाम श्रावण पड़ा है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष का यह पांचवां माह है, जो सबसे पवित्र माहों में से एक है। यह धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, जब भक्तिमय गीत-संगीत, धार्मिक अनुष्ठानों एवं आध्यात्मिक साधनाओं के साथ वातावरण गुंजायमान रहता है।

रक्षाबंधन, नागपंचमी, हरितालिका तीज, गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व त्यौहार इसी बीच पड़ते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव सावन माह की पूर्णिमा के 7 दिन बाद अष्टमी के दिन मनाया जाता है। सावन में वैसे तो सभी दिन खास रहते हैं, लेकिन सोमवार का विशेष महत्व रहता है, जिनकी संख्या 4 से 5 रहती है, इस दौरान कुंवारी कन्याओं के लिए 16 सोमवार के व्रत का विधान रहता है, मान्यता है कि इनका नैष्ठिक पालन करने से उन्हें भगवान शिव जैसा जीवन साथी मिलता है। इस दौरान कृष्णपक्ष का विशेष महत्व रहता है, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। सावन माह में शिव भक्ति के साथ कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। मरकंडू ऋषि के पुत्र मार्कण्डेय दीर्घायु के लिए सावन माह में घोर तप कर शिवकृपा के अधिकारी बने थे, जिसके बल पर मृत्यु के देवता यमराज भी उनके समक्ष नतमस्तष्क हो गए थे।

दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव सावन माह में धरती पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और जहां अर्ध्य और जलाभिषेक के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं और पृथ्वीवासियों के लिए शिव की कृपा को प्राप्त करने का यह उत्तम समय रहता है। फिर सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था। समुद्रमंथन से निकले हलाहल कालकूट को सृष्टि के रक्षार्थ भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था इसलिए नीलकंठ कहलाए। विष की उष्णता के शमन हेतु देवी-देवताओं ने जल अर्पित किया था। इसी कारण सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान सावन की शिवरात्रि के दौरान शिवालयों में गंगाजल के अभिषेक के प्रतीक कांवड़ मेले का आयोजन होता है। शिवभक्त कंधों पर गंगाजल लिए निकटस्थ शिवालयों में जाकर जल चढ़ाते हैं, भोलेनाथ को अपनी आस्था का पुण्य स्नान कराते हैं और तीर्थयात्रा के साथ अपने जीवन को धन्य बनाते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण ट्रेन हादसा

अनुशासनहीनता और अनदेखी के कारण घटना के शिकार होते हैं। आज देश में अनहोनी घटित हो रही है। कानून को धत्ता बता कर और नियमों का पालन नहीं करने की वजह से दुर्घटनाएं होती है। मदुरै की एक ट्रेन बोगी में सिलेंडर फटने से निर्दोष लोगों की मौत हो गई। ट्रेन में तीर्थयात्री सिलेंडर लेकर जा रहे थे। यह पुलिस की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पुलिस ने सिलेंडर ले जाते उस व्यक्ति को रोका होता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता और निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी पर उतारू यात्रियों ने हादसे को निमंत्रण दिया है। यह अनुशासनहीनता की निशानी है। ट्रेन में ज्वलन्त वस्तुओ को ले जाने की मनाई है। लेकिन इस तरह की लापरवाही से निर्दोष लोगों एवं खुद की जान चली गई। लोग ट्रेन में इस तरह की लापरवाही कर सिलेंडर ले जा सकते हैं तो सड़कों पर भी अपने मन की ही करते होंगे? तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती है और निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। दुपहिया वाहनों के चलते सामने आ रही लापरवाही से सड़क हादसे बढ़ रहे है। मदुरै रेल हादसा लापरवाही की पराकाष्ठा है। रेलवे पुलिस की अनदेखी ने इतने बड़े हादसे को अंजाम दिया गया। नियम और कानून सब के लिए समान है। नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। हर एक व्यक्ति को नियम का पालन करना होगा। छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे को निमंत्रण देती है। लोगों को पुलिस नियमों को बताने के लिए टोकती है तो नियमों की झड़ी लगा दी जाती है। विपरीत दिशा में पुलिस को ही नियम बताने वाले व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। हर व्यक्ति को देश के कानून का पालन करना होगा। क्योंकि कानून सबके लिए समान है। इसमें अमीर गरीब के लिए समान नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि नियमों में लापरवाही बरतने से घटनाएं होने की संभावना है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

**उल्टा पुल्टा**

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
पुलिसवाला- रुको!!
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिसवाला- अहा! इस दिन के इंतज़ार में तो मैं कई सालों से था। चलो, अब लिखो मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नही तोडूंगी, 100 बार...

# कांग्रेस का संकल्प शिविर आज, जुटेंगे दिग्गज

### मुख्यमंत्री भूपेश सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होंगे शामिल

### मतदान केंद्र ,प्रबंधन,बूथ मैनजेमेंट के लिए दिग्गज देगे टिप्स

### मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियां पर होगी चर्चा

### त्रिवेणी भवन में रहेगा जमावड़ा

**बिलासपुर** , 27 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। कल से दो दिनों तक बिलासपुर जिले की 6 विधानसभा सीट में आयोजित संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत संगठन पदाधिकारी एवं बूथ कमेटी को प्रशिक्षण देने के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेता शहर पहुंच रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर भाजपा ने भी घोषणा पत्र के बहाने दूसरे राज्यों के भाजपा विधायकों के साथ बिलासपुर जिले की 6 विधानसभा सीटों में आम जनता से फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के संकल्प शिविर से चुनावी तैयारी तेज हो जाएगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा विलोपित करने के लिए 30 अगस्त को अंतिम दिन है। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा और उसके बाद प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लगने की संभावना है। अरविंद शुक्ला, विनोद साहू तथा कांग्रेस के पार्षद दल सभापति संकल्प शिविर



की तैयारी में जुटे हैं। कांग्रेस के 44 वार्ड में निर्वाचित पार्षदों एवं हारे हुए प्रत्याशियों को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। आज शाम 5 बजे कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी त्रिवेणी परिसर में सुरक्षा कर्मियों के साथ जायजा लेंगे । वेणी परिसर में संकल्प शिविर में शामिल होंगे। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प शिविर 28 अगस्त को दोपहर 2.00 बजे त्रिवेणी भवन में होने जा रहा है। संकल्प शिविर मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू , मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी ,लोक सभा समन्वयक अजय उपाध्याय उपस्थित रहेंगे। संकल्प शिविर में प्रदेश पदाधिकारी,निर्वाचित जन प्रतिनिधि, संसदीय सचिव, विधायक , महापौर ,मण्डल, निगम, बोर्ड,आयोग ,अपैक्स बैंक, ज़िला सहकारी बैंक के पदाधिकारीगण, अरपा प्राधिकरण ,ज़िला पंचायत अध्यक्ष,निगम सभापति,एमआई सी सदस्य, पार्षददल, एल्डर मेन,पूर्व सांसद,पूर्व विधायक,शहर कार्यकारिणी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, राजीव मितान क्लब के सभी सदस्य,बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी, ज़ोन कमेटी के सदस्य ,पदाधिकारी गण ,एस सी प्रकोष्ठ, ओबीसी विभाग, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ,सोशल मीडिया, आईटी सेल,किसान कांग्रेस,विधि प्रकोष्ठ,व्यापार प्रकोष्ठ,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, सहित सभी मोर्चा ,विभाग,प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ,सदस्य गण सादर आमंत्रित है ।

कार्यक्रम के पूर्व सभी कांग्रेसजनों का ब्लाक स्तर पर पंजीयन होगा। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रो में संकल्प शिविर की जा रही है। 28 अगस्त को बिल्हा, तखतपुर, बिलासपुर विधान सभा मे एवं 29 अगस्त को बेलतरा, मस्तूरी, और कोटा विधानसभा मे होगी । पहले ब्लाक वाइज पंजीयन होगा । सोशल मीडिया टीम द्वारा शिविर स्थल पर शिविरार्थियों का सोशल मीडिया एकाउंट बनाएंगे ,साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशिक्षण सामग्री का वितरण सेवादल के द्वारा वितरण किया जाएगा । शिविर स्थल में संकल्प लिया जाएगा,जो प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी किया गया है। विजय पांडेय ने बताया कि मतदान केंद्र ,प्रबंधन,बूथ मैनजेमेंट मोदी सरकार के भ्रष्टाचार एवं जन विरोधी नीतियां,कांग्रेस सरकार की उपलब्धि नीतियां एवं इतिहास प्रदेश भाजपा की भ्रष्ट अवनजन विरोधी नीतियां विषय पर वक्तागण अपना विचार रखेंगे । आज त्रिवेणी भवन में विधायक शैलेष पांडे,शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडे,नगर निगम सभापति शेख नजीरूद्दीन ,प्रवक्ता ऋषि पांडे सहित अन्य कांग्रेसियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी लिया।

## संपादकीय

### सामाजिक-आर्थिक स्थिति की यह तस्वीर

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। यह हाल तब है जब स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों में राज्य को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस स्थिति पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है और इन परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में पिछली सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खर्च किए गए 4` करोड़ रूपए की राशि का दुरूपयोग होने की बात करते हुए केन्द्रीय एजेन्सी से जांच की मांग भी की है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य ही सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर पूरी मानव आबादी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे परिवारों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। इसी सर्वेक्षण में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। इस सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े ओर इन आंकड़ों के विश्लेषण के बाद राज्य सरकार इन परिवारों के लिए योजनाएं तैयार करेगी। वर्ष 211 के बाद देश में जनगणना नहीं हुई। अब तक 221 की जनगणना पूरी हो जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इस समय सरकार की जो योजनाएं चल रही है वे 12 साल पहले की जनगणना पर आधारित हैं। इन वर्षों में आर्थिक-सामाजिक स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। राज्य सरकार ने अपने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में इसका आंकलन कराया है। सरकार की योजना उन परिवारों को भी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिनका 211 की जनगणना पर आधारित गरीबों की सूची में नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष का राज्य सरकार पर आरोप है कि उसने केन्द्र द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों के लिए राज्यांश की राशि नहीं दी जिसके कारण राज्य में हजारों आवासहीन परिवारों के लिए आवासों का निर्माण नहीं हो सका। इन आरोपों पर राज्य सरकार का कहना है कि आवास निर्माण की प्रगति छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से अच्छी है और आवासों को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है। इन मुद्दों की चर्चा इसलिए भी इस समय महत्वपूर्ण हो गई है,क्योंकि राज्य में कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले हैं। आम जनता चुनावों में सहकारों का कामकाज परखती है और नतीजों के रूप में अपनी राय जाहिर करती है। वर्ष 218 के चुनावों में देखा गया कि किस तरह जनता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रही भाजपा को धूल चटा दी। 15 वर्षों बाद सत्ता संभालने वाली कांग्रेस की सरकार को काम करने का बड़ा मौका दिया। उसके 68 विधायक चुनकर आए थे। सरकार के कामकाज के आधार पर कांग्रेस आगामी चुनावों में एक और बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। उसने 75 पार का लक्ष्य रखा है। सरकार ने धरातल पर काम करने की कोशिश की है और उसकी विकास की परिकल्पनाओं में वह वर्ग प्राथमिकता में है जो सामाजिक-आर्थिक रूप में पिछड़ा हुआ है। उसका सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण इसी उद्देश्य से प्रेरित है।*

## सार-संक्षेप



### आदिवासी महापंचायत में संगठन विस्तार एवं सामाजिक एकता पर बल

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । जिले के कोटा विधानसभा में आदिवासी महा पंचायत का आयोजन सर्व आदिवासी समाज द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग शिव चेचाम कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोज मरावी वरिष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश चंद श्याम ब्लॉक अध्यक्ष विजय धुर्व व ब्लॉक अध्यक्ष परमेश्वर सिंह राज रहे। जिसमें आदिवासी समाज की 19 जाती प्रमुख एवं क्षेत्र के सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य गण युवा साथी बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे। इस कार्यशाला में कोटा क्षेत्र में आदिवासी समाज के सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक उपेक्षा एवं शोषण पर समाज प्रमुखों ने खुलकर अपनी बात रखी एवं आगामी विधानसभा चुनाव में रणनीतिक रूप से आदिवासी समाज की भूमिका क्या होगी इस पर भी समाज प्रमुखगनो ने खुलकर अपनी बात रखे इस अवसर पर युवा साथियों में खूब आक्रोश देखने को मिला वह युवाओं ने संगठन विस्तार एवं सामाजिक एकता पर बल देने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव रखें साथ ही सामाजिक प्रमुखों को संगठन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

### आवासपारा में मूलभूत सुविधाएं जुटाने आज़ाद युवा संगठन ने बनाई रणनीति




**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिसदा के वार्ड नं 4 में आज़ाद युवा संगठन की बैठक रखी गई। बैठक में वार्ड नं 4 एवं आवास पारा की मूलभूत सुविधाओं के निराकरण पर चर्चा करते हुए रक्षाबंधन बाद बिलासपुर जिला प्रशासन का घेराव करते हुए मूलभूत सुविधाओं का निराकरण करने की मांग की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा श्रीमती उर्वशी पालेकर संगठन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती कार्तिक बाई पैकरा,सुभवानतीं बाई पैकरा,लक्ष्मी बाई,पंचराम पटेल,कमलेश्वरी बाई,फिरतीं बाई,शैल कुमारी,रोहनी बाई,आरती,पांचों बाई,रेमुन बाई,संतोसी,उमा,मोहन बाई,हरेलिया बाई,अमेरिका बाई,मिलापा बाई,नीरस बाई,सुखमती बाई,द्रोपती,सुकृता,ममता,बिराजो बाई,मोहरमती बाई,सिखन बाई,तीजिया बाई,अनिता,जगरोतीं बाई,दुलारा बाई,मीरा बाई,नांकुनिया बाई,अतरा बाई,चन्द्रोतिन बाई,पनिया बाई,जोधिन बाई,ईश्वरी पैकरा,रामकुंवर बाई,गायत्री यादव,सुमित्रा बाई,बिरस्पति बाई पैकरा,निका बाई,नंबैय्या,सीतल बाई,धनकुमारी,फीरतीं बाई,बालकुवर,जीरा बाई,मानकी बाई,संतोषी बाई केंवट,रेशम पटेल,प्रेम सिंह पैकरा,मुकेश राम पटेल,नंदू राम पटेल,मनीराम पैकरा,महात्मा पटेल,रामभू राम पटेल,परसुराम पटेल,पंचराम पटेल,हेमराम पटेल,जवाहरलाल मनिकपुरी,दुर्गेश प्रजापति,जनोहर पैकरा,तिहारु पटेल,परमेश्वर दास,भगेला पटेल,रामगोपाल,उदय यादव,सुखदेव केंवट,शशी पैकरा,संजय पटेल,सोनू सिंह पैकरा,चंद्र कुमार पटेल आदि संगठन के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## रानीगांव रीपा में बीमा शिविर का हुआ आयोजन

बिलासपुर, 27 अगस्त ( देशबन्धु) । जिले के महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) रानीगांव में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं निजी उद्यमियों को शासन की बीमा योजना एवं श्रमिक कार्ड योजना से लाभान्वित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रीपा में कार्यरत सभी हितग्राहियों का प्रधानमंत्री




जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया गया। साथ असंगठित कर्मकार मण्डल के तहत उनके श्रमिक कार्ड भी बनाये गये। उक्त शिविर में जीवन ज्योति बीमा योजना में 16 एवं सुरक्षा बीमा योजना के तहत 10 हितग्राहियों का बीमा किया गया, वहीं श्रम कार्ड के लिए 19 हिग्राहियों का आवेदन भरा गया।

## रमजानी बाबा की दरगाह पर विधायक शैलेष ने चढ़ाई चादर



### तीन दिवसीय सालाना उर्स का समापन

**बिलासपुर**, 27 अगस्त(देशबन्धु)। विधायक शैलेष पांडे ने आज तालापारा स्थित रमजानी बाबा की दरगाह पर चादरपोशी करते हुए शहर एवं प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। रमजानी बाबा के 57 वे उर्स के मुबारक मौके पर दरगाह कमेटी के द्वारा आज लंगर एवं तकरीर का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय रमजानी बाबा के उर्स के मौके पर आज समापन अवसर पर बड़े पैमाने पर लंगर का आयोजन किया गया।

शहर विभिन्न समुदाय के लोग लंगर में शामिल हुए। विधायक शैलेश पांडे के साथ पार्षद रामा बघेल ने भी चादरपोशी की। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष वसी खान ने बताया कि तीन दिवसीय रमजानी बाबा की दरगाह में आयोजित उर्स के मुबारक मौके पर पहले दिन कांग्रेस नेता अनिल टाह के निवास से संदल चादर निकल गई। कल तालापारा स्थित रमजानी बाबा की दरगाह में उर्स के मौके पर गोरखपुर से आए मौलवी ने तकरीर का आयोजन किया, और आज अंतिम दिन रमजानी बाबा दरगाह उर्स कमेटी के द्वारा लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए । विधायक शैलेश पांडे ने आज चादरपोशी भी की । आज के लंगर के आयोजन में प्रमुख रूप से वसी खान बबला खान,हफीज खान, मोहम्मद आदिल खान के अलावा अनेक लोगों ने रमजानी बाबा की दरगाह में चादरपोशी के मौके पर मौजूद थे। इस अवसर पर उर्स कमेटी के सदस्यों के द्वारा विधायक शैलेश पांडे का सम्मान भी किया गया। रमजानी बाबा रमजानी बाबा के उर्स के मौके पर छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग यहां चादर पोशी करने पहुंचते हैं।

## नशा करने वालों की हुई काउंसलिंग

### नशा छोड़ने के लिए योगासन की दी गई सीख योगासन

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे व्यक्ति जो अत्यधिक नशे के गिरफ्त में है उन्हे नशे से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग एवं स्वास्थ परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया था। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्ग दर्शन में आज थाना सिटी कोतवाली में नशे में लिप्त व्यक्तियो की बैठक आहुत की गई । नशे में लिप्त लोगो द्वारा अपनी अपनी समस्यो से अवगत कराया, जिसमें नशा नही करने पर हाथ पैर में कंपन्न होना, सांस लेने में समस्या होना, घबराहट होना, डर लगना, नींद नही आना आदि समस्याओ से अवगत कराया गया। आरती डांडेकर (साइकोलाजिस्ट) एवं विद्या साहू (योगा टीचर) द्वारा सभी लोगो की समस्याओ को बारी बारी से सुना गया तथा योगासन के माध्यम से नशे से निजात पाने का उपाए बताया गया। नशे में लिप्त लोगो द्वारा नशे से निजात पाने के लिए हर संभव प्रयास करने की शपथ ली गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे व्यक्ति जो नशे से निजात पाने, अपना ईलाज कराने में असमर्थ है उन्हे बिलासपुर पुलिस द्वारा सुविधा उपलब्ध कराकर मनोरोग चिकित्सा केन्द्र सेंदरी में निःशुल्क ईलाज कराया जाएगा जहां नशे में लिप्त रोगी का पूर्ण स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध




कराई जावेगी, आवश्यकता पडने पर अस्पताल में भर्ती कराकर ईलाज कराया जाएगा। सभी थाना क्षेत्रो में नशे में लिप्त व्यक्तियो के लिए काउंसलिंग एवं स्वास्थ परीक्षण लगातार जारी रहेगा। काउंसलिंग मे नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली नगर पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू, आरती डांडेकर (साइकोलाजिस्ट) एवं विद्या साहू (योगा टीचर) द्वारा उपस्थित लोगो को आत्मविश्वास बढाने एवं नशे से निजात दिलाने के संबंध में जागरूग किया गया।

## जंगली जानवरों से बचने छात्रों को किया गया सतर्क



**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । शासकीय प्राथमिक शाला मुरकुटा बिल्हा में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत बैग लेस डे पर जंगली जानवर से बचने के उपाय बताये गये। इस अवसर पर प्रधान पाठक शेख शहाबुद्दीन ने कहा कि जंगली जानवरों को मारना उचित नहीं है लेकिन यह एक अंतिम विकल्प हो सकता है जब आपकी जान पर बन आए। उन्होंने बताया कि जंगलों के आसपास रहने वाले लोग रात में गांव के बाहर आग जलाकर रखते हैं क्योंकि जंगली जानवर आग से डरते हैं, यह सुनी हुई बात है। कुछ लोग बारी बारी से रात में पहरा भी देते हैं। अपनी आत्म रक्षा के लिए हथियार भी रखते है। दिन ढलने के बाद वे जंगलों में नही जाते हैं। शाम होते ही वे अपने बच्चों को घरों के अंदर ही रखते हैं बाहर नहीं निकलने देते हैं। इतनी सावधानियां के बाद भी कभी कभार कोई न कोई अनहोनी घटना घट ही जाती है। कार्यक्रम में सहयोगी टीचर केहर सिंह और गूंजा साहू भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति के लिए सड़कें चकाचक, कोनी,सरकंडा में भी रंग-रोगन

**बिलासपुर** , 27 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा है, तो अधिकारियों ने इसकी सुध ली है और नई सड़क पर परतें बिछाकर अनियमितता को ढंकने का काम चल रहा है। रतनपुर रोड में अधूरी सड़क बनाने का काम शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग ने रतनपुर के खंडोबा मंदिर से केरापारा खुटाघाट की करीब आठ किलोमीटर सड़क बनाने के लिए दिसंबर 2022 में 18 करोड़ 36 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। इसके बाद टेंडर जारी कर ठेकेदार को काम दिया गया।



इस काम को ठेका कंपनी अनिल बिल्डकॉन को 15 महीने में पूरा करना है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने काम शुरू कर अधूरा छोड़ दिया था, जिसके चलते बारिश में लोग परेशान होते रहे। जब विरोध शुरू हुआ, तो शहर की सड़क का डामरीकरण किया गया। लेकिन, किनारे गड्ढों को छोड़ दिया। इस निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता को दरकिनार किया गया, जिसके कारण पहली ही बारिश में सड़क उधड़ गई है और डामर की परत पर गिट्टी नजर आने लगी है। बिलासपुर सहित रतनपुर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा है। एक सितंबर को वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी की दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इससे पहले रतनपुर पहुंचकर महामाया देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगी। राष्ट्पति के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन के अफसर निरीक्षण करने पहुंचे, तब पीडब्ल्यूडी के अफसरों को इस सड़क की सुध आई। अब नई सड़क पर दोबारा डामर की परत लगाने का काम किया जा रहा है। रंगरोगन किया जा रहा है। ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के अफसरों की मनमानी ऐसी कि टेंडर में नया पुल बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई है। लेकिन, ठेकेदार पुराने पुल की रिपेयरिंग कर सड़क बना रहा है। ठेकेदार के काम की देखरेख करने वाले अफसर भी इस तरह घटिया काम पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शासन के नियम के अनुसार सड़क निर्माण शुरू होने से पहले बोर्ड लगाने का प्रावधान है। बोर्ड पर विभागीय अधिकारी व ठेकेदार का नाम, प्रस्तावित सड़क की लंबाई, चौड़ाई, मोटाई, निर्माण सामग्री के मिश्रण के अनुपात, अवधि व कार्य पूर्ण होने सहित सभी जानकारी दी जाती है। जबकि यहां न तो काम का बोर्ड लगा है और न ही योजना की जानकारी दी गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था और विभागीय अफसरों से शिकायत की थी।

## सार-संक्षेप

### जवाली में मिला पैंगोलिन



कटघोरा वनमंडल के ग्राम जवाली के जंगल से निकल कर गांव पहुंचे जंगली संरक्षित पैंगोलिन को ग्रामीण ने घर के बाड़ी से पकड़ा। डीएफओ निशांत कुमार ने बताया कि जवाली गांव से ग्रामीणों ने एक पैंगोलिन को पकड़ा था जिसे वन विभाग द्वारा रेस्क्यू किया गया है। इसे पुन- कटघोरा वन मंडल के जंगलों में छोड़ दिया जाएगा।

### हर समाज के उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से होगा कार्य- देवांगन

**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। पंप हाउस स्थित आदर्श श्रमिक भवन में समस्त समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने आयोजित कार्यक्रम में भेंट किया। इस दौरान विभिन्न समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

लखन लाल देवांगन के साथ अन्य राज्य से प्रवास पर पहुंचीं भाजपा विधायक गायत्री देवी ने जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। विधानसभा के विस्तारक जीवन पटेल भी उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने समस्त समाज के वरिष्ठ व उपस्थितों से एक बार कोरबा विधानसभा सीट से सेवा का मौका मांगा। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर सभी समाज के उत्थान व प्रगति की दिशा में योजनाबद्ध प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के इस मूल मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार काम कर रही है। श्री देवांगन ने विभिन्न वर्गों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का ब्योरा संक्षेप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राय- सभी समाजों के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों, प्रतिनिधि मंडल सहित भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. आलोक सिंह, प्रफुल्ल तिवारी, अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव, सुमन सोनी, रमा मिरी, राजेश राठौर, पंकज देवांगन, चंदन सिंह, दिनेश गर्ग, हितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### सीडब्लयूएस में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर हुई प्रतियोगिताएं

**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन व राष्ट्रीय खेल दिवस पर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कपिल देव इलेवन, सचिन इलेवन, मेजर ध्यानचंद इलेवन और सुभाष चंद्र बोस इलेवन की टीमों ने हिस्सा लिया।

फाइनल मैच में कपिलदेव इलेवन ने मेजर ध्यानचंद इलेवन को रोमांचक मैच में 5 विकेट से परास्त किया। प्रतियोगिता में सेंट्रल वर्कशॉप के जीएम डी कुमार, वर्क्स मैनेजर श्री जेवियर, केके राव, श्री ओझा, श्री टंडन, श्री अग्रवाल, श्री यादव, नोडल अधिकारी मनोज जैन, यूनियन लीडर दिलीप सिंह, अजय सिंह, राजेश पांडेय, भोजराम, राजेंद्र यादव, रंजय सिंह, साव, टेकाम, टंडन और सभी खिलाडियों ने आयोजन में सहयोग दिया। सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा की महिलाओं द्वारा 4×100 मीटर वाकिंग रिले रेस आयोजित हुआ जिसमें 4 टीमों ने भाग लिया। पीव्ही संधु टीम में विद्युत मरम्मत विभाग, रोलर, फाउंड्री शॉप, पीटी उषा टीम में एसटीआर मशीन शॉप, रानी दुर्गावती टीम में प्रशासनिक भवन, स्टोर तथा रानी लक्ष्मी बाई टीम में इंजन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए। स्पर्धा में ट्रांसमिशन शॉप की 4 टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर रानी लक्ष्मी बाई टीम, द्वितीय पीव्ही संधु टीम और प्रशासनिक भवन रहे। निणार्यक की भूमिका सेद कुमार, सिकंदर टोप्पो, सीपर सिंह ने निभाई।

### नेता प्रतिपक्ष ने कटघोरा को जिला बनाने की मांग का किया समर्थन

कोरबा, 27 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा को पृथक जिला बनाने की मांग को लेकर भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तम रंधावा 22 अगस्त से आमरण अनशन पर बैठें हुए है। नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने पंडाल पहुँचकर उत्तम रंधावा का समर्थन किया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में वादा किया गया था कि कटघोरा को जिला बनायेंगे। आज सरकार के 5 साल पूरा होने में 3 माह बचे हैं, 1 माह बाद आदर्श आचार संहिता लग जाएगी तो यह वादा भी चुनावी जुमला रह जाएगा। आने वाले दिनों में कटघोरा जिला बनाओ आंदोलन और भी तेज होगा जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय विधायक की होगी। इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य पार्षद कमला देवी बरेठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय दास वैष्णव, पूर्व एल्डरमैन नरेंद्र वाकड़े, बद्री अग्रवाल, माखनलाल बरेठ सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण सहित 25 पदक जीते

**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। ओलंपिक काउंसिल ऑफ़ एशिया एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया से मान्यता प्राप्त वोविनाम एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 12वीं राष्ट्रीय वोविनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2023 का आयोजन नेहरू स्टेडियम, गुवाहाटी, असम में 23 से 26 अगस्त तक किया गया। प्रतियोगिता में 21 राज्यों के 451 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ राज्य की टीम से 30 खिलाड़ी, 2 अधिकारी एवं 3 राष्ट्रीय रेफ़री ने कमलेश देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वोविनाम एसोसिएशन के मार्गदर्शन में भाग लेते हुए पांच स्वर्ण 9 रजत एवं 16 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। प्रियांश पैंकरा, सूर्यांश सिदार, अमन सिंह राठौर, कुमारी रागिनी एवं नोवेल कुमार साहू ने स्वर्ण पदक, निवेद कुमार शर्मा, दर्शित वैष्णव, रौनक कुमार रजक, नैनी वैष्णव, हिमेश बिस्वास, अनमोल राठौर, आर्यन कुमार सिंह, शुभम साहू एवं गोपाल यादव ने रजत पदक, अक्षत गुप्ता,आयुष यादव, संस्कार सिंह, श्रुति साहू, तनिष्का यादव, वंशिका, अर्जुन कुमार चंद्रा,आदित्य रंजन, अनुभव देवांगन, नैतिक कुमार शर्मा, राजवीर सिंह, राज गुप्ता, आकृति सिंह, तवर्णा पटेल, प्रणव राज सिंह एवं डिंपल वैष्णव ने काँस्य पदक प्राप्त किया। राज्य के खिलाडियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ राज्य को चौथे स्थान पर पहुंचाया साथ ही कोरबा के नोवेल कुमार साहू को बेस्ट फाइटर बालक के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा के सवालों ने उलझाया

### पूछा-वीरनारायण सिंह कहां के जमींदार थे , छग में सतनाम पंथ के संस्थापक कौन थे?



**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती एवं पर्यवेक्षक परिसीमित सीधी भर्ती की परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। पहली पाली में सामान्य परीक्षार्थी शामिल हुए तो दूसरी पाली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल हुईं। परीक्षा में आए विभागीय सवालों के साथ-साथ गणित, अंग्रेजी, इतिहास के सवालों सहित छत्तीसगढ़ पर आधारित प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाए रखा।

दो पाली में आयोजित इस परीक्षा में सुबह 10 से 12 बजे तक 46 परीक्षा केन्द्रों में 12009 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 2500 से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरनेट का अविष्कार किसने किया, वीरनारायण सिंह कहां के जमींदार थे, छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ के संस्थापक कौन थे। चक्रधर समारोह कहां आयोजित होता है। दांत काटी रोटी का क्या अर्थ होता है? इस तरह के अनेक सवालों के जवाब 4 विकल्पों में तलाशने परीक्षार्थी उलझे रहे। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन के सवाल पूछे गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर पोषण आहार, स्वास्थ्य संबंधी रोचक सवाल भी पूछे गए।

दूसरी पाली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई। पर्यवेक्षक के कुल 440 पदों के लिए 220 पद परिसीमित सीधी भर्ती के लिए रखे गए हैं जिनमें सिर्फ कार्यकर्ताएं ही शामिल हो सकती थीं। दूसरी पाली की परीक्षा में अपने विभाग से जुड़े सवालों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उलझे रहे। भारत में पहली बार रेलगाड़ी कब चली? हवाई जहाज का आविष्कार किसने किया? गर्भवती महिलाओं को किस तरह का पूरक पोषण आहार दिया जाना चाहिए, आंगनबाड़ी केन्द्रों में न्यूनतम कितने पूरक पोषण देने का प्रावधान है? जैसे प्रश्न पूछे गए। जल जनित रोग, दिशा दर्शन कार्यक्रम, कंगारू मदर केयर, मिशन वात्सल्य की सेवा, आंगनबाड़ी केन्द्र में वर्ष में न्यूनतम पूरक पोषण आहार दिवस से जुड़े सवाल भी पूछे गए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वधु को दी जाने वाली राशि, पोषण माह का आयोजन वर्ष के किस माह में किया जाता है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, वजन त्योहार, पोषण अभियान, जनगणना 2011 के अनुसार छत्तीसगढ़ का बाल लिंगानुपात, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय रामायण 2023 का आयोजन कहां किया गया। भारत में असहयोग आंदोलन के जनक कौन थे, सती प्रथा को किसने समाप्त किया? जैसे सवाल पूछे गए। सामान्य अंग्रेजी और गणित से जुड़े कुल 15 सवाल भी पूछे गए।

### दादरखुर्द में आज होगी महाआरती

**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम क्षेत्र के ग्राम दादरखुर्द में सावन माह के अंतिम सोमवार 28 अगस्त को ग्राम के प्राचीन ऐतिहासिक देवस्थल मां सिद्धिदात्री कंकालीन शक्ति धाम में विराजित महाकालेश्वर उज्जैन से लाकर प्राण प्रतिष्ठा कर प्रतिष्ठित श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के समक्ष महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। हसदेव महाआरती के तर्ज पर पहली बार माता के दरबार में यह आयोजन रखा गया है जिसमें समस्त युवा समिति तथा ग्राम के समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से भव्य रूप में आयोजित की जा रही है। सायंकालीन आयोजन के बाद रात्रि जागरण, भंडारा एवं अभिषेक, दर्शन-पूजन एवं विशेष श्रृंगार भगवान नर्मदेश्वर शिव का किया जायेगा। आयोजन समिति ने नगर व जिले के भक्तों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

## अवैध रेत का परिवहन करते 2 वाहन जब्त



**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। कभी-कभार की जाने वाली कार्यवाही में कटघोरा वनमंडल के वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई अभिषेक कुमार दुबे के नेतृत्व में वृत्त कोरबी के कोरबी परिसर के कक्ष क्र. 46 गागा नाला में रेत का अवैध उत्खनन करते 2 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई अभिषेक कुमार दुबे ने बताया कि केंदई क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन/परिवहन करते मौके पर 2 ट्रैक्टर सीजी-12एक्स-6963 के चालक शनिचराम पिता धीरन, वाहन मालिक अनिस कुमार पोर्ते ग्राम कुरथा व एक अन्य बिना नंबर का पॉवर ट्रैक वाहन चेचिस नंबर टी-05-3244503 चालक लखनलाल पिता भगतराम, वाहन मालिक राधेश्याम साहू ग्राम खड़पड़ीपारा पोड़ीखुर्द को पकड़ा गया है। कर्मचारियों के द्वारा पूछताछ करने पर रेत के अवैध उत्खनन परिवहन संबंधी कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वन अधिनियम की धारा के तहत जप्ती की कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 12654/16, 12654/17 जारी किया गया। उक्त कार्यवाही में वन विभाग के एमके साहू रेंज फॉरेस्ट आफिसर कोरबी, नागेंद्र जायसवाल, पंकज खैरवार, प्रीतम कुमार पुराईन, अशोक श्रीवास, गंगा नेताम की भूमिका रही।

## कांग्रेस कमेटी में एससी, एसटी वर्ग को भी महत्व देने की मांग

**प्रदेश अध्यक्ष को कांग्रेस नेता बुधराम ने लिखा पत्र**

**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता बुधराम सिंह कंवर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कोरबा जिला एक आदिवासी बाहुल्य जिला है। यहां हजारों की संख्या में आदिवासी वर्ग कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारिणी गठन में कोरबा जिले को महत्व देते हुए आधा दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस के सचिव पद पर किया गया है जिसमें एक भी आदिवासी वर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तर के पद पर नहीं लिया गया है और न ही अनुसूचित जाति वर्ग से लिया गया है। इस कारण कोरबा जिले के एसटी, एससी वर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त है। बुधराम सिंह कंवर ने कहा कि कोरबा जिले की चार विधानसभा क्षेत्र में से 3 विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कराने में एसटी, एसटी वर्ग की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आदिवासी वर्ग से है। समय रहते इस भूल को सुधारें और सजगता लाएं कि उन्हें कौन गुमराह कर रहा है। अगर शीघ्र ही कोरबा जिले से प्रदेश कांग्रेस कमेटी में एसटी, एससी वर्ग को स्थान नहीं दिया जाता है तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को दिल्ली जाकर छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आदिवासी कार्यकर्ताओं की हो रही उपेक्षा से अवगत करा कर न्याय की मांग करेंगे।

## कांग्रेस घोषणा पत्र उप समिति की सदस्य वाणी राव, शेषराज व हेमा आज आएंगी कोरबा

### महिलाओं से होंगी रुबरु, जानेंगी उनका विचार



**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कांग्रेस के लिए बनाए जा रहे घोषणा पत्र में इस बार महिलाओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है और जगह-जगह उनकी राय ली जा रही है, ताकि उनके विचारों के सार को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके। इसी परिपेक्ष्य में कांग्रेस की घोषणा पत्र उप समिति की सदस्य बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश अध्यक्ष शेषराज हरबंश, राजनांदगांव की महापौर हेमा देशमुख 28 अगस्त को प्रात- 11 बजे कोरबा आ रही हैं।

इस दौरान कांग्रेस की तीनों वरिष्ठ नेत्रियां महिलाओं से चर्चा कर उनकी जरुरतों को जानने के पश्चात कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी घोषणा पत्र समिति को अनुशंसा करेंगी। यहाँ यह बता दे कि कांग्रेस ने महिलाओं की अपेक्षाओं व उनकी जरूरतों को जानने के लिए घोषणा पत्र समिति में तीन वरिष्ठ महिला कांग्रेसियों की एक उप समिति बनाई है, जिसमें वाणी राव, शेषराज हरबंश, हेमा देशमुख शामिल हैं। इस बार घोषणा पत्र में महिलाओं को विशेष फोकस किया जा रहा है। इसमें शामिल होने महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शामिल होने की अपील की है। तीनों सदस्य आम महिलाओं से भी चर्चा करेंगी।

### महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डिसूजा आज आएंगी



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा प्रथम प्रवास पर 28 अगस्त को कोरबा आ रही हैं। वे कांग्रेस कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात व चर्चा करेंगी। महिला नेत्रियों को आगामी चुनाव में उनकी भूमिका और महिलाओं की रणनीति के लिए टिप्स भी देंगी। नेटा डिसूजा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य भी हैं। बैठक के बाद दोपहर 2 बजे सक्ती के लिये रवाना होंगी।

### प्रदेश सचिव विकास शुक्ला का भव्य स्वागत



**कोरबा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव बनने के बाद प्रथम कोरबा प्रवास के दौरान विकास शुक्ला का कांग्रेस के ऊर्जावान साथियों द्वारा मुनगाडीह पाली, नुनेरा, तिवरता, झाबर और बजरंग चौक दीपका में भव्य आतिशबाजी, ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया गया।

दीपका आगमन पर विकास शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर एवं वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के चारों विधानसभा सीट को जीतकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फिर से मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस अवसर पर इंटक प्रोजेक्ट अध्यक्ष जीवरखन चंद्रा, सचिव छंद राम राठौर, राजेश सिंह, गया प्रसाद चंद्रा, रामकुमार कंवर, उत्तम दुबे, विशाल शुक्ला, हरिनारायण यादव, कुलदीप तिवारी, नितेश शर्मा, देवेंद्र खरे, संतोष जायसवाल, सतीश त्रिपाठी, मार्शल एंथोनी, राजनीश मरावी, अनिल जटवार, कासिब हुसैन, सचिन खाखा, मनीराम निराला, शाहिद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




■ राजेन्द्र जायसवाल

### लखन मारेंगे चौका या देंगे मौका

भाजपा के उम्मीदवार लखनलाल देवांगन अपने राजनीतिक पारी में इस बार चुनाव जीतकर चौका लगाएंगे या फिर प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को मौका मिल जाएगा। वैसे चुनाव में खड़ा प्रत्याशी मतदान का समय निकट आते-आते सभी कुछ भुलाकर सिर्फ अपनी जीत पर फोकस करता है। कोरबा में उनका सामना 3 बार के विधायक से होना संभावित है और पलड़ा दोनों तरफ भारी है। अब बाजी कौन मार ले जाएगा, यह तो मतदाता तय करेंगे।

### मोहित पर मची तकरार

तानाखार के विधायक मोहितराम केरकेट्टा के नाम पर आंतरिक तकरार शुरू हो गई है। मौखिक तौर पर बोलने वाले अब लिखित में संगठन को लिखने लगे हैं। वैसे तानाखार के गढ़ में मोहित की सक्रियता के आगे व मुकाबले में अभी कोई दूसरा चेहरा दूर-दूर तक तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन संगठन के नेताओं की पारखी नजर कहीं भी जाकर टिक सकती है ताकि तकरार को दरकिनार करवा कर गढ़ को बरकरार रखा जा सके।

### ब्लाक अध्यक्ष को दांव उल्टा पड़ा

तानाखार विधायक मोहितराम के विरूद्ध प्रदेश प्रभारी को 7 बिन्दुओं पर चिट्ठी लिखने वाले पाली ब्लाक अध्यक्ष यशवंतलाल पर दांव उल्टा पड़ गया है। अब मोहितराम के समर्थकों ने ब्लाक अध्यक्ष के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। वैसे चुनाव के दौर में यह सब एक परंपरा के तौर पर चलता है लेकिन कभी-कभी कुछ बातें हद पार कर जाती हैं जो नहीं होना चाहिए।

### क्यों शिफ्ट होंगे पुरूषोत्तम?

कटघोरा के विधायक पुरूषोत्तम कंवर के दुबारा टिकट पर विरोधी ऊहापोह की स्थिति बना रहे हैं। वे वैसे तो छत्तीसगढ़ के गांधी पुत्र होने के नाते एक बार फिर लडने़ के दावेदार हैं लेकिन दूसरों को भी मौका देने की बात बड़ी तेजी से उभरी है। पुरूषोत्तम को तानाखार शिफ्ट करने पर भी जोर हैं। यदि पुरुषोत्तम वहां लड़े तो सीट बचाने की उम्मीद मानकर चल रहे हैं। वैसे कटघोरा में कंवर वोट को नजर अंदाज कर जीत की गुंजाइश संभव नहीं।

### कोरबा के दावेदार

कोरबा विधानसभा के कांग्रेस दावेदारों की संख्या लगभग 1 है। इन 1 लोगों में एक नाम संगठन को फायनल करना है लेकिन मुहर किस पर लगेगी, इसे लेकर धडक़नें तेज हैं। दूसरी तरफ कोरबा के दावेदार कटघोरा में भी दावा ठोंक दिए हैं। संगठन ने कुछ लोगों को पीसीसी में जिम्मेदारियां देकर दावों को काफी हद तक थाम लिया है लेकिन बचे हुए लोग पूरा जोर लगा रहे हैं।

### सक्रियता हुई शून्य

बीजेपी से लखनलाल देवांगन को कोरबा विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद दूसरे नेताओं की सक्रियता लगभग शून्य सी हो गई है। नेता प्रतिपक्ष से लेकर दूसरे नेता मुद्दों और मामलों पर आवाज उठा रहे थे लेकिन विधानसभा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद से सक्रियता नहीं दिख रही। चर्चा है कि उनका एजेंडा पूरा हो गया है इसलिए शांत बैठ गए हैं।

### प्रवासी विधायक

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में प्रवासी विधायकों का बोलबाला है। दूसरे प्रांतों और जिलों से आने वाले विधायकों की बराबर निगरानी प्रत्याशी चयन से लेकर संगठन के लोगों की गतिविधियों, उनके पक्ष-विरोध पर पूरी नजर रखी जा रही है। यह हाल न सिर्फ भाजपा बल्कि कांग्रेस का भी है। छत्तीसगढ़ में प्रवासी विधायक चुनाव संपन्न कराएंगे।

### ब्लाक अध्यक्षों की पूछपरख

चुनाव का मौसम आते ही ब्लाक अध्यक्षों की पूछपरख बढ़ गई है जो लूप लाइन में चले गए थे। वैसे भी ब्लाक अध्यक्षों को जिला की बैठकों में ही ज्यादा तवज्जों दी जाती रही है। संगठन में ब्लाक अध्यक्षों के माध्यम से ही आवेदन लेने के निर्देश जारी किए तो इनको तवज्जो मिली। मंत्री से लेकर विधायक ब्लाक अध्यक्ष के पास आवेदन लेकर पहुंचे। विधानसभा क्षेत्र में 3 से 4 ब्लाक होने से ब्लाक अध्यक्षों ने भी आए हुए आवेदन और नाम एक-दूसरे को भेजकर खूब मजे भी लिए।

### एक सवाल आप से

क्या इस बार रामपुर से ननकीराम कंवर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे या संगठन के बड़े ओहदे पर उन्हें जिम्मेदारी मिलेगी?

# चिरमिरी-बरवाडीह रेललाइन के लिए घंटानाद सत्याग्रह के तीन साल पूरे

## प्रदेश सरकार ने राज्यांश राशि नहीं की जारी

चिरमिरी, 27 अगस्त (देशबन्धु)। बहुप्रतीक्षित चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट न्यू रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना हेतु राज्य सरकार द्वारा अपने हिस्से का 50 प्रतिशत फण्ड अविलंब जारी कर कार्य प्रारंभ कराए जाने की मांग को लेकर रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल द्वारा किए जा रहे घण्टानाद सत्याग्रह को 25 अगस्त को पूरे 3 साल हो गए, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा अपने हिस्से का फण्ड अब तक रिलीज नहीं किया गया है, लेकिन कठिन से कठिन हालात में भी सत्याग्रह को जारी रखे अधिवक्ता पटेल का विश्वास नहीं डगमगाया है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो मरते दम तक उनके द्वारा छेड़ा गया घण्टानाद सत्याग्रह जारी रहेगा।

अम्बिकापुर रेल सेक्शन को नागपुर हॉल्ट स्टेशन से चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ रेल खण्ड से जोड़ने के लिए, ताकि अम्बिकापुर से चलने वाली यात्री ट्रेनों का संचालन चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ से होकर सम्भव हो सके। पूर्व डी आर यू सी सी सदस्य अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल द्वारा नवीन जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में पिछले 3 वर्षों से मुख्यमंत्री के छायाचित्र के सामने रोजाना शाम 5 बजे घण्टानाद




सत्याग्रह किया जा रहा है। पटेल कहते हैं कि विगत 17-18 वर्षों से जब वे डीआरयूसीसी सदस्य थे, तब से लगातार केन्द्र सरकार और रेल मंत्रालय के जिम्मेदार अधिकारियों से सम्पर्क कर मुद्दा उठाने के दौरान जब केन्द्र में मोदी सरकार आई तो उन्होंने 3 बार सर्वे कराने के पश्चात यह पाया कि वास्तव में यदि इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलती है तो सरगुजा और शहडोल दोनों संभागों के अलावा सम्पूर्ण कोयलांचल वासियों के लिए यह परियोजना जीवनदायनी और व्यापार, रोजगार एवं तमाम सुविधाओं की दृष्टि से अत्यन्त लाभकारी साबित होगा, अंततः वर्ष 2018 के केन्द्रीय रेल बजट में व्यापक सर्वे के बाद 241.50 करोड़ रूपए की लागत के प्रावधान को मंजूरी प्रदान कर कोरबा के हरदी बाज़ार में रेलमंत्री पीयूष गोयल व तत्कालीन छग शासन के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परस्पर एमओयू हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री ने कुल लागत का 50 प्रतिशत फण्ड वहन करना स्वीकार कर न केवल भूमिपूजन सम्पन्न हुआ, बल्कि दो वर्षों में इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को पूरा कर लेने की सार्वजनिक घोषणा की गई।

### केन्द्र जारी कर चुका है फंड

संयोगवश छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल सरकार सत्तारूढ़ हो गई और विगत 3-4 वर्षों से केन्द्र सरकार का फण्ड लगातार आता है, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार आश्वासन और सहमति देते रहने के बावजूद उनके हिस्से का फण्ड न तो रिलीज कर रही है और न ही कार्य प्रारम्भ करवा रही है, जिससे यह परियोजना अधर में लटकी हुई है, इसलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस ओर ध्यानाकृष्ट कराने का संकल्प लेकर 25 अगस्त 22 तीन वर्षों से मुख्यमंत्री के छायाचित्र के सामने मनेन्द्रगढ़ के गांधी चौक में प्रतिदिन शाम 5 बजे लगातार अटूट घंटानाद-सत्याग्रह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान अनेकों बार मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया गया है, विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया है। हमारे दोनों विधायक एवं सांसद के अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने अपनी आसंदी में से मुख्यमंत्री का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, जिस पर मुख्यमंत्री की सहमति के बावजूद अब तक परिणाम शून्य है साथ ही यह दृढ संकल्प है कि जब तक फण्ड रिलीज होकर कार्य प्रारम्भ नहीं कर दिया जाता, हमारा अटूट घंटानाद सत्याग्रह जारी रहेगा।

# सार-संक्षेप

## बोलेरो पेड़ से टकराई, चालक की मौत, 3 घायल

**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। तेज रफ्तार बोलेरो के पेड़ से टकरा जाने की घटना में चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोनोरा के पास शनिवार की दोपहर ओडिसा की एक बोलेरो महापल्ली बनोरा चौक के पास एक पेड़ से टकरा गई इस दुर्घटना में जहां चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं वाहन में बैठे कुछ लोग घायल हो गए। साथ-साथ ही वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने के अलावा तीन घायलों को जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार ये सभी ओडिसा के रहने वाले हैं और अपेरा प्रचार प्रसार करने के लिये आज लोईंग आये थे और वापस ओडिसा जाने के दौरान यह घटना घटित हो गई।

## दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत कक्षा पहली से लेकर बारहवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय नटवर स्कूल में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला, जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी, एपीसी भूपेन्द्र पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जटवार के मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए वातावरण निर्माण, दिव्यांग बच्चों की संस्था में पहचान के लिए प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन तथा प्रयोग, दिव्यांग बच्चों के लाभ हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं के विषय में दिया जा रहा है। रायगढ़ विकासखंड के 225 शासकीय शालाओं से कुल 229 शिक्षकों के समक्ष आयोजित इस प्रशिक्षण का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा राज्यगीत के गायन के साथ किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में मनोज अग्रवाल बीआरसीसी रायगढ़ द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा उपयोगिता के संबंध में संक्षिप्त संबोधन दिया गया। प्रशिक्षण के मास्टर्स ट्रेनर्स श्रीमती सुमित्रा चंद्रा के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता, पालकों तथा शिक्षकों का इन बच्चों के प्रति व्यवहार, बच्चों के चिन्हांकन आदि विषय के बारे में सवाल-जवाब तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। दीपक रात्रे स्पेशल एजुकेटर के द्वारा इन बच्चों हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा बच्चों के अधिकार के संबंध में अवगत कराया गया। प्रशस्त एप के इंस्टॉलेशन उसके प्रयोग आदि के विषय में मास्टर ट्रेनर खगेश्वर साहू, सौरभ पटेल के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों की उपस्थिति क्यू आर कोड के माध्यम से लेकर प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण का सफल संचालन राजकमल पटेल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में सतीश गौतम, विकास पटेल, रविंद्र पटेल, खगेश्वर साहू, ईश्वर पटेल, सूरज कश्यप, पार्वती यादव, इंदु यादव एवं छंदनू राम का विशेष सहयोग रहा।

## नशे में ट्रेलर चलाना पड़ा महंगा, कोर्ट ने ठोका 10 हजार का जुर्माना

**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शराब के नशे वाहन चलाते पकड़ाए ट्रेलर पर कोर्ट ने 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। यातायात पुलिस सड़क दुर्घटना में लगाम लगाने लगातार कार्रवाई कर रही है।

यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने प्रतिदिन हाईवे पर वाहन चालकों का ब्रीथ ऐनालाइजर से जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीते दिनों वाहन जांच दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 एक्स 6108 के चालक राजेंद्र मनहर पिता गणेश राम मनोहर उम्र 40 साल निवासी चुरेला थाना भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया था। वाहन चालक पर यातायात पुलिस द्वारा इस्तगासा धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय में वाहन चालक को पेश किया गया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोसले द्वारा वाहन चालक के कृत्य पर 10,000 का अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

## युवती से छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। पी.डी. कालेज के गेट के पास युवती के साथ छेड़खानी करने के मामले में पीड़िता की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने युवती से छेड़खानी मामले में कल ग्राम कुसमुरा के दो आरोपी गजेंद्र नायक उर्फअजय पिता ओम कुमार नायक उम्र 27 साल, दिलेश्वर राणा उर्फडिले पिता जीवन लाल राणा उम्र 27 साल दोनों निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के विरूद्ध 18 मई को युवती द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दोनों युवक उसे आते जाते छेड़ते हैं। युवती बतायी कि 12 मई को पी.डी. कालेज के गेट के पास गजेन्द्र नायक मोबाइल नंबर मांगा, जिसे नंबर देने से मना की तो गजेन्द्र और डोलेश्वर राणा छेड़खानी किये। युवती घर में सलाह मशवीरा कर आवेदन दी जिस पर छेड़खानी का अपराध दर्ज किया गया था। अपराध विवेचना दरम्यान फरार आरोपियों को कल मुखबिर सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कल शहर को मिलेगा नया स्टेडियम

## सीएसआर से जिंदल समूह ने दिया सहयोग

**रायगढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बोईरदादर स्थित रायगढ़ स्टेडियम खिलाडियों और खेल प्रेमियों के साथ पूरे शहरवासियों के लिए हमेशा से खेल गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, यहां अभ्यास कर निकले खिलाडियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनायी है। रोजाना सैकड़ों लोग यहां अपनी सेहत दुरुस्त रखने पहुंचते हैं। वर्षो पुराने स्टेडियम की खूबसूरती एवं यहां लगे उपकरण भी पुराने हो चुके हैं, लिहाजा बदलते दौर के साथ खेल की गतिविधियों के संसाधनों में आए बदलाव के अनुरूप स्टेडियम को तैयार किया जा सके। जिसे देखते हुए स्टेडियम को संवारने और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की पहल कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने की। जिसका शुभारंभ 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन होने जा रहा है।


शहर के सबसे बड़े रायगढ़ स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं को उच्च स्तरीय सुविधाएं जल्द देखने को मिलेगी। खिलाडियों के लिए खेल मैदान और कोर्ट को विकसित करने के साथ पहले से मौजूद सुविधाओं और संसाधनों को अपग्रेड करने का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे शहर और जिले के खिलाड़ी अपने हुनर को और बेहतर तरीके से निखार सकें।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सीएसआर के तहत इसकी जिम्मेदारी जिंदल समूह को दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत रायगढ़ स्टेडियम के जिम, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट, स्विमिंग पुल, टेबल टेनिस हाल में सुविधाओं के साथ मुख्य गैलरी और पेवेलियन की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेडियम में संपूर्ण जिम का काया-कल्प किया गया है। जिनमें उपकरणों की व्यवस्था, जिम के फर्श पर मैटिंग का कार्य, रंगाई-पुताई, महिलाओं हेतु पृथक से वॉशरुम व चेंजिंग रुम का निर्माण किया जा रहा है। नए उपकरणों की व्यवस्था के साथ पुराने उपकरणों के मरम्मत का कार्य भी किया गया। पूरे स्टेडियम को करीब 2 करोड़ रुपए की राशि से नए कलेवर में तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें जिम का पूरा हॉल सुधार कर पुराने के स्थान पर नए उपकरण लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेल व फीमेल के सेपरेट चेंजिंग रूम भी रेडी हो चुका है।

टेबल टेनिस हॉल को जाने वाली सीढियों की मरम्मत कर नये स्वरुप प्रदान किया जाना हैं। इसी प्रकार टीटी हॉल में टाईल्स, बाथरूम का जीर्णोद्धार खिड़कियों एवं दरवाजों को सुधारा गया है। साथ ही रायगढ़ स्टेडियम परिसर में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा जिंदल समूह की ओर से 72 फिट ऊंचाई का हाई मास्ट फ्लैग पोस्ट का निर्माण किया जा चुका है।

## दो करोड़ की लागत से हुआ स्टेडियम अपग्रेड





- जिम, वुडन बैडमिंटन कोर्ट, दो बास्केटबॉल कोर्ट भी
- स्विमिंग, टेबल टेनिस जैसे खेलों के लिए भी बढ़ी सुविधाएं

### वुडन बैडमिंटन कोर्ट भी

स्टेडियम में दोनों बैडमिंटन कोर्ट का विश्व स्तरीय वुडन कोर्ट व संपूर्ण हॉल का जीर्णोद्धार किया गया। जिसके तहत वुडन कोर्ट में हाई क्लास 5 एमएम मैटिंग बिछाया गया हैं, सुविधाओं का विस्तार करते हुए हॉल के अंदर वॉशरुम व चेंजिंग रूम, रिसेप्शन कंपार्टमेंट व प्रवेश द्वार की मरम्मत की गई हैं। रायगढ़ स्टेडियम में वर्तमान में एक बास्केट बॉल कोर्ट है। उसके जीर्णोद्धार के साथ ही एक नया बास्केटबाल कोर्ट भी बनाया जा रहा है। जिससे अब गर्ल्स और बॉयज के लिए अलग-अलग बास्केटबाल कोर्ट की सुविधा मिल पाएगी। इसके साथ ही दोनों कोर्ट के बाहर जाली दार फेंसिंग व लाईटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

### स्विमिंगपूल पेवेलियन के साथ मुख्य गैलरी में शेड का कार्य जारी

स्विमिंग पुल की साज-सज्जा कर, घास एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य कर लिया गया गया है। वही पुल के चारों ओर अभिभावकों के बैठने हेतु स्विमिंगपुल के पेवेलियन तथा मुख्य गैलरी में दर्शक दीर्घा के लिए निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।

### आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित जिम

पूर्व में रायगढ़ स्टेडियम के जिम में काफी पुराने और मैनुअल तरीके के स्ट्रुमेंट उपलब्ध थें, जिसे स्टेडियम के कायाकल्प के साथ इसे भी अब पूरी तरह से चेंज कर दिया गया हैं। वर्तमान में 2 लाख से अधिक के अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधाओं वाला जिम शहरवासियों को मिलेगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी मैत्री मैच 29 को

अंबिकापुर, 27 अगस्त (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं सचिव, भारत सरकार खेल विभाग युवा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में खेल एवं मनोरंजनात्मक गतिविधि आयोजित की गई। खेल एवम युवा कल्याण के सहायक संचालक ने बताया है कि जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में हॉकी मैत्री मैच एवं वरिष्ट खिलाड़ियों का सम्मान समारोह का आयोजन 29 अगस्त 2023 को किया जा रहा है। साथ ही संघ के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया जायेगा। आयोजन दोपहर 03 बजे से होली क्रॉस कॉलेज अम्बिकापुर के खेल मैदान में किया जायेगा। आयोजन में जिले में कार्यरत समस्त खेल संघ के पदाधिकारी, खेल प्रेमियों तथा गणमान्य नागरिको को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## डेंगू के खतरे से बचाव के उपायों पर आज विचार

सारंगढ़, 27 अगस्त (देशबन्धु)। वर्तमान समय में भीषण उमस व मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए आज सोमवार को शाम पांच बजे एसडीएम सारंगढ मोनिका वर्मा के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है जिसमें गणमान्य नागरिकगण व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी को

**रायगढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा-6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णतः भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट में 31 अगस्त 2023 ऑनलाईन आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदक रायगढ़ जिले का निवासी हो और जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। साथ ही कक्षा तीसरी एवं चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है।

## डीआईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस थानों का किया निरीक्षण

**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। उप पुलिस महानिरीक्षक, रायगढ़ रेंज रायगढ़ रामगोपाल गर्ग आज आकस्मिक भ्रमण दौरान थाना तमनार, घरघोड़ा और पूंजीपथरा में कर्मचारियों से भेंट कर थाने के कार्यों के संबंध में जानकारी लिया गया। उन्होंने थाना प्रभारियों से थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित होने वाले अपराधों की जानकारी लेकर थाने के अपराध जरायम, ग्राम अपराध पुस्तिका तथा लंबित गंभीर प्रकरणों में प्रगति देखा गया तथा चुनाव के संबंध में पोलिंग बूथ, झगडेलू ग्राम इत्यादि की जानकारी लिये।

आगामी चुनाव को देखते हुए थाने के पुलिसकर्मियों को इसी अनुरूप चुस्त दुरुस्त होकर शांति व्यवस्था के लिए अधिक से अधिक लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा लगातार क्षेत्र में जन जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाने प्रेरित किया गया। अपने आकस्मिक निरीक्षण दौरान उन्होंने जागरूकता



कार्यक्रम साइबर प्रहरी के संबंध में कर्मचारियों को अपने बीट में अधिक से अधिक लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने निर्देशित किया और साइबर अपराधों से बचने के निरंतर संदेश प्रसारित करने कहा गया। उन्होंने आसन्न चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ सामाजिक बुराइयां जुआ सट्टा, अवैध शराब बिक्री करने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर अधिक से अधिक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए तथा कर्मचारियों को ड्यूटी को लेकर अथवा निजी समस्या पर किसी भी समय संपर्क करने कहा गया। थानों के भ्रमण के पश्चात डीआईजी श्री गर्ग द्वारा छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर स्थित हमीरपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया, जहां उपस्थित कर्मचारियों को आने वाले चुनावों में चेक पोस्ट की सुरक्षा के महत्व को बताते हुए चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की बारीकी से जांच करने व ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का निर्देश देकर बेहतर ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित किया गया। क्षेत्र के भ्रमण दौरान डीआईजी राम गोपाल गर्ग के साथ ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी भी उनके साथ थे। श्री गर्ग द्वारा ट्रैफिक डीएसपी को यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाने के आवश्यक निर्देश दिए गए हैं साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग में लगातार वाहन चालकों की जांच एवं कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।

## चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने 2 दिन पहले रामनिवास टॉकीज के पास पान ठेले वाले पर चाकू से हमला करने वाले मुख्य आरोपी अजय सारथी निवासी गंगा नर्सिंग होम के पीछे थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक निर्माण पर भेजा गया है, आज थाना कोतवाली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपी की गिरफ्तारी और घटना के कारणों का खुलासा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा किया गया।

प्रेसवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 23 अगस्त के शाम करीब 6 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनिवास टॉकीज पर चाकू बाजी की घटना की सूचना पर वे तत्काल में थाना प्रभारी शनिप रात्रे तथा कोतवाली स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेव द्वारा घटनास्थल पहुंचकर मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी के महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

घटना को लेकर आहत रौनक श्रीवास (उम्र 22 साल) के बड़े भाई रोहन श्रीवास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अगस्त की शाम रामनिवास टॉकीज स्थित उनके पान ठेले में दो अज्ञात युवक आए उसे समय उसका भाई रौनक श्रीवास दुकान में बैठा था, वे लड़के सिगरेट लिए और एक लड़का सामानों को इधर-उधर छू रहा था जिसे मना करने पर एक लड़का उत्तेजित होकर गाली गलौज करने उतारू हो गया और जेब से चाकू निकाल कर रौनक पर ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया और दोनों भाग गए। घटना को लेकर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया।

# स्वीमिंग पूल व मांगलिक भवन सहित शहर को आज मिलेगी सात करोड़ की सौगात

## विधायक खेलसाय सिंह करेंगे शिलान्यास

**सूरजपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत नगर की जनता के लिए अत्याधुनिक स्वीमिंग पुल के साथ डॉ.भीमराव अम्बेडकर सर्व सामाज मांगलिक भवन सहित सात करोड़ रूपए से उपर के निर्माण कार्यों की आज आधारशीला रखेंगे। प्रेमनगर विधायक व सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेलसाय सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल के साथ नगरीय जनप्रतिनिधियों व




गणमान्यजनों की उपस्थिति में नगर पालिका के द्वारा प्रस्तावित कार्यों का भूमि पूजन विभिन्न स्थानों पर किया जायेगा। इसके साथ ही स्थानीय विधायक श्री सिंह के द्वारा स्वेच्छा अनुदान से नगर के 11 स्थानों पर बर्तनों का भी वितरण किया जाना है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने बताया कि नगरीय निकाय के अंतर्गत अधोसंरचना व निकाय मद से लगभग दो करोड़ की लागत से हाई स्कूल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, डेढ़ करोड़ की लागत से वार्ड क्रमांक-1 में डॉ.बीआर अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिग भवन, नगर के 18 वार्डों में एक करोड़ की लागत से सड़क व नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-7 पुराना बस स्टैण्ड में 38 लाख की लागत से चौपाटी निर्माण, वार्ड क्रमांक-10 गायत्री मंदिर के समीप गौशाला में 42 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण, नगर के वार्ड क्रमांक-16 में लगभग 95 लाख की लागत से व्यवस्थित हाट बाजार की दुकानों का निर्माण, 19 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक-4 के कृष्णकुंज में पाथ-वे निर्माण, वार्ड क्रमांक-16 में प्राईमरी स्कूल के पीछे 23 लाख की लागत से दस नग दुकान निर्माण, वार्ड क्रमांक-11 में 30 लाख रूपए की लागत से रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन आज होना है।

### तीन पीढ़ियों के स्कूल के बहुरेंगे दिन

**सुभाष चौक स्थित शासकीय प्राथमिक पाठशाला जो कि नगर के तीन पीढ़ियों को प्राथमिक शिक्षा दे चुकी है, उस पाठशाला को भी नपा अध्यक्ष के के अग्रवाल ने संरक्षित व संवर्धित करने के लिए 5 लाख रूपए की लागत से नए भवन की स्वीकृति दी है। जिसका बहुप्रतिक्षित भूमि पूजन आज स्कूल परिसर में किया जाना है। उल्लेखनीय है कि उक्त स्कूल से पढ़े कई विद्यार्थी आज बड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि व व्यापारी हैं और नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों ने इस प्राचीन स्कूल को व्यवस्थित करने के लिए बीड़ा उठाया है।**

## सार-संक्षेप

### बडमाल व लारा चेक पोस्ट का एडिशनल एसपी व सीएसपी ने किया निरीक्षण



**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। चुनाव के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं शहर के बाहर जाने वाले रास्तों पर वाहनों एवं संदिग्धों की जांच के लिए आवश्यक पुलिस बल लगाया गया है। जवानों द्वारा ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही तो नहीं बरती जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय द्वारा आज स्वयं शहर के विभिन्न चेक पॉइंट में लगे जवानों को चेक कर जवानों द्वारा वाहनों एवं व्यक्तियों के किये जा रहे जांच के तौर-तरीके देखे गए और उन्हें चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शहर के विभिन्न चेक पॉइंट का निरीक्षण के बाद अधिकारीगण द्वारा थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बडमाल एवं थाना पुसौर क्षेत्र अंतर्गत लारा चेक पोस्ट जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और कर्मचारियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सीताराम ध्रुव और उनके स्टाफ भी मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत, चालक गिरफ्तार

जांजगीर, 27 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती जिले में रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप जब्त कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, सरहर गांव के रहने वाले महावीर चंद्रा रविवार को अपनी पत्नी सरस्वती चंद्रा के साथ सक्ती आए थे। दोनों अपना काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे। सुवाडेरा पुल के पास पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पति-पत्नी पुल से नीचे गिर गए। लोगों ने देखा तो हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पति-पत्नी को निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### पं. शुक्ला की सातवीं पुण्यतिथि पर मानस गान व प्रवचन कल

जांजगीर, 27 अगस्त (देशबन्धु)। नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की सातवीं पुण्य तिथि मंगलवार 29 अगस्त को परंपरानुसार मनाई?जाएगी। गृह ग्राम तुलसी में अखंड रामायण पाठ एवं रामचरितमानस गायन व प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उनकी स्मृति में विगत 7 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को रामायण गायन एवं प्रवचन करने वाली जगदम्बा मानस मंडली को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह शाम 4॰30 बजे राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित रघुराज प्रसाद पांडे, दिनेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठा.गुलजार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डा परस शर्मा, साहित्यकार सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में होगा।

### चन्द्रहासिनी विद्यापीठ मे मतदान जागरूकता कार्यक्रम



**डभरा**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी चंद्रपुर जो की गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी मंदिर सार्वजनिक न्यास के माध्यम से संचालित है। सक्ती जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मतदान जागरूकता गत 26 अगस्त को चंद्रहासिनी विद्यापीठ स्कूल में स्विप के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में शक्ति के एसडीएम सुश्री दिव्या अग्रवाल डभरा तहसीलदार डाक्टर रविशंकर राठौर, तहसील चंद्रपुर के प्रभारी तहसीलदार अभिजीत राजभानु, डभरा नायब तहसीलदार आशीष पटेल, चंद्रपुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद राय एवं चंद्रपुर थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से मुलाकात की और उनके द्वारा निर्मित गतिविधियों को देखकर उनके कार्यों को सराहा, क्लास 8, एवं 9 वी, 10 वी के छात्र छात्राओं द्वारा बोर्ड की सजावट को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की जो की मतदान जागरूकता को दर्शा रहा था। वही छात्राओं द्वारा बनाए गए मनमोहक रंगोलियों को देखकर बच्चों को बधाई दी, छोटे बच्चों द्वारा तैयार किया गया राखी और थाली सजावट को भी बहुत सराहा गया जो की पूरी तरह से मतदान जागरूकता पर आधारित था। इस क्रम मे गिफ्ट पैकिंग, रंगोली, बोर्ड डेकोरेशन, राखी मेकिंग जैसी गतिविधियां कराई गयी। एवं आह्वान किया गया की जो इस बार प्रथम मतदान करने वाले है एवं वे सभी मताधिकार का प्रयोग करने वाले है वे लोकतान्त्रिक व्यवस्था के इस क्रम मे अपना मत दान कर अपनी सहभागिता दर्ज कराये। कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी उन्नति गायकवाड़ एवं कक्षा पांचवी की छात्रा कनक मिश्रा के द्वारा मतदान जागरूकता पर भाषण प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत चंद्रहासिनी विद्यापीठ के संगीत शिक्षक भावेश यादव द्वारा एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी गई और साथ ही नायब तहसीलदार आशीष पटेल द्वारा भी मतदान को प्रेरित करने वाला स्व रचित गीत गाया गया। बच्चों द्वारा मतदान जागरूकता से संबंधित एक नाटक का मंचन भी किया गया। उसके उपरांत सुश्री दिव्या अग्रवाल के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए मतदान जागरूकता स्विप के तहत शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में चंद्रहासिनी विद्यापीठ के संचालक अजीत पाण्डेय द्वारा बच्चो को मतदान जागरूकता से संबंधित बाते बताई गई साथ ही प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय के सभी स्टॉफ एवं बच्चो के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की गई।

# फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देश

### एसपी ने ली जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक



**जांजगीर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव व्यवस्था को देखते हुयें समीक्षा मिटिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ली गई। जिसमें जिले के राजपत्रित अधिकारी,थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहें। संवेदन सील मतदान केन्द्र एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों की जानकारी लेने के संबंध में थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। । पुलिस अधीक्षक द्वारा मिटिंग में गंभीर अपराधों एवं महिला संबधित अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ / सट्टा, आर्म्स एक्ट, में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया। थाना/चौकी क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनायें रखने हेतु अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में आदतन बदमाशों की जिला बदर की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अधिक से अधिक लंबित स्थायी / गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। थाना /चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में निवासरत् कोटवारों कि मिटिंग लेने के लिए निर्देशित किया गया। आज पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारियों का पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में अगामी विधान सभा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समीक्षा मिटिंग आहूत की गई जिसमें मिटिंग के दौरान अधिकारियों को थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों के संबंध में जानकारी लेने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया, गंभीर अपराधों एवं महिला संबधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने, जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ /सट्टा, आर्म्स एक्ट, हष्ठक्कस एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिक से अधिक कार्यवाही करने, आदतन बदमशों की जिला बदर कार्यवाही करने, अधिक से अधिक लंबित स्थायी / गिरफ्तारी वारंट तामिली करने के साथ ही थाना क्षेत्र में निवासरत् कोटवारों कि मिटिंग लेने के लिए निर्देशित किया गया।

# पत्नी का गला घोंटकर हत्या फंदे पर लटकाई लाश

### पति गिरफ्तार सास, बोली- दामाद पैसा मांग रहा था



**जांजगीर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। पत्नी की फांसी पर लटकी हुई लाश के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। ग्राम मड़वा में महिला तृप्ति शर्मा की लाश उसके घर में मिली थी। जिसे हत्या कर खुदकुशी की रूप दिया गया था। कातिल भी और कोई नहीं बल्कि उसका पति ही निकला। पति यशवंत शर्मा ने ही अपनी पत्नी की हत्या कर उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटका दी थी। ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। साथ ही वहां सुसाइड नोट भी मिला था। जिसमें लिखा था कि मेरा पति बेकसूर है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया कि शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि महिला तृप्ति शर्मा ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। मायके वालों से पूछताछ करने पर पता चला कि पति यशवंत शर्मा अक्सर उनकी बेटी से मारपीट करता रहता था। वो बेटी से हमेशा पैसे मांगता रहता था और नहीं देने पर उसकी पिटाई करता था।

आरोपी की सास ने बताया कि दामाद ने उन्हें भी फोन कर पैसे की मांग की थी, लेकिन हमने पैसे नहीं होने की बात कही, जिस पर उसने घर जाकर तृप्ति से काफी झगड़ा किया। उन्होंने बताया कि दामाद हमेशा शराब के नशे में धुत रहता था। मायके वालों के बयान पर पुलिस ने आरोपी पति यशवंत शर्मा को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि पहले उसने पत्नी तृप्ति शर्मा की गला दबाकर हत्या की।

फिर इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए उसी के दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर बरामदे की खिड़की से उसकी लाश को लटका दिया। आरोपी पति यशवंत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ धारा 302 का मामला दर्ज किया गया है।

### सुसाइड नोट में यह लिखा

3 दिन पहले ग्राम मड़वा में महिला तृप्ति शर्मा का शव फांसी पर लटकता हुआ मिला था। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें आर्थिक तंगी के कारण जान देने का जिक्र था। साथ ही लिखा था कि मेरे पति की कोई गलती नहीं है, उसे कुछ मत करना और मेरे बेटे का ख्याल रखना। आरोपी पति यशवंत शर्मा अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में कर्मचारी है। अपनी पत्नी तृप्ति और 1 साल के बेटे विवान के साथ रहता था। महिला की लाश सुबह उसके बेटे ने ही देखी थी। बताया जा रहा है कि, वारदात वाली रात आरोपी ने नाइट शिफ्ट होने की भी बात कही थी।

# घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेने सब्जी बाजार पहुंचे सांसद बघेल

**जांजगीर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदा के रेस्ट हाउस में सभी से मिलने के बाद सब्जी मार्केट में लोगों से मुलाकात कर भाजपा घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा घोषणा पत्र समिति 90 विधानसभा से सभी वर्ग से मुलाकात कर सुझाव लेगी।

> **भाजपा घोषणा पत्र समिति 90 विधानसभा से सभी वर्ग से मुलाकात कर सुझाव लेगी**

विधानसभा चुनाव के लिए लिए प्रदेश भाजपा ने घोषणा पत्र समिति का गठन किया है। इस समिति के प्रदेश संयोजक व सांसद विजय बघेल 26 अगस्त बलौदा पहुंचे। विश्राम गृह में उनका स्वागत विधायक सौरभ सिंह एवं कार्यकर्ताओं ने किया। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारी संघ, व्यापारियों, किसान, कोटवार संघ, सचिव संघ, यादव समाज, दैनिक वेतनभोगी, रोजगार सहायक संघ, शिक्षक फेडरेशन संघ सभी ने इनसे मुलाकात कर भाजपा घोषणा पत्र के लिए अपना सुझाव दिए। रेस्ट हाउस में सभी से मिलने के बाद सब्जी मार्केट में लोगों से मुलाकात कर भाजपा घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा घोषणा पत्र समिति 90 विधानसभा से सभी वर्ग से मुलाकात कर सुझाव लेगी। प्रदेश सरकार अपनी घोषणा को पूरा करने में पूरी तरह असफल है। सरकार बनने पर जिसे हम पूरी कर सके ऐसा घोषणा पत्र रहेगा। कांग्रेस चुनाव जीतने के बाद अपनी घोषणा को भूल जाती है। कांग्रेस ने झूठा घोषणा पत्र दिखा कर छल कर धोखा देकर चुनाव जीत हासिल की। भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस की घोषणा पत्र से अच्छा ही रहेगा। अभी तक हम लोगों के पास 75 हजार से अधिक सुझाव आ चुके हैं। लोग अपना सुझाव लिखित में, वाट्सएप में माध्यम से हम तक पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस सरकार नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना में पूरी तरह फेल है। किसानों को सोसायटी के माध्यम से जबरदस्ती वर्मी कम्पोस्ट को दे रही है। हम लोगो ने इसका विरोध भी किया है। गोठान में मवेशियों को रखने के बजाय सड़कों में मवेशियों का जमावड़ा है। केवल अपनी जेब भरने वाली ही योजनाएं लाई जाती है। जल जीवन मिशन के पैसे को दूसरे मद में उपयोग किया जाता है, केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पीने की पानी की व्यवस्था के लिए इस योजना को लाई है। जिसमे राज्य सरकार घोर लापरवाही कर रही है। सरकार बनते ही सभी की जांच कराई जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना का सही लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। असम के विधायक जीतू गोस्वामी ने कहा कि यहां की जनता बहुत ही अच्छी है। छत्तीसगढ़ भाजपा का गढ़ है,यहां लोगों व कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद छत्तीसगढ़ में फिर भाजपा की सरकार बनेगी। विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि प्रदेश की सरकार पूरी तरह से विफल है, भाजपा अपनी छाप व अपने कार्यकर्ताओं के दम में चुनाव लड़ती है।

## हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। ताश खेलने से मना करने पर युवक के ऊपर डंडे और राड से ताबड़ तोड़ हमला करने से घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत होने के मामले में बलौदा पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 13 जुलाई को आरोपी दाऊवा उर्फ पुरुषोत्तम दास महंत, हेमंत दास महंत, रूबल दास महंत सभी निवासी उसलापुर बलौदा एवं उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर आम जगह पर ताश खेल रहे थे, तभी मृतक शंकर दास उम्र 37 साल द्वारा आरोपिगणों को तास खेलने से मना किया तब आरोपियों द्वारा एक राय होकर शंकर दास को टंगिया, राड, डण्डा से हत्या करने की नियत से प्राण घातक हमला कर दिया जिससे मृतक को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट लगी थी, जिसको इलाज के लिए परिजनों के द्वारा सिम्स अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किये थे। 15 जुलाई को इलाज के दौरान शंकर दास का मृत्यु हो गयी मर्ग डायरी थाना बलौदा को प्राप्त होने पर तथा गवाहों कथन के आधार पर आरोपी दाऊवा उर्फ पुरुषोत्तम दास महंत, हेमंत दास महंत, रूबल दास महंत सभी निवासी उसलापुर बलौदा आरोपियों के विरूद्ध अपराध 302, 120 बी 201, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण के आरोपी दाऊवा उर्फ पुरूषोत्तम दास महंत, हेमंत दास महंत, रूबल दास महंत को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जाने पर गिरफ्तार कर आज 27 अगस्त को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी, सउनि कौशल सिदार, प्रतिमा राठौर, प्रआर प्रीतम कंवर, गजाधर पाटनवार, श्यामभुषण राठौर, संतोष रात्रे, अमन राजपूत, जितेन्द्र कुर्रे का योगदान रहा।

### लिंक रोड के होटल में युवक की संदिग्ध परिस्थिति मे मिली लाश



**जांजगीर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के लिंक रोड मे स्थित मयंक होटल के 109 नबर के कमरे में आज एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति मे लाश मिली है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके में पहुंची और शव का पंचनामा किया। पुलिस ने युवक की पहचान पुणे के अभिषेक कुमार के रूप में किया है। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई और शव के पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया कि अभिषेक 24 अगस्त को जांजगीर के गोयल इंटर प्राइजेज से 3 लाख रूपये लेने आया था। और मयंक होटल में रुका और उसके बाद होटल के कमरे से दो दिन तक किसी तरह की हलचल नहीं हुई 26 अगस्त की रात होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। और पुलिस की मौजूदगी मे कमरे का ताला खोला गया। बेड के ऊपर पड़े मृतक के शरीर में एक भी कपड़ा नहीं था। और बेड मे बीपी शुगर की दवाइयाँ भी रखी थी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जाँच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद लीं है। और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह मिल पायेगा।

# मृत व्यक्ति की फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार









**जांजगीर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। मृत व्यक्ति का फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर जमीन रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर धोखाधडी करने वाला आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि भीषम राठौर उम्र 57 साल निवासी कैलाश नगर रेलवे कालोनी चाम्पा द्वारा लिखित आवेदन दिया कि संतोश देवांगन, योगेश यादव निवासी चाम्पा द्वारा मृत व्यक्ति का फर्जी आधार कार्ड के आधार पर फर्जी ऋष्ठ पुस्तिका तैयार कर फर्जी व्यक्ति खड़ाकर 08 अक्टूबर 2020 को जमीन का सौदा किया था। 70 हजार प्रतिडिसमिल की दर से 0.65 एकड़ जिसका खसरा नं 291 / 1 जिसमें 05 लाख रूपया नगद आरोपी संतोष देवांगन, योगेश यादव को देकर इकरारनामा 08 अक्टूबर 2020 को किया गया था। रजिस्ट्री कराने के लिए बोलने पर 08 सितंबर 2021 को 06 लाख रूपए लिया था किन्तु रजिस्ट्री नही कर। समय का मांग किया पुन: 20 अक्टूबर 2021 को नाथू राम के नाम से 2,50,000 रू.चेक दिया था, किन्तु जमीन रजिस्ट्री नही होने से प्रार्थी जमीन मालिक नाथू राम देवांगन के आधार कार्ड के पते पर बलौदा पता करने गया, तब जानकारी हुई की उक्त नाथूराम नाम का व्यक्ति कोई ग्राम बलौदा में निवासरत नहीं है, तथा गांव वाले ने बताया कि इस नाम का कोई व्यक्ति नही रहता है। प्रार्थी द्वारा आरोपियों को बोला कि नाथू राम नाम का कोई व्यक्ति नहीं है और न ही उसका जमीन है। तुम लोगो द्वारा धोखाधड़ी कर फर्जी इकरारनामा निष्पादित किये हो कहकर पैसा वापस करने की मांग की। प्रार्थी कि लिखित सूचना पर आरोपियों के विरूद्ध थाना चाम्पा ने धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी. 201 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। आरोपी योगेश यादव उम्र 39 साल निवासी जगदल्ला चाम्पा थाना चाम्पा एवं संतोष देवांगन उम्र 45 साल निवासी रानीरोड हनुमान चौक चाम्पा थाना चाम्पा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी सउनि रामप्रसाद बघेल एवं थाना स्टॉफ का साराहनीय योगदान रहा।

# युवक का शव मिलने के मामले में एसपी से मिले परिजन

### हत्या का जताया सन्देह तिलाईपाली की घटना



**रायगढ़** 27 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कल घरघोड़ा के ग्रामीण पहुंचे और ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बीते 21 तारीख को चित्रसेन धोबा की लाश मिली थी। जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से की है। कई लोगों पर मृतक के परिवार जनों ने हत्या की आशंका भी जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि अभी जांच जारी है जांच उपरांत थी मामले का खुलासा हो पाएगा।

रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कल घरघोड़ा के ग्राम तिलाईपाली के ग्रामीण ज्ञापन लेकर पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि बीते किस तारीख को गांव के काजू पेड़ के पास चित्रसेन धोबा का शव मिला। प्रथम दृष्टि में घरघोड़ा पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है और जांच चल रही है। पर वही मृतक के परिवार का आरोप है कि यह मामला आत्महत्या का नहीं बल्कि हत्या का है और परिवार के सदस्यों ने कुछ लोगों पर हत्या करने की आशंका भी जाहिर की है। मृतक के परिवार जनों का आरोप है कि मृतक के शरीर में कई जगह चोट के निशान भी है जिससे यह मामला निसंदेह हत्या का प्रतीत होता है। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्यवाही एवं जांच की मांग मृतक के परिवारजन और साथियों ने की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों का ज्ञापन लिया है और उन्हें आश्वासन दिया है कि सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की विस्तृत खुलासा किया जाएगा। अभी जांच जारी है। अब देखना लाजमी होगा कि भविष्य में पीएम रिपोर्ट में क्या सामने निकल कर आता है और तभी मामला हत्या का है या की आत्महत्या पता चल पाएगा।

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बगलान प्रांत में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी एवं तीन अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब आठ बजे शनिवार को हुआ। एक कार बगलान प्रांत के बानू अंद्राब जिले में सड़क के किनारे नदी में गिर गई। जर्जर सड़कें, पुराने वाहन, यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना पर्वतीय देश में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। पिछले तीन महीनों में युद्धग्रस्त देश में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 400 लोग मारे गए हैं।

# देश विदेश

# जी-20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि व विकास : एस. जयशंकर

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देशों पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास है और अगर कम विकसित देशों की चिंताएं दूर नहीं होंगी, तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है।

■ **विभिन्न कारणों से कम विकसित देश उपभोक्ता बनकर रह गए**



**अगर कम विकसित देशों की चिंताएं दूर नहीं होंगी, तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है: एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

जयशंकर ने रविवार को यहां 'भूमिका' विषय पर बी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है और अगर उन क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ (कम विकसित) की महत्वपूर्ण चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है।

उन्होंने आगे कहा, विभिन्न कारणों से, ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश बड़े पैमाने पर उत्पादक के बजाय उपभोक्ता बनकर रह गए। उनका योगदान अक्सर अन्यत्र विनिर्माण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्हें आर्थिक परिवर्तन का पूरा लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ पर वर्तमान फोकस इस वैश्विक दृढ़ विश्वास से उत्पन्न होता है कि ये ऐसे देश हैं, जो वास्तव में विशेष देखभाल के पात्र हैं। ये असाधारण तनाव वाले समाज भी हैं, जिन पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो यह विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव बन जाएगा।

भारत की जी20 की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कहा, जब भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता संभाली थी, तो हम पूरी तरह से सचेत थे कि जब हम मिलेंगे, तो अधिकांश ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश मेज पर नहीं होंगे। मंत्री ने कहा, उन्हें निष्पक्ष सुनवाई प्रदान किए बिना उनकी चिंताओं पर चर्चा करना बेहद अनुचित प्रतीत होता है। इसलिए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी में वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट बुलाने का फैसला किया। हमने 125 देशों से सीधे उनकी चुनौतियों और प्राथमिकताओं के बारे में सुना। उन्होंने कहा, उनकी ओर से इसे जी20 एजेंडे का केंद्र बनाया गया है।

जयशंकर ने आगे कहा, यह एक निर्विवाद वास्तविकता है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली पर ग्लोबल नॉर्थ (विकसित) देशों का वर्चस्व बना हुआ है। यह स्वाभाविक रूप से जी20 की संरचना में भी परिलक्षित होता है।

# रूस के कुर्स्क में ड्रोन ने अपार्टमेंट बिल्डिंग को बनाया निशाना

**मॉस्को,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के कुर्स्क शहर में शनिवार देर रात एक ड्रोन एक अपार्टमेंट की इमारत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कुछ मंजिलों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने विमान-प्रकार के ड्रोन के साथ रूसी क्षेत्र पर हमला करने की कोशिश की। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने ब्रांस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में दो ड्रोन को मार गिराया। श्री स्टारोवोइट ने टेलीग्राम पर लिखा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुर्स्क में कार्ल मार्क्स स्ट्रीट पर एक अपार्टमेंट इमारत में रात में एक ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कुछ मंजिलों पर खिड़कियां उड़ गईं। विस्फोट की लहर ने पास के कुर्स्क राज्य कृषि अकादमी के इंजीनियरिंग संकाय की इमारत में कई खिड़कियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।



## यूक्रेनी अनाज आयात प्रतिबंध को बढ़ाने के फैसले की कीव ने की निंदा

**कीव।** यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के पांच देशों द्वारा यूक्रेनी अनाज आयात प्रतिबंध को बढ़ाने की योजना की निंदा की है। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पोलैंड, स्लोवाकिया, बुल्गारिया, रोमानिया और हंगरी ने यूक्रेनी अनाज पर आयात प्रतिबंध को बढ़ाने की मांग की है, ताकि अपने कृषि क्षेत्र की रक्षा की जा सके। मंत्रालय ने शनिवार को कहा, यूरोपीय आयोग का प्रतिबंध 15 सितंबर को समाप्त होने के बाद, हम यूक्रेन से कृषि उत्पादों के आयात पर व्यापार प्रतिबंध जारी रखना पूरी तरह से अस्वीकार्य मानते हैं। मंत्रालय ने यूरोपीय संघ और इसमें शामिल देशों से इस मुद्दे पर सही निर्णय लेने का भी आह्वान किया।

## सुडोकू 6299


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6299



**बायें से दायें:-**

१. दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीरा, बेमज़ा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निंदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. के स्थान पर, के बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष, योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़तापूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. दोष या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य, सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या, कुँआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरूआत
२०. जड़ी-बूटियों या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो, अधो

### वर्ग पहेली-6298



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

# दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 28 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 10**

## राशिफल

मेष -आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ -सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन -आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क -व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

सिंह -प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या -आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

तुला -नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप के मन पर उदासी छायी रहेगी।

वृश्चिक -निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

धनु -आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर -कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें। दुर्घटना का भय बना रहेगा।

कुंभ -आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मनदु:ख होने से घर का वातावरण दूषित होगा।

मीन -आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## सीरिया में विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत

**दमिश्क,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में शनिवार को विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गए। मानवाधिकारों के लिए सीरिया वेधशाला (एसओएचआर) ने कहा कि हमलावरों ने हमला किया और इदलिब के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सेना की चौकियों के नीचे सुरंगों में छिपाए गए विस्फोटक उपकरणों में विस्फोट कर दिया। वेधशाला ने कहा कि हमलावर अंसार अल-तौहीद गुट और तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट सहित गुटों से हैं, दोनों हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सहयोगी हैं। एचटीएस और सीरियाई सेना के बीच तनाव बढ़ रहा है, दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी हो रही है। वेधशाला के अनुसार, एक दिन पहले, उत्तरी सीरिया में अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में सैन्य बलों ने सात एचटीएस सदस्यों को मार गिराया था। सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, सोमवार को सीरियाई बलों ने इदलिब और हमा के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में एचटीएस द्वारा भेजे गए तीन हथियारबंद ड्रोनों को रोका और मार गिराया।

# पाकिस्तान में अगस्त महीने में 42 आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने अगस्त में प्रतिबंधित संगठनों के 42 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आठ, इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन और अल-कायदा के दो आतंकवादी शामिल हैं।



ये सभी पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि सीटीडी ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पूरे प्रांत में 1,000 से अधिक तलाशी अभियान चलाए। सीटीडी की ओर से जिन जगहों पर अभियान चलाया गया, उनमें लाहौर, रावलपिंडी, बहावलपुर, गुजरांवाला, मुल्तान, सरगोधा, चिनियट, कसूर और मंडी बहाउद्दीन जिले शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी दहशतगर्दी की गतिविधियों में शामिल थे या उन्होंने विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही अपने संबंधित संगठनों के लिए नए लोगों की भर्ती करने का भी काम कर रहे थे। सीटीडी ने अभियान के दौरान आतंकवादियों से हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा जब्त किया।

## पाकिस्तान में सड़क हादसे में सात की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मानसेहरा जिले में शनिवार को एक यात्री वैन के पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राहत एवं बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मानसेहरा जिले के मांगला इलाके में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वह सड़क से उतर गया और पलट गया, जिससे कई लोग हताहत हो गए। राहत ए?वं बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को अस्पतालों में पहुंचाया। मृतकों में छह पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

# ऋषि सुनक को भारत के साथ व्यापार वार्ता पर हितों के नए टकराव का करना पड़ रहा सामना

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक को अगले महीने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हितों के एक नए टकराव का सामना करना पड़ रहा है, इसमें दावा किया गया है कि उनके परिवार को ब्रेक्जि?ट के बाद के व्यापार सौदे से वित्तीय लाभ हो सकता है, जिस पर वह भारत के साथबातचीत कर रहे हैं। मीडिया ने यह जानकारी दी।



सांसदों और व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि बेंगलुरु स्थित अंतरराष्ट्रीय आईटी सेवाओं और परामर्श कंपनी इंफोसिस, द गार्जियन में उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की लगभग 500 मिलियन पाउंड की हिस्सेदारी से संबंधित संभावित पारदर्शिता मुद्दों पर सरकार के उच्चतम स्तर पर चिंताएं हैं। लेबर और सर्वदलीय हाउस ऑफ कॉमन्स और व्यापार चयन समिति के अध्यक्ष ने शनिवार रात सुनक को अपनी पत्नी के वित्तीय हितों के बारे में अधिक खुला रहने के लिए कहा, यह देखते हुए कि इंफोसिस किसी भी समझौते का प्रमुख लाभार्थी हो सकता है। एक प्रमुख विशेषज्ञ ने कहा कि उन्हें खुद को व्यापार वार्ता से पूरी तरह अलग कर लेना चाहिए। व्यवसाय और व्यापार चयन समिति के लेबर अध्यक्ष डैरेन जोन्स ने कहा, जैसा कि प्रधान मंत्री को हाल ही में पता चला है, यह महत्वपूर्ण है कि वह किसी भी हित की उचित घोषणा करें। मैं उम्मीद करता हूं कि वह भारत व्यापार समझौते के संबंध में भी ऐसा करेंगे। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, यह कॉल तब आई, जब प्रधानमंत्री की मुखर आलोचक और पूर्व संस्कृति सचिव नादिन डोरिस ने आखिरकार एक सांसद के रूप में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## ब्रिटेन बांग्लादेश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है : सीईसी

**ढाका,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) काजी हबीबुल अवल ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन देश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है। श्री अवल ने यहां अगरगांव चुनाव भवन में ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक के साथ बैठक के बाद कहा कि ब्रिटेन बंगलादेश में भागीदारीपूर्ण चुनाव देखना चाहता है। उन्होंने कहा, हम भी चाहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र और भागीदारीपूर्ण हों। साथ ही, ब्रिटिश उच्चायुक्त भी जानना चाहते थे कि पत्रकार स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं या नहीं।

ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक ने कहा कि ब्रिटेन बांग्लादेश में आगामी बारहवें संसदीय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण देखना चाहता है। सीईसी के साथ बैठक में पर्यवेक्षकों, मीडिया की भूमिका और आगामी चुनावों में प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुबह करीब 11 बजे चुनाव भवन स्थित अपने कार्यालय में ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक के साथ बैठक की।

## सुडोकू 6299 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## आज का इतिहास

1600-मुग़लों ने अहमदनगर पर क़ब्ज़ा किया।
1845-प्रसिद्ध पत्रिका साइंटेफिक अमरीकन का पहला संस्करण छपा।
1858-उंगलियों के निशान को पहचान बनाने वाले ब्रिटिश विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म।
1904-कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन
1913-भोपाल सियासत की राजकुमारी एवं भारत की पहली महिला पायलट आबिदा सुल्तान का जन्म।
1914-प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत हुई।
1916-प्रथम विश्वयुद्ध में इटली ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1928-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भूतपूर्व अध्यक्ष एम.जी.के. मेनन का जन्म।
1956-इंग्लैड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर एशेज पर कब्जा जमाया।
1972-साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित किया गया।
1984-सोवितय संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1986-भाग्यश्री साठे शतरंज में ग्रैंडमास्टर बनने वाली पहली महिला बनी।
1990-ईराक ने कुवैत को अपना 19वाँ प्रान्त घोषित किया।
1992-कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में भारत के लिये कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी अन्नू रानी का जन्म।
1996-इंग्लैंड के प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी डायना ने औपचारिक तौर पर तलाक लिया।
1999-मेजर समीर कोतवाल आसाम में उग्रवादियों के एक गुट के साथ लडाई में शहीद हो गये।

**साक्षात्कार** भारत कर रहा सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग

# अमेरिका सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग का समर्थन करता है : गारसेटी

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा है कि उनका देश भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग का पुरजोर समर्थन करता है। श्री गारसेटी ने एक साक्षात्कार में कहा कि समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों के विस्तार आवश्यकता है। इस सवाल पर कि भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता में क्या बाधाएं हैं और भारत कब तक इसका सदस्य बन सकता है,

अमेरिकी राजदूत ने कहा, अमेरिका इसमें शामिल होने की भारत की इच्छा के समर्थन में है। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का पुरजोर समर्थन करता है। हमें समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों की आवश्यकता है। क्षेत्रों और देशों की ताकत और महत्व संयुक्त राष्ट्र में समान रूप से प्रतिबिंबित होना चाहिए। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र में नियम हैं, और हम अधिक से अधिक वोट पाने की कोशिश में भारत के बहुत समर्थक हैं, लेकिन मूल रूप से, दुर्भाग्य से, अमेरिका से नहीं, बल्कि एक और देश से ही आपत्ति होती रही है, और हमें इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा।

■ **'समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों के विस्तार आवश्यकता है'**



मुझे लगता है कि जी-20 के बाद अधिक देश देखेंगे कि भारत का नेतृत्व कितना महत्वपूर्ण है, और मुझे आशा है कि इससे भारत को अधिक समर्थकों को जुटाने के अभियान में मदद मिलेगी और जल्द ही एक दिन अंततः हम इसे साकार होते देखेंगे। यह पूछे जाने पर कि वह भारत की जी-20 अध्यक्षता को किस प्रकार देखते हैं, श्री गारसेटी ने कहा, यह आश्चर्यजनक रहा है। मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। मुझे विभिन्न शहरों में प्रेरणा मिली है। मैं भौगोलिक विस्तार से प्रभावित हूं, लेकिन मैं भारत की वास्तविक गहराई से भी बहुत प्रभावित हूं, चाहे वह प्रौद्योगिकी, संस्कृति, वाणिज्य, पर्यटन, कला, मातृभूमि सुरक्षा हो। भारत ने दुनिया भर से लोगों को इसमें एकत्र किया है, मैं यह भी सोचता हूं कि भारत अतीत और भविष्य के बीच, पूर्व और पश्चिम के बीच, उत्तर और दक्षिण के बीच एक महान सेतु रहा है। हम न केवल दुनिया के लिए एक सफल जी-20 देखना चाहते हैं, बल्कि हम डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी संरचना, पर्यावरण और वैकल्पिक चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भी भारत के नेतृत्व को बढ़ाना चाहते हैं। हम यह दिखाना चाहते हैं कि भारतीय मूल्य दुनिया की भलाई में कैसे योगदान दे सकते हैं। श्री गारसेटी ने पूछे जाने पर कि क्या भारत और अमेरिका अब करीबी सहयोगी और रणनीतिक साझेदार हैं।

## दुनिया को जानें

### भारतीय मूल के डॉक्टर ने कार्डियक अरेस्ट से पहले लक्षणों का लगाया पता

**न्यूयॉर्क,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। महिलाओं के लिए कार्डियक अरेस्ट का सबसे प्रमुख लक्षण सांस लेने में तकलीफ है, जबकि पुरुषों को सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है, एक प्रतिष्ठित भारतीय मूल के स्वास्थ्य विशेषज्ञ के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने यह खुलासा किया है।

कार्डियक अरेस्ट विशेषज्ञ सुमीत चुघ के नेतृत्व में लॉस एंजिल्स में सीडर्स-सिनाई मेडिकल सेंटर के स्मिड्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के अध्ययन में पाया गया कि 50 प्रतिशत व्यक्तियों ने कार्डियक अरेस्ट से पहले चेतावनी के संकेतों का अनुभव किया। पीयर-रिव्यू जर्नल लैंसेट डिजिटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, चुघ के नेतृत्व वाली टीम को पता चला कि यह चेतावनी लक्षण पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए अलग था। दोनों लिंगों के छोटे उपसमूहों ने धड़कन, दौरे जैसी गतिविधि और फ्लू जैसे लक्षणों का अनुभव किया। चुग ने कहा, कार्डियक अरेस्?ट से पहले चेतावनी के लक्षणों को पहचान कर शीघ्र हस्तक्षेप और आसन्न मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारे निष्कर्ष अचानक हृदय संबंधी मृत्यु की रोकथाम के लिए एक नए प्रतिमान को जन्म दे सकते हैं।

# खेल जगत

## पाउला बादौसा, बियांका आंद्रेस्कू चोटों के कारण यूएस ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क ( यूएस ),** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 2 स्पैनियार्ड पाउला बादौसा और 2019 चैंपियन कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू चोटों के कारण वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन से हट गयी हैं। मंगलवार को टूर्नामेंट के पहले दौर में बादौसा का सामना वीनस विलियम्स से होना था। विलियम्स का अब या तो क्वालीफायर या भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी से मुकाबला होगा। पीठ की चोट के कारण विंबलडन के दूसरे दौर के मैच से रिटायर होने के बाद से स्पैनियार्ड खेलने में असमर्थ है। वर्तमान में 47वें स्थान पर मौजूद बादौसा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि चोट के कारण उन्हें अपना सीज़न बंद करना पड़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई महीनों तक संघर्ष करने के बाद, मैं अपना सीज़न समाप्त कर रही हूं।आपमें से जो लोग मुझे जानते हैं वे जानते हैं कि मुझे प्रतिस्पर्धा करना कितना पसंद है।



# हेडन ने सैमसन को अपनी भारतीय टीम में शामिल किया, दोनों कलाई के स्पिनरों को बाहर रखा




**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आगामी विश्व कप 2023 के लिए अपनी भारतीय टीम का ऐलान किया और कुछ बड़ी घोषणाएं कीं। हेडन ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को नाराज कर दिया। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, जिस काम से उन्हें सबसे ज्यादा नफरत है वह टूर्नामेंट के लिए किसी टीम का चयन करना है। भारतीय संदर्भ में, मैं संजू सैमसन को टीम में देखना पसंद करूंगा। साथ ही भारत को बल्लेबाजों से ज्यादा ऑलराउंडरों की जरूरत है इसलिए अक्षर पटेल तिलक वर्मा से बेहतर विकल्प होंगे।

हेडन द्वारा चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह , विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन और अक्षर पटेल। एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम की घोषणा 21 अगस्त 2023 को की गई, जिसमें कुछ आश्चर्यजनक नाम शामिल थे।

सबसे अधिक प्रत्याशित था जादूगर स्पिनर युजवेंद्र चहल का बाहर होना। पूरी तरह से फिट नहीं होने के बावजूद केएल राहुल को टीम में चुना गया। चहल की जगह कुलदीप को चुनने का फैसला टीम संतुलन को ध्यान में रखते हुए लिया गया। अक्षर के बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने से बल्लेबाजी को और अधिक गहराई मिलेगी। पिछले वर्षों में कुलदीप का प्रदर्शन वाकई शानदार रहा है, पिछले 9 वनडे मैचों में उन्होंने 18 विकेट लिए थे। सैमसन एशिया कप में बैकअप खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे. वह केएल राहुल के संभावित प्रतिस्थापन हैं जो मामूली चोट से पूरी तरह उबर रहे हैं।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल के आईपीएल सीज़न और आयरलैंड के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन फिर भी टीम में जगह नहीं बना सके।

## रैंकिंग नहीं एशिया कप पर फोकस : बाबर

**कोलंबो,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। पाकिस्तान क्रिकेट द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कप्तान बाबर आजम और कोच मिकी आर्थर ने टीम को संबोधित किया और सीरीज जीत का जश्न मनाया।

टीम को संबोधित करते हुए बाबर ने कहा, अगर हम वनडे क्रिकेट में नंबर-1 टीम बने हैं तो यह हमारी कड़ी मेहनत का नतीजा है। सीरीज की जीत निश्चित रूप से एक बहुत ही शानदार एहसास है और हमने एक साथ खेलते हुए जो एकता दिखाई है, उसे हमें आगे भी जारी रखना होगा। प्रत्येक व्यक्ति ने टीम के प्रति जो निस्वार्थता और प्रतिबद्धता दिखाई है वह वास्तव में टीम के लिए बहुत अच्छा है। इस जीत का आनंद लीजिए, लेकिन यह मत भूलिए कि चार दिन बाद हमें एशिया कप खेलना है और हमें इस लय को आगे भी जारी रखना है। इस टीम के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यहां कोई भी व्यक्तिगत रिकॉर्ड के बारे में बात नहीं करता है, सभी एक टीम के रूप में खेलते हैं और यह बहुत खास है।

अपनी जिम्मेदारी पर आजम ने कहा कि उन्हें प्रत्येक खिलाड़ी पर नजर रखने और टीम का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली और इसे 3-0 से जीत लिया।

इसी वीडियो में, कोच मिकी आर्थर ने भी नंबर-1 वनडे रैंकिंग पर अपनी भावना व्यक्त की और कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में नंबर-1 टीम होने का अहसास बेहद खास है, लेकिन इसे कभी भी हल्के में न लें। आप सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और यह आपकी उपलब्धि है। इसलिए जितना हो सके इसका आनंद लें तथा और अधिक के लिए मेहनत करते रहें।

# जापान को रौंदने के बाद भारतीय महिलाओं की निगाहें थाईलैंड पर फतह पर



**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में शनिवार को जापान के खिलाफ 7-1 से बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित भारतीय महिला टीम की निगाहे रविवार को थाईलैंड को धूल चटाने के साथ ही जीत की हैट्रिक पर होगा।

ओमान के सलालाह में खेली जा रही प्रतियोगिता में भारतीय लड़कियों ने जापान के खिलाफ 7-1 से जीत दर्ज की थी। भारत की ओर से महिमा चौधरी ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक दो गोल सातवें और 30वें मिनट पर दागे थे जबकि अक्षता ढेकाले (8%), मारियाना कुजूर (12%), ज्योति (23%), मोनिका दीपी टोप्पो (27%) और अजमीना कुजूर (30%) ने भी जापान को रौंदने में कोई कोर कसर नहीं छोडी थीं। जापान के लिए एकमात्र गोल रीसा नाकासेची ने मैच के नौवें मिनट पर किया था।

अपने पहले मैच में जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक शुरुआत की और खेल के सातवें मिनट में शानदार फॉर्म में चल रही महिमा चौधरी ने गोल किया। एक मिनट बाद, भारत ने अक्षता ढेकाले (8%) के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हालाँकि, जापान ने रीसा नाकासेची (9%) के माध्यम से एक को पीछे खींच लिया। इसके बाद भारत ने तुरंत जवाबी हमला किया और मारियाना कुजूर (12%) की मदद से अपनी बढ़त बढ़ा दी। पहले हाफ की समाप्ति पर भारत जापान से 3-1 से आगे था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार फायरिंग की और एक-दूसरे के गोल के सामने कुछ खतरनाक मूव बनाए लेकिन मौके भुनाने में असफल रहीं। ज्योति ने 23वें मिनट में भारत का स्कोर 4-1 कर दिया. मोनिका डिपी टोप्पो (27%) ने तीन मिनट शेष रहते हुए गोल करके भारत का स्कोर 5-1 कर दिया। अजमीना कुजूर (30%) और महिमा चौधरी (30%) ने अंतिम दो मिनट में दो और गोल किए जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच 7-1 से जीत लिया।

## विश्व चैंपियनशिप : पहली बार 4 गुणा 4 मीटर रिले के फाइनल में भारत

**बुडापेस्ट,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। मोहम्मद अनस यहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष 4 गुना 4 मीटर रिले फाइनल में क्वालीफाई कर लिया है।

भारतीय टीम शनिवार को पहले चरण के बाद छठे स्थान पर थी लेकिन अमोज की अद्भुत दौड़ ने भारतीय टीम को दूसरे स्थान तक पहुंचाया, जबकि अजमल और राजेश ने दौड़ का शानदार अंत करते हुए दो मिनट 59`.5 सेकंड का नया एशियाई रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

इससे पहले एशियाई रिकॉर्ड जापान (दो मिनट, 59.51 सेकंड) के पास था, जो उसने विश्व चैंपियनशिप 222 में बनाया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में तीन मिनट`.25 सेकंड में पिछला एशियाई रिकॉर्ड बनाया था और एक बार फिर जापान को पछाड़कर महाद्वीप में अपना वर्चस्व कायम किया। हीट 1 की दौड़ में भारतीय टीम कुछ क्षण के लिए सबसे आगे भी रही लेकिन अंततः अमेरिका ने दो मिनट और 58.47 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। ग्रेट ब्रिटेन ने दो मिनट 59.42 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रत्येक दो हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमें और अगले दो सबसे तेज फिनिशर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

# विश्व कप क्वॉलिफायर में सकारात्मक नतीजे को बेताब : मनदीप मोर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 अगस्त (देशबन्धु)। मनदीप मोर की अगुआई भारत की पुरुष हॉकी टीम ओमान में 29अगस्त से 2 सितंबर तक होने वाले पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर में इलीट पूल में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से रविवार को ओमान रवाना हुई। मोहम्मद रहील मोहसिन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान होंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम इलीट पूल में मलयेशिया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और बांग्लादेश के साथ है। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान का आगाज 29 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से करेगी और अगले दिन ओमान और पाकिस्तान से भिड़ने के बाद इलीट पूल मैचों में 31 अगस्त कको मलयेशिया और जापान से भिड़ेगी। ओमान की टीम ने मेजबान के नाते पहले ही एशिया से हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। हांगकांग, चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान की टीम चैलेंजर्स पूल में हैं। भारत के कप्तान मनदीप मोर ने टीम के रवाना होने से पूर्व कहा, हमारी टीम खासी



■ **एशियन हॉकी : उपकप्तान रहील मौसीन बोले, लक्ष्य सीधे हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करना**

मजबूत है। हम टूर्नामेंट के लिए बढिया ढंग से तैयार की और इसके शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में इस फॉर्मेट में शिरकत करने वाली सभी टीमें खासी मजबूत है। पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर चूंकि 2024 के हॉकी 5 विश्व कप का क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट है और हमारी टीम इसीलिए सकारात्मक नतीजे हासिल करने को बेताब है।'

भारत के उपकप्तान मोहम्मद रहील मौसीन ने कहा, हम पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। हम इसमें शिरकत करने वाली सभी प्रतिद्वंद्वी की रणनीति का आकलन कर उसी के मुताबिक अपनी रणनीति बनाई है। हमें इस टूर्नामेंट में बढिया प्रदर्शन करने का विश्वास है। हमारा लक्ष्य एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर जीत सीधे हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करना है।'

**भारत की पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है : गोलरक्षक :** सूरज करकेरा,। **रक्षापंक्ति :** जुगराज सिंह,डिप्सन टिर्की, सुखविंदर सिंह, मनदीप मोर (कप्तान) ।**मध्यक्ति :** मनिंदर सिंह, मोहममद रहील मोसीन(उपकप्तान), **अग्रिम पंक्ति :** पवन राजभर, गुरजोत कौर।

## सार संक्षेप

### लायल्स ने विश्व चैंपियनशिप में जीता तीसरा स्वर्ण

**बुडापेस्ट।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 में आठवें दिन का समापन संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुशी के साथ हुआ, क्योंकि नोआ लायल्स और फिर शा%कैरी रिचर्डसन ने संबंधित पुरुष और महिलाओं के 4×1` मीटर फाइनल में फेथ किपयेगॉन की 5` मीटर में और मोंडो डुप्लांटिस की पोल वॉल्ट में पिछली ट्रेडमार्क जीत के बाद जीत दर्ज की। चेज़ एली शॉट पुट में कई विश्व खिताब विजेता भी बने, जबकि मार्को अरोप ने 8` मीटर में पहला वैश्विक स्वर्ण जीता और पियर्स लेपेज ने डेकाथलॉन में कनाडा के लिए एक और जीत दर्ज की।

### एशिया कप के लिए सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल

**इस्लामाबाद।** एशिया कप के लिये पाकिस्तान ने तय्यब ताहिर की जगह मध्य क्रम के बल्लेबाज सऊद शकील को जगह दी है। ताहिर अब रिज़र्व के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। शकील के नाम सिर्फ़ पांच वनडे मैच हैं, लेकिन उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है। सात टेस्ट मैचों में उनके नाम एक दोहरे शतक सहित दो शतक और छह अर्धशतक हैं। लिस्ट ए मैचों में भी उनके नाम 44.44 की औसत से 2489 रन हैं। शकील अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ आख़िरी वनडे में एकादश का हिस्सा थे, जहां उन्होंने रन आउट होने से पहले छह गेंदों पर नौ रन बनाए। अब वह रविवार को पाकिस्तानी टीम के साथ मुल्तान पहुंचेंगे। अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ श्रीलंका में खेल रही पाकिस्तानी टीम एशिया कप की तैयारियों के लिए मुल्तान पहुंचेगी। हालांकि बाबर आज़म, इमाम-उल-हक़ और नसीम शाह जैसे कुछ नाम सोमवार शाम टीम से जुड़ेंगे। 3 अगस्त को एशिया कप के शुरुआती मुक़ाबले में पाकिस्तान की टीम मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगी।


### वर्ल्ड कप मैच की टिकट बुकिंग में परेशान हुए मुंबईकर

**नई दिल्ली।** विश्व कप-223 में गैर-भारतीय मैचों के टिकटों की बिक्री, 24 अगस्त (मास्टरकार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए) और 25 अगस्त को आम जनता के लिए 8 बजे शुरू हुई। लेकिन टिकट बुकिंग के दौरान फैंस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। साल 211 के बाद पहली बार भारत वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है। स्टेडियम में बैठकर मैच का लुफ्त उठाने के लिए क्रिकेट फैंस बेताब हैं। लोगों की दीवानगी इतनी ज्यादा है कि टूर्नामेंट की टिकट की बिक्री का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा था। लेकिन जब यह इंतजार खत्म हुआ और टिकट की बिक्री शुरू हुई तो खरीददार काफी नाराज नजर आए। विश्व कप-223 के लिए आधिकारिक टिकटिंग प्लेटफॉर्म बुकमायशो शुरू में क्रैश हो गया था।

# मैं चाहूता हूं कि बांग्लादेश फाइनल मैच खेले : तस्कीन अहमद

**ढाका,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने कहा है कि अगर टीम 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में सफल होती है तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी होगी। बांग्लादेश एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 31 अगस्त को सह-मेजबान श्रीलंका के खिलाफ करेगा। तस्कीन अपनी टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं।

तस्कीन ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य एशिया कप का फाइनल खेलना है। मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी होगी अगर हम फाइनल तक पहुंच सकें और एक मजबूत टीम के रूप में खेलने में सक्षम हो सकें। तस्कीन के हवाले से द डेली



स्टार ने कहा, सभी लोग हमारे लिए प्रार्थना करें।

जाहिर तौर पर हम चैंपियन बनना चाहते हैं लेकिन मुख्य बात बेहतर क्रिकेट खेलना है क्योंकि इसके तुरंत बाद विश्व कप है। अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल सकते हैं तो चैंपियन बनना संभव है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने पुष्टि की है कि सलामी बल्लेबाज लिटन दास बुखार के कारण बांग्लादेशी दल के साथ श्रीलंका जाने वाली उड़ान में नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि घायल इबादत के स्थान पर टीम में शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब बाद में दूसरी फ्लाइट से श्रीलंका जाएंगे क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ है। ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें एशिया कप सुपर फोर में आगे बढ़ेंगी, जहां वे कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और मैच खेलेंगे, जो 17 सितंबर को फाइनल की भी मेजबानी करेगा।

# यूएस ओपन में छोटे ब्रेक के बाद वापसी को तैयार एंडी मरे

**न्यूयॉर्क ( यूएस ),** 27 अगस्त (एजेंसियां)। तीन बार के प्रमुख चैंपियन एंडी मरे ने खुलासा किया कि उन्होंने विंबलडन के दूसरे दौर में स्टेफानोस सितसिपास से हार के बाद अपनी तकनीक में बदलाव किया है। विंबलडन में हार के बाद से, एंडी मरे ने केवल चार मैच खेले हैं, जिसमें 3-1 का रिकॉर्ड है। उनकी एकमात्र हार तीन सेटों में वाशिंगटन, डीसी में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ से हुई। इसके बाद उन्हें पेट में तकलीफ के कारण टोरंटो के तीसरे दौर और सिनसिनाटी से भी बाहर रहना पड़ा।

मरे ने प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि अगर मैं मैच जीतना चाहतू हूं तो मुझे अपने शॉट्स में कुछ बदलाव



करने होंगे। इसलिए मैंने ऐसा किया और ब्रेक लेकर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। 36 वर्षीय खिलाड़ी पेट में खिंचाव के बाद फ्लशिंग मीडोज पहुंचे, जिसके कारण उन्हें टोरंटो में टूर्नामेंट के बीच से हटना पड़ा। लेकिन अभ्यास के एक मजबूत सप्ताह से उत्साहित होकर, यूएस ओपन में प्रवेश के लिए उनका दृष्टिकोण सकारात्मक है। उन्हें अब कोर्ट पर कोई परेशानी नहीं हुई। रेडियोलॉजिस्ट ने मेरे स्कैन को देखा और उनकी जांच की, मेरी एक छोटी सी चोट थी, जो ठीक हो रही है और पिछले पांच या छह दिनों का अभ्यास वास्तव में अच्छा रहा है। मुझे खेलने में कोई समस्या नहीं हुई। मरे ने इस वर्ष प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला है।

मेलबर्न में, मरे ने 13वीं वरीयता प्राप्त मातियो बेरेटिनी और थानासी कोकिनाकिस के खिलाफ अपने शुरुआती दो मैचों में दो ऐतिहासिक पांच-सेटर जीते। विंबलडन में, ग्रीक के वापसी करने से पहले वह पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास से दो सेट-टू-एक से आगे थे।

## सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। भूटान के थिंपू में एक से दस सितंबर के बीच खेली जाने वाली सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय अंडर 16 टीम की घोषणा कर दी गयी है। भारतीय अंडर-16 टीम के मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने बताया कि भारत को नेपाल और बांग्लादेश के साथ टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जबकि मेजबान भूटान, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप बी में शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमी फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। फेडरेशन (एआईएफएफ) के सूत्रों ने रविवार को बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर जुलाई में श्रीनगर में शुरू हुआ था, जिसमें देश भर के पांच क्षेत्रों - पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और उत्तर-पूर्व में व्यापक स्काउटिंग के बाद 5 से अधिक संभावितों को चुना गया। अंतिम 23 की सूची को अहमद ने अखिल भारतीय फुटबॉल, श्रीनगर में एक महीने से अधिक प्रशिक्षण के बाद चुना। भारतीय टीम इस प्रकार है। **गोलकीपरः** रोहित, अहेइबाम सूरज सिंह, अरुष हरि। **डिफेंडरः** नगारियांबम अभिजीत, मोहम्मद कैफ, याईफारेम्बा चिंगखाम, उशम थौंगाम्बा, वुमलेनलाल हैंगशिंग, चिंगथम रेनिन सिंह, करिश सोरम। **मिडफील्डरः** न्यूटन सिंह, कंगुजम योइहेनबा मेइतेई, लेविस जांगमिनलुन, बॉबी सिंह, अब्दुल सलहा, नगमगौहो मेट, विशाल यादव, मनभाकुपर मलंगियांग, एमडी अरबाश। **फॉरवर्डः** निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, अहोंगशांगबाम सैमसन, लैरेंजम भरत, एयरबोरलांग खरथांगमाव। **कोच** : इशफाक अहमद।

# मांकड़िंग पर अश्विन की चेतावनी, क्रीज के अंदर रहो

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।। भारतीय स्टार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने मांकड़िंग विवाद पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक लंबा बयान जारी किया। अश्विन ने एक्स पर लिखा, यह स्थिति का उचित मूल्यांकन है। सोचिए, अगर कोई व्यक्ति विश्व कप सेमीफाइनल या एक नॉकआउट मैच में कोहली, रोहित, स्मिथ, रूट या नॉनस्ट्राइकर के किसी भी महत्वपूर्ण बल्लेबाज को रन आउट कर दे, जो मैच का नतीजा तय कर सकता है।

मुझे यकीन है कि तब एक बार फिर यह मुद्दा उठेगा और कुछ विशेषज्ञों द्वारा अभियान चलाया जाएगा जो अभी भी इससे सहमत नहीं हैं और निश्चित रूप से, प्रशंसकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आगे लिखा, फिलहाल सभी टीमें ऐसा नहीं कर




रही हैं, लेकिन यह साल विश्व कप का है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसके लिए तैयार है और जो टीम कहेगी कि हम ऐसा नहीं करेंगे, यह उनका निर्णय है। मेरा मानना है कि टीमों को अपने रास्ते में आने वाले हर एक फायदे का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि विश्व कप जीतना जीवन भर की उपलब्धि है।

अश्विन ने मांकड़िंग की समस्या का समाधान भी लिखा। उन्होंने कहा, केवल एक ही समाधान है, बल्लेबाज कोई भी हो और स्थिति चाहे जो भी हो, बल्लेबाज को देखना होगा कि गेंदबाज गेंद को कब फेंक रहा है और उसका कंधा कब रोटेट हो रहा है। यदि वो ऐसा नहीं करता है तो वो रन आउट हो जाता है। तब हमें गेंदबाज की सराहना करनी चाहिए और बल्लेबाजों को बताना चाहिए कि आगे इसका ध्यान रखे। अश्विन खुद उस वक्त विवादों में आ गए जब उन्होंने आईपीएल -2019 में जोस बटलर को मांकडिंग किया, उसके बाद कई अन्य खिलाड़ियों ने भी ऐसा ही किया और विवाद और बढ़ गया। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कई मौकों पर स्पष्टीकरण दिया है और कई बार कानून में संशोधन भी किया है।

हाल ही में पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान भी खेल के अहम मोड़ पर इसी तरह आउट हो गए थे, जब अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने उन्हें मांकडिंग कर दिया था। हालंकि, पाकिस्तान ने यह मैच जीत लिया, लेकिन मांकडिंग को लेकर चर्चा फिर से शुरू हो गई।

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी जबरदस्त तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## सरकार ने 1,200 डॉलर प्रति टन कीमत से कम के बासमती चावल के निर्यात पर लगाई रोक



**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। गैर-बासमती चावल के संभावित 'अवैध' शिपमेंट को रोकने के लिए सरकार ने 1,200 डॉलर प्रति टन कीमत से कम के बासमती चावल के निर्यात की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने ट्रेड प्रमोशन बॉडी एपीडा को 1,200 डॉलर प्रति टन से कम के अनुबंध पंजीकृत नहीं करने का निर्देश दिया है। 1,200 डॉलर प्रति टन से नीचे के मौजूदा अनुबंधों को स्थगित रखा गया है। भविष्य की कार्रवाई का मूल्यांकन करने के लिए एपीडा के अध्यक्षता के तहत एक समिति गठित की जाएगी। भारत ने इस साल 20 जुलाई को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

बयान में कहा गया है, 'सरकार को गैर-बासमती चावल के गलत वर्गीकरण और अवैध निर्यात के संबंध में विश्वसनीय क्षेत्रीय रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसके निर्यात पर 20 जुलाई 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह बताया गया है कि गैर-बासमती चावल को बासमती चावल के एचएस कोड के तहत निर्यात किया जा रहा है। चूंकि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) बासमती चावल के निर्यात के विनियमन के लिए जिम्मेदार है और इस उद्देश्य के लिए पहले से ही एक वेब-आधारित प्रणाली मौजूद है। सरकार ने बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल के संभावित अवैध निर्यात को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय शुरू करने के लिए एपीडा को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है, 'केवल 1,200 डॉलर प्रति मीट्रिक टन और उससे अधिक मूल्य वाले बासमती चावल के निर्यात को ही मंजूरी है।' कहा गया है, '1,200 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से कम मूल्य वाले अनुबंधों को स्थगित रखा जा सकता है और कीमतों में भिन्नता को समझने और गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए इस मार्ग के उपयोग के लिए एपीडा के अध्यक्ष द्वारा गठित एक समिति द्वारा मूल्यांकन किया जा सकता है।'

इसमें यह भी कहा गया है कि चालू माह के दौरान निर्यात किए जाने वाले बासमती के औसत निर्यात मूल्य 1214 डॉलर प्रति मीट्रिक टन की पृष्ठभूमि में सबसे कम अनुबंध मूल्य 359 डॉलर प्रति मीट्रिक टन के साथ निर्यात किए जाने वाले बासमती के अनुबंध मूल्य में बड़ा अंतर हुआ है।

आगे कहा गया है कि समिति एक महीने की अवधि के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपे, जिसके बाद उद्योग द्वारा योजनाबद्ध बासमती के कम कीमत के निर्यात पर उचित निर्णय लिया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि एपीडा को इस मामले के बारे में जागरूक करने के लिए व्यापार जगत के साथ परामर्श करना चाहिए।

## लेनदारों को उबारने के लिए नए सीईओ की नियुक्ति करेगा दिवालिया वॉल्ड



**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। सिंगापुर स्थित क्रिप्टो एक्सचेंज और भारतीय स्टार्टअप वॉल्ड को अपने बोर्ड के पुनर्गठन और एक नए सीईओ की नियुक्ति के लिए अदालत से अनुमति मिल गई है। दर्शन बथिजा द्वारा स्थापित वॉल्ड पिछले साल से दिवालियापन की कार्यवाही में चल रहा है। बथिजा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि वह नए सीईओ, क्रेडिटर रिप्रेजेंटेटिव और एक स्कीम मैनेजर की नियुक्ति करेगा। उनके अनुसार, सिंगापुर की अदालतों ने वॉल्ड की प्रस्तावित पुनर्गठन योजना को मंजूरी दे दी है। नए टॉप मैनेजमेंट कंपनी की बेलआउट प्रक्रिया का नेतृत्व करेगा।

बथिजा ने पोस्ट किया, 'वॉल्ड (डेफी पेमेंट्स पीटीई लिमिटेड) ने अपनी अरेंजमेंट की स्कीम सिंगापुर की अदालतों में पारित कराई। स्कीम के हिस्से के रूप में, वर्तमान बोर्ड को एक नए सीईओ, क्रेडिटर रिप्रेजेंटेटिव और एक स्कीम मैनेजर से बदल दिया जाएगा।' उन्होंने कहा, 'कस्टमर्स वर्तमान में अपनी केवाईसी जानकारी दोबारा जमा कर रहे हैं। थोड़े समय में और अपडेट आने वाले हैं।' अगस्त 2022 में, भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने वॉल्ड की 370 करोड़ रुपए की बैंक संपत्ति जब्त कर ली थी। ईडी ने बेंगलुरु में येलो ट्यून टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के विभिन्न परिसरों में तलाशी ली और देश में वॉल्ड चलाने वाले फ्लिपवोल्ट क्रिप्टो एक्सचेंज से संबंधित संपत्तियों को जब्त कर लिया। कंपनी को, भारत में क्रिप्टो सेवाएं प्रदान करने वाली कई अन्य कंपनियों की तरह, ईडी कार्यालय से समन प्राप्त हुआ था। वॉल्ड ने एक बयान में कहा था, 'हमें, भारत में क्रिप्टो सर्विस प्रदान करने वाले कई अन्य प्लेयर्स की तरह, जुलाई 2022 के महीने में प्रवर्तन निदेशालय से कुछ जानकारी/दस्तावेजों के संबंध में समन प्राप्त हुआ था। समन के उचित अनुपालन में, हमने प्रवर्तन निदेशालय के साथ पूरा सहयोग किया और सभी आवश्यक जानकारी/दस्तावेज़ प्रदान किए।'

## चंद्रयान 3 मिशन विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता: मोदी

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि 23 अगस्त को चंद्रयान के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ शुरू हुआ उत्सव अब त्योहारी सीजन के साथ आगे बढ़ चुका है और यह मिशन विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता है। श्री मोदी ने यहां आयोजित तीन दिवसीय बी 20 शिखर सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुये कहा कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर समाज के साथ-साथ व्यवसाय भी जश्न के मूड में हैं। उन्होंने इस मिशन की सफलता में इसरो की भूमिका का उल्लेख करते हुये कहा कि मिशन में उद्योग की बड़ी भूमिका रही है क्योंकि चंद्रयान के कई उपकरण निजी क्षेत्र और एमएसएमई द्वारा प्रदान किए गए थे। उन्होंने कहा, 'यह विज्ञान और उद्योग दोनों की सफलता है।' उन्होंने कहा कि भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया जश्न मना रही है और यह जश्न एक जिम्मेदार अंतरिक्ष कार्यक्रम चलाने के लिए है। यह उत्सव जिम्मेदारी, त्वरण, नवाचार, स्थिरता और समानता के बारे में हैं, जो आज के बी20 का विषय भी है। उन्होंने कहा कि यह मानवता के साथ साथ 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के बारे में है।

## हैकररैंक ने 53 कर्मचारियों की छंटनी की



■ **लीडिंग टेक्नोलॉजी हायरिंग प्लेटफॉर्म हैकररैंक ने मौजूदा आर्थिक अनिश्चितता के बीच ग्लोबल लेवल पर 53 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया**

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। लीडिंग टेक्नोलॉजी हायरिंग प्लेटफॉर्म हैकररैंक ने मौजूदा आर्थिक अनिश्चितता के बीच ग्लोबल लेवल पर 53 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। हैकररैंक के को-फाउंडर और सीईओ विवेक रविशंकर ने पिछले हफ्ते कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा, उसमें कहा गया, 'हमने आज 53 लोगों को निकाले जाने का आदेश दे दिया है।' रविशंकर ने लिखा कि कंपनी का फाइनेंशियल परफॉर्मेंस काफी समय से अच्छा नहीं रहा है और हममें से हर कोई इसे बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, लेकिन यह निराशाजनक प्रयास रहा है।

रविशंकर ने कहा, 'अनिश्चितता को देखते हुए, एकमात्र फाइनेंशियल प्लान हमारे कस्टमर्स बनाम नए बिजनेस की सुरक्षा के लिए निवेशित डॉलर को असमान रूप से शिफ्ट करना है और जब बाज़ार वापस ऊपर आए तो बढ़त हासिल करने के लिए इनोवेशन को जारी रखना है। कंपनी सिवेरेंस पैकेज दे रही है, जिसमें 4 साल से कम समय के लिए कंपनी के साथ जुड़े लोगों के लिए कार्यकाल के प्रत्येक वर्ष के लिए 1 सप्ताह के साथ-साथ 12 सप्ताह का बोसिक वेतन या 4 साल से अधिक समय से कंपनी के साथ जुड़े लोगों के लिए कार्यकाल के प्रत्येक पूरे साल के लिए 2 सप्ताह का बेसिक वेतन शामिल है।' पैकेज में अमेरिका में कर्मचारियों के लिए छह महीने का कोबरा स्वास्थ्य बीमा और निहित विकल्पों का उपयोग करने के लिए 6 महीने तक का विस्तार शामिल है। रविशंकर ने ईमेल में लिखा, 'हम उनकी जॉब सर्च में सपोर्ट करना चाहते हैं। इसलिए, हम उनसे उनके नामों का खुलासा करने की अनुमति मांग रहे हैं और हम एक लिस्ट कंपाइल करेंगे।' रविशंकर के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, '2022 में लॉन्च होने के बाद से, प्लेटफॉर्म ने 2,000 कस्टमर्स को उनकी नियुक्ति प्रक्रिया को बदलने में मदद की है, दुनिया भर में 7 मिलियन से अधिक डेवलपर्स का आकलन किया गया है और नौकरी बदलने वाले 10 प्रतिशत डेवलपर्स ने पिछले साल ही हमारे प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया।' नौकरियां बदलने वाले 10 प्रतिशत डेवलपर्स ने पिछले साल ही हमारे प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया था।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 62.2 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.6 करोड़ डॉलर की की गिरावट लेकर 527.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.5 करोड़ डॉलर कम होकर 43.8 अरब डॉलर रह गया।

### सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल में तेजी

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में तेजी रही। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 21 रिंगिट फिसलकर 3834 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा`.74 सेंट की गिरावट लेकर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 146 रुपए, मूंगफली तेल 22 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

### आढ़तियों की जनरल मीटिंग में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

सिरसा। हरियाणा प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी सिरसा में हर वर्ष की तरह खरीद सीजन शुरू होने से पहले आढ़ती एसोसिएशन की जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने की जिसमें बड़ी संख्या में आढ़तियों ने भाग लेकर अपने-अपने विचार रखे। मीटिंग में मंच संचालन एसोसिएशन के सह सचिव महावीर शर्मा ने किया। बैठक में आढ़तियों ने प्रमुख रूप से सरकार द्वारा गलत तरीके से जीएसटी को लागू करने का मुद्दा उठाया। आढ़तियों ने बताया कि जीएसटी पंजाब में नहीं है तो हरियाणा में भी समाप्त होनी चाहिए। इसके लिए एसोसिएशन उचित कदम उठाए। गेहूं की कटौती, खरीददारों से ब्याज रेट , किसी भी फसल की खरीद का समय पर भुगतान, यदि खरीददार द्वारा निश्चित समय के बाद भुगतान किया जाता है तो वह आरटीजीएस से करवाए। माल का उठान दो दिन में करवाना सुनिश्चित हो।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के संकेत का बाजार पर रहेगा असर

साप्ताहिक समीक्षा



**मुंबई,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के कमजोर रुख से बीते सप्ताह गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल बैठक में महंगाई की ऊंची दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में बढ़ोतरी किये जाने के संकेत का अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 62.15 अंक अर्थात् 0.1 प्रतिशत की मामूली गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 64886.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 44.35 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 19265.80 अंक पर आ गया।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिसने बाजार और अधिक गिरने से बचाया। बीते सप्ताह मिडकैप 452.59 अंक अर्थात 1.5 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 30717.91 अंक और स्मॉलकैप 772.63 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36055.96 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों के जैक्सन होल बैठक के नतीजे को लेकर सतर्कता बरतने से घरेलू बाजार में एक और सप्ताह नुकसान का रहा। निवेशकों को ब्याज दरों में बढ़ोतरी की भविष्य की संभावनाओं का आकलन करने के लिए फेड अध्यक्ष श्री पॉवेल के वक्तव्य का उत्सुकता से इंतजार था। शुक्रवार को देर शाम बैठक के बाद श्री पॉवले ने कहा कि महंगाई की ऊंची दर को नियंत्रित करने के लिए आगे भी सावधानीपूर्वक ब्याज दरों में बढ़ोतरी किये जाने की जरूरत है। अगले सप्ताह उनके वक्तव्य का बाजार पर सीधा असर देखा जा सकेगा। इसके साथ ही रिजर्व बैंक (आरबीआई) की हाल की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक के मिनट्स में बढ़ी हुई घरेलू मुद्रास्फीति के बीच लक्ष्य सीमा के भीतर महंगाई को प्रबंधित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। हालांकि मौजूदा उच्च मुद्रास्फीति स्तरों की अस्थायी प्रकृति के कारण नीतिगत दरों में आसन्न वृद्धि की उम्मीद कम है। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन सभी कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। चीन के ब्याज दर में निवेशकों की उम्मीद से थोड़ा कम कटौती करने से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 267.43 अंक की तेजी लेकर 65,216.09 अंक और निफ्टी 83.45 अंक चढ़कर 19,393.60 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार की तेजी के समर्थन से स्थानीय स्तर पर सोलह कंपनियों में लिवाली तो हुई लेकिन जियो फाइनेंस में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट ने मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले दिवस की तेजी कुंद कर दी। सेंसेक्स 3.94 अंक बढ़कर 65,220.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 2.85 अंक उठकर 19,396.45 अंक पर सपाट रहा। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, इंडस्ट्रियल्स, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी तेजी रही। सेंसेक्स 213.27 अंक की छलांग लगाकर 65,433.30 अंक और निफ्टी 47.55 अंक चढ़कर 19,444 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर जियो फाइनेंस, रिलायंस, एनटीपीसी, मारुति और टाटा स्टील समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट के दबाव में गुरुवार को सेंसेक्स 180.96 अंक की गिरावट लेकर 65,252.34 अंक और निफ्टी 57.30 अंक उतरकर 19,386.70 अंक पर आ गया। अमेरिकी फेड रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की ब्याज दरों को लेकर जारी बैठक से पहले एशियाई बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 365.83 अंक लुढ़ककर एक सप्ताह बाद 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64,886.51 अंक और निफ्टी 120.90 अंक की गिरावट लेकर 19,265.80 अंक पर आ गया।

## साइबर-सुरक्षा फर्म फोर्टिनेट ने सेल्स, बिजनेस डेवलपमेंट में कर्मचारियों की छंटनी की



**सैन फ्रांसिस्को,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी कंपनी फोर्टिनेट ने सेल्स, बिजनेस डेवलपमेंट और चैनल पार्टनर्स से संबंधित भूमिकाओं से कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। सीआरएन के अनुसार, 30 जून तक फोर्टिनेट में 13,677 कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्टर्स थे। अमेरिका स्थित सुरक्षा कंपनी के कुछ प्रभावित कर्मचारियों ने नौकरी में कटौती के बारे में पोस्ट करने के लिए प्रोफेशनल नेटवर्क लिंक्डइन का सहारा लिया। फोर्टिनेट के चैनल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट नोआ हरमन ने पोस्ट किया, 'मैं कुछ न्यूज देने के लिए लिख रही हूं कि मैं आज फोर्टिनेट में छंटनी के एक राउंड से प्रभावित हुई हूं, जिसने सीडीआर/बीडीआर ऑर्गेनाइजर में कई अन्य लोगों को भी प्रभावित किया है।' 'हालांकि यह कठिन है, मैं समझती हूं कि यह कंपनी के लिए भी कठिन है और यह व्यक्तिगत नहीं है।' हरमन ने कहा, 'उन सभी लोगों को धन्यवाद जिन्होंने मेरी भूमिका के दौरान मेरा समर्थन किया और मुझे आगे बढ़ने में मदद की।' लिंक्डइन पोस्ट के अनुसार, नौकरी में कटौती में अमेरिकी सेल्स के लिए एसएमबी डेवलपमेंट के मैनेजर, एक पार्टनर डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, एक बिजनेस डेवलपमेंट रिप्रेजेन्टेटिव और नेशनल अकाउंट के लिए एक चैनल मार्केटिंग मैनेजर भी शामिल हैं। फोर्टिनेट ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है। इस महीने की शुरुआत में, फोर्टिनेट ने 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए उम्मीद से कम आय दर्ज की थी। दूसरी तिमाही के नतीजों की रिपोर्ट के बीच अपने पूरे साल के बिक्री मार्गदर्शन को कम करने के बाद विस्तारित घंटों के कारोबार में फोर्टिनेट का स्टॉक 14 प्रतिशत से अधिक गिर गया।

## सिर्फ टमाटर ही नहीं, अन्य खाद्य पदार्थों का भी बढ़ती मुद्रास्फीति में है योगदान



■ **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती कीमतों और घरेलू स्तर पर धीमी बुआई के बीच अनाज और दालों जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों से निकट भविष्य में राहत मिलने की संभावना नहीं**

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती कीमतों और घरेलू स्तर पर धीमी बुआई के बीच अनाज और दालों जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों से निकट भविष्य में राहत मिलने की संभावना नहीं है। ब्रोकिंग फर्म प्रभुदास लीलाधर की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे अगस्त में मुद्रास्फीति सात प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना बढ़ जाती है। जुलाई में, भारत में सीपीआई मुद्रास्फीति में वृद्धि देखी गई, जो 15 महीने के शिखर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो जून के 4.81 प्रतिशत से एक महत्वपूर्ण उछाल है। इससे जुलाई की मुद्रास्फीति घटना के लिए दो प्राथमिक अंतर्दृष्टि का पता चलता है। सबसे पहले, इस मुद्रास्फीति वृद्धि का प्राथमिक कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें थीं। दूसरे, मुद्रास्फीति के लिए केवल सब्जियां, विशेषकर टमाटर ही जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बजाय, अनाज, दालें और मसालों सहित खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत श्रृंखला ने मूल्य दबाव में योगदान दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनियमित मौसम और बारिश के पैटर्न के जलवायु जोखिम के साथ-साथ वैश्विक खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप जुलाई 2023 में घरेलू खाद्य कीमतों में भारी झटका लगा। 'अल नीनो आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति के लिए एक संभावित कारक बन सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमने पिछले दो महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि देखी है, इसका मुख्य कारण कुछ फसलों को नुकसान और मौसम का अनिश्चित मिजाज है। दलहन की बुआई 9.2 प्रतिशत कम है, जबकि तिलहन की बुआई 1.7 प्रतिशत कम है। इसका असर मूंग, तुअर, उड़द और मसालों के उत्पादन पर पड़ने की संभावना है।

'आने वाले महीनों में शुष्क जलवायु दालों की ऊंचाई, घनत्व और पैदावार को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है, क्योंकि उनकी खेती वर्षा आधारित क्षेत्रों में अधिक की जाती है। गौरतलब है कि कुछ मसालों की कीमतें उबाल पर हैं, और डॉन रिपोर्ट में कहा गया है, 'दलहन और तिलहन की ऊंची कीमतों से इनकार नहीं किया जा सकता।' इसमें कहा गया है, 'हमारा मानना है कि उच्च मुद्रास्फीति चुनावी वर्ष में राजनीतिक मुद्दा बन सकती है, जो सरकार को पूंजीगत व्यय धीमा करने के लिए मजबूर कर सकती है।' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में, मानसून दीर्घकालिक औसत से काफी कम रह गया है, इसमें 30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। विशेष रूप से भारत के दक्षिणी क्षेत्रों में विशेष रूप से शुष्क स्थिति का अनुभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई में बारिश के कारण 5 प्रतिशत अधिशेष के साथ महीने की सकारात्मक शुरुआत करने के बाद, अगस्त में मानसून में गिरावट आई और 20 अगस्त तक कुल मिलाकर 7 प्रतिशत की कमी हुई।

जबकि उत्तर-पश्चिम (सामान्य से 6 प्रतिशत अधिक) में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, मध्य भारत (सामान्य से 2 प्रतिशत कम), दक्षिण प्रायद्वीप (सामान्य से 13 प्रतिशत कम) और पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में कम वर्षा पैटर्न (सामान्य से 20 प्रतिशत कम) देखा गया है। अल नीनो 'कमजोर' से 'मध्यम' स्थिति में मजबूत हो गया है और अमेरिकी मौसम एजेंसियों के नवीनतम अपडेट में कहा गया है कि इस साल के अंत में इसके एक मजबूत घटना के रूप में विकसित होने की 66 प्रतिशत संभावना है। 18 अगस्त तक ख़रीफ़ की बुआई पिछले साल की तुलना में 0.1 प्रतिशत अधिक है। धान की खेती का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक है। लेकिन दालों का रकबा अभी भी पिछले साल के मुकाबले 9.2 फीसदी कम है। जूट, कपास और तिलहन का उत्पादन भी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे अनाज (सालाना आधार पर 1.6 फीसदी) और गन्ना (सालाना आधार पर 1.3 फीसदी) का प्रदर्शन अच्छा बना हुआ है। प्रमुख राज्यों में सिंचाई कवर कम होने से दालों के उत्पादन पर अधिक स्पष्ट प्रभाव पड़ सकता है। पिछले पांच महीनों में दालों की महंगाई लगभग दोगुनी हो गई है।

# राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए भी कर रही है हरसंभव प्रयास-भूपेश

## मुख्यमंत्री प्रदेश स्तरीय ''ओबीसी महासम्मेलन'' में हुए शामिल

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश स्तरीय ''ओबीसी महासम्मेलन'' में हुए शामिल। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए संचालित कार्यक्रमों की बात हो या न्याय योजनाओं की इन योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को भी मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की तरह प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों तथा जिला मुख्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के रावणभाटा मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय ''ओबीसी महासम्मेलन'' को सम्बोधित कर रहे थे। महासम्मेलन में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज ने आरक्षण के संबंध में चर्चा के लिए राज्यपाल महोदय से समय दिलाने की मांग मुख्यमंत्री श्री बघेल से की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय को इस संबंध में पत्र लिखने की बात कही।

छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा और छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश साहू ने की। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दीपक बैज, छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा के संयोजक राधेश्याम साहू सहित ओबीसी समाज के अनेक पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाज द्वारा जमीन की मांग पर कहा कि जमीन के मामले में इससे पहले किसी सरकार ने इतना जमीन नहीं बांटा है, कोई समाज यह नहीं कह सकता कि उसे जमीन नहीं मिला। ओबीसी बड़ा समाज है तो सबसे ज्यादा जमीन आप लोगों को मिली है। साथ ही भवन बनाने के लिए भी आवश्यकतानुसार राशि दी गयी है। राजधानी में सभी अस्पताल रायपुर शहर में स्थित हैं, तो व्यवहारिकता को देखते हुए आप लोग बड़े अस्पतालों के पास धर्मशाला के लिए जमीन देख लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा पिछड़ा वर्ग के साथ है। सबसे ज्यादा ऋण माफी का लाभ पिछड़ा वर्ग के साथियों को ही मिला है क्योंकि पिछड़ा वर्ग के लोग अधिकांशत: खेती से जुड़े हुए हैं, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ भी आपको ही सबसे ज्यादा मिला, चाहे वह राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बात हो, चाहे मिलेट्स कोदो, कुटकी की बात हो, ट्यूबवेल पर किसानों को बिजली पर 12 हजार से 14 हजार करोड़ रूपए की छूट इन 5 सालों में दी गई और घरों में बिजली पर भी छूट दी जा रही है। हमारी सरकार लगातार शिक्षा स्वास्थ्य पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के हितों के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महासम्मेलन में कहा कि मुझे वह दिन भी याद है जब 2013 में आप सभी चारामा से हजारों की संख्या में पैदल चलकर रायपुर आए थे और इंडोर स्टेडियम के बगल में बड़ी सभा का आयोजन हुआ था। अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन बहुत मजबूत है। संगठन द्वारा हमेशा प्रभावी तरीके से अपनी मांग रखी जाती है। अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रमुख रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने विधानसभा में एक और दो दिसंबर 2022 को विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण विधेयक पारित किया और पारित करने के पश्चात राज्यपाल महोदय के पास भेज दिया। यह विधेयक राज्यपाल के पास लंबित है। इस विधेयक में अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस को 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है। आवास का मामला सामने आया। जनसंख्या बढ़ने के साथ परिवार भी बढ़े और आवास की जरूरत भी बढ़ी। मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी की जनगणना होनी चाहिए। जनगणना नहीं हुई तो हमारी सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण कराया जिसकी रिपोर्ट आयी है और उसका परीक्षण चल रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि एनएमडीसी का कार्यालय हैदराबाद की जगह जगदलपुर में होना चाहिए। प्रदेश में कार्यालय होगा तो इससे सभी को लाभ मिलेगा, राज्य को जीएसटी से लाभ होगा, अभी तेलंगाना जा रहा है, वह प्रदेश को मिलेगा। भर्ती में भी छत्तीसगढ़ के बच्चों को लाभ मिलेगा।

# मोर बाजार, सबको रोजगार- पदमश्री फुलबासन

## नारी सशक्तिकरण योजना के लिए अरपा रेडियो का आयोजन

**बिलासपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर में लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने सेंदरी, गतौरी, सेमरताल सेमरा, जलसो और रमतरा गाँव की 25-25 महिलाओं के साथ पिछले महीनों में हिंसा को नो कार्यक्रम का संचालन किया था। इन सारी महिलाओं के विकास और इनको रोजगार उपलबद्ध करवाने के उद्देश्य से लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने पद्मश्री फुलबासन यादव को आमंत्रित किया। परम तपस्वनी फुलबासन दीदी ने कल ग्राम सेमरताल में आकार इन महिलाओं से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में संचालित हो रहे मोर बाजार सबको रोजगार% योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की इस योजना में दूसरे प्रदेशों के लोग भी जुडने में रुचि दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में साढ़े 8 लाख महिलाओं के साथ काम कर रही श्रीमती फुलबासन यादव ने बिलासपुर संभाग की महिलाओं से भी इस योजना से जुडने का आव्हान किया। मोर बाजार में गाँव की महिलाओं के माध्यम से 300 उत्पाद बाजार में हैं, जिनमें शुद्ध घर के बनाए मसाले, बड़ी, बिजौरी, आचार खाने का सामान के अलावा धान के गहने, बांस के सामान, आयुर्वेदिक औषधियों की बनी दवाएं और भी बहुत कुछ शामिल है।



पद्मश्री फुलबासन यादव का कहना है कि छत्तीसगढ़ से कच्चा सामान बाहर के प्रदेशों में जाता है और उत्पाद के रूप में महंगा होकर, मिलावट के साथ वापिस हमारे हाथों में आता है। अपने प्रदेश का पैसा यहीं के लोगों को रोजगार प्रदान कर सके इसलिए गाँव के ब्रांड पर ये बाजार योजना आरंभ की गई है। जिसका लाभ हर जिले में महिलाओं को 6000 से 90000 रु तक हो रहा है। अरपा रेडियो द्वारा जल्द ही इन ग्रामों में नि:शुल्क ट्रैनिंग उपलब्ध करवाई जाएगी।

अरपा रेडियो संचालन समिति की तरफ से संज्ञा टंडन, रचिता देशपांडे, मातृका साहू, राजेश यादव वहाँ उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के संस्थापक व पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा सोमनाथ यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा सोमनाथ यादव ने इस योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जुडने और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए आव्हान किए। तत्पश्चात ग्राम रमतला में महिलाओं की बैठक हुई जिसमें विजय यादव बिरकोना, जलसों के पूर्व सरपंच अनिल यादव, नरेश यादव सहित उपस्थित ग्रामवासियों ने भी अपने गाँव की महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आश्वासन दिया है।

# सार-संक्षेप



## संपर्क से समर्थन अभियान में शहीद परिवार से मिले भाजपा विधायक दीपायन

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । केंद्र सरकार के नौ गौरवमय वर्षों का कार्यकाल पूरा होने पर संपर्क से समर्थन अभियान के तहत शुक्रवार को मस्तुरी से हुआ। जिसमे विधानसभा क्षेत्र मस्तुरी के गांव रिस्दा के शहीद जवान सनत कुमार महिलांगे जो लोकसभा चुनाव में बस्तर में तैनाती के शहीद हुए उनसे भाजपा नेताओं ने भेट की। शुक्रवार को असम के भाजपा विधायक दीपायन चक्रवर्ती किसान मोर्चा के संयुक्त सचिव बीपी सिंह सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य दिलेन्द्र कौशिल व मस्तूरी मंडल के अध्यक्ष विजय अंचल शहीद परिवार से मिलने रिस्दा पहुंचे और शहीद परिवार का हाल जाना इस दौरान विधायक दीपायन ने कहा कि शहीद का परिवार कभी भी अकेला नहीं है भाजपा हमेशा ऐसे शहीदों के साथ खड़ी है और आगे भी उनके सहयोग में काम करती रहेगी इस दौरान उन्होंने पार्टी की ओर से शहीद परिवार को10000 का आर्थिक सहयोग भी किया। बता दे की शहीद जवान सनत कुमार महिलंगे वर्ष 2004 में सरगुजा से लोकसभा चुनाव की मत पेटी लाते समय शहीद हुए थे।

## पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर में प्राथिंव शिवलिंग का रुद्राभिषेक

**बिलासपुर,**27 अगस्त ( देशबन्धु)। पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर बिलासपुर में सृष्टि के कल्याण के लिए 5 फिट महाकाल बाबा का बेलपत्र दूध दही घी गंगाजल 1100 बेलपत्र से प्रातकाल से अभिषेक चलेगा। सभी भक्तजनो को यह सूचना देते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा ह। की श्रावण माष की अंतिम सोमवार को बिलासा की नगरी बिलासपुर में जंकल्याड अमन , चेन, शांति , बनाये रखने। भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। 5 फिट श्री महाकाल महादेव जी का प्रार्थव शिवलिंग का रुद्राभिषेक होना ह । जो कि 52 लीटर दूध दही, घी, मधुरश, अस्थगन्ध, भष्म नाना परिमल विजया ,1100 बेलपत्र , फूल ,धतूरा, फल, आदि से श्री महाकाल जी का पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा । जिसमे आप सभी श्रद्धालु समिल्लित होकर अपने जीवन को कृतार्थ करे। इस धर्मार्थ पुण्य कार्य को पुराना बस स्टैंड व्यावसायिक संघ द्वारा आयोजन किया गया है।

## 34 पाव देशी शराब के साथ युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) ।थाना पचपेड़ी द्वारा टीम बनाकर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली अभियान केचलाकर रेड कार्रवाई किया गया । कृत कार्यवाही के दौरान ग्राम मानिकचौरी में किशन यादव अपने घर के पास में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 06.120 लीटर किमती 2720 रुपए को बिक्री करने के नियत से छिपाकर रखा मिला उक्त संबंध में व्यक्ति को शराब बिक्री करने एवम् रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने कहते हुए पर्याप्त समय दिया गया किंतु आरोपी द्वारा किसी भी प्रकार का अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किया गया उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया ।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय,प्रधान आरक्षक जय प्रकाश खांडे आरक्षक सद्दाम पाटले, ओमप्रकाश खुटे , विशेष योगदान रहा।

# बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का संकल्प शिविर कल



## संकल्प शिविर को सफल बनाएं- त्रिलोक

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) ।बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 29 अगस्त को बहतरआई स्टेडियम में संकल्प शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज , उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत , छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन के प्रभारी डॉक्टर चंदन यादव , विजय जांगिड़ , सहित राजेश तिवारी , गिरीश देवांगन , विनोद वर्मा , सहित वरिष्ठ नेता सम्मिलित होंगे । इस कार्यक्रम को अभूतपुर सफल बनाना है, और इस बार 75 पार, हमारे मुखिया ने नारा दिया है, इसे हमें चरितार्थ करते हुए बेलतरा में कांग्रेस का झंडा लहराना है, और बेलतरा विधानसभा में कांग्रेस को जीतने का कांग्रेस पार्टी को उम्मीदवार को जीतने का संकल्प लेना है, यह बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव, पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाज प्रमुख गनों के बैठक में कही। इस अवसर पर आगामी बेलतरा संकल्प शिविर को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया गया, इस कार्यक्रम में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के 500 से ज्यादा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से राधे श्याम तंबोली पुरुषोत्तम चंद्राकर राम प्रसाद चंद्राकर तुकाराम चंद्राकर पंडित प्रफुल्ल शर्मा बंडारू साहू बलदाऊ श्यामल मनीराम जगत महेश मिश्रा नीलम शर्मा रवि बघेल पवन सिंह ठाकुर मन्नू सूर्यवंशी सरपंच उमेश श्रीवास सरपंच भागीरथी पटेल चरण सिंह राज गणेश वर्मा मनोज श्रीवास मुकेश अग्रवाल शुभम श्रीवास पंडित जितेन शर्मा जीतू मोहन श्रीवास मनोज यादव वीरू यादव दीपक कश्यप दीपक यादव मुकेश खरे सुखदेव तिवारी दादू शिकारी पहलवान शिकारी उपेंद्र यादव राम प्रसाद केवट प्रभाकर गुप्ता विष्णु साहू आयुष सिंह राज योगेंद्र भारद्वाज भक्ति राम भारद्वाज कौशल श्रीवास्तव हरीश वर्मा दादूराम लस्कर बृजेश यादव दिवारी लाल यादव शालिग्राम यादव सुशील टंडन कन्हैया साहू विजेंद्र साहू मकसूदन साहू कृष्णा श्रीवास डॉक्टर सीताराम श्रीवास ओमप्रकाश श्रीवास सहित 500 से ज्यादा कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# चोरी के 2 मामलों को सुलझाने में सरकंडा पुलिस को मिली सफलता

## दो आरोपी गिरफ्तार,एक नाबालिग भी शामिल

## आरोपियों के कब्जे से बाइक व अन्य सामान बरामद

**बिलासपुर** , 27 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सरकंडा ) श्रीमति पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर थाना क्षेत्र में हुई चोरियों के संबंध में मशरूका एवं आरोपियों की पतासाजी हेतु लगाया गया है, टीम को मुखबीर से सूचना मिला कि डीएलएस कालेज के पास लाल - काला रंग के पल्सर मोटर सायकल को एक नाबालिग लड़का बिक्री करने के लिए अशोक नगर चौक के पास ग्राहक तलाश कर रहा है उक्त सूचना पर तत्काल तस्दीकी हेतु टीम भेजा गया, जिनके द्वारा अशोक नगर चौक के पास विधि से संघर्षरत् बालक को पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एजेड 7073 के साथ घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने पर उक्त मोटर सयाकल को डीएलएस कालेज के पास अटल आवास से चोरी करना बताया जो थाना सरकण्डा के अपराध क्रमांक - 1163/2023 धारा - 379 भादवि की मशरूका होने से विधिवत जप्त किया गया। इसी तरह टीमद्वारा आज प्रार्थिया कु. प्रीति कंवर निवासी रॉयल टाउन गुलाब नगर मोपका द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर जोन क्र. 07 बहतराई में लगे ई-रिक्शा बैटरी चार्जर 02 को कोई अज्ञात चोर, चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने पर अप. क. 1185 / 2023 धारा 457, 380 भादवि दर्ज कर अज्ञात आरोपी पतासाजी विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान चार्जिंग सेंटर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा फूटेज के आधार पर संदेही राकेश सूर्यवंशी से पूछताछ करने पर 2 नग बैटरी एवं चार्जर चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 02 नग बैटरी एवं चार्जर जप्त किया गया तथा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



## 51 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो पकड़ाए

**बिलासपुर**,27 अगस्त ( देशबन्धु) । मस्तूरी थाना प्रभारी रविंद्र अनंत के कुशल नेतृत्व में दोपहर ग्राम पेंडरी की ओर से दो व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बी 3836 से अवैध महुआ कच्ची शराब परिवहन करते ग्राम देवगांव के लीलागर नदी के एनीकट के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया ।आरोपी अंकित केवट पिता रेवाराम केवट उम्र 20 वर्ष , रघु खांडेकर पिता स्वर्गीय महा खांडेकर उम्र 19 साल दोनों निवासी बुटरा भंवर थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ के कब्जे से एक बोरी में तीन-तीन लीटर क्षमता वाली पन्नी से भरी हुई 11 नग एवं एक काले रंग के बैग में तीन -तीन लीटर क्षमता वाली पन्नी में भरी हुई 6 नग कुल जुमला 17 नग, मात्रा 51 लीटर कीमती 10200/ रुपया एवं एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बी 3836 को जप्त किया गया ।उक्त दोनों आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर दोनों ही आरोपियों को न्यायायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है ।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मस्तूरी रविंद्र अनंत, प्रधान आरक्षक 342 तेज कुमार रात्रे,आरक्षक कृष्ण कुमार महिलांगे, रामसनेही साहू, शशीकरण कुर्रे एवं अरविंद कुर्रे का सराहनीय योगदान रहा।

## जल्द नियुक्त होंगे युवा कांग्रेस में ब्लाक अध्यक्ष

**बिलासपुर** 27 अगस्त ( देशबन्धु) । राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस की सह प्रभारी प्रियंका किन्नल पटेल द्वारा आज ब्लॉक 3 सरकंडा में एवं ब्लॉक 2 करबला में बैठक रखी गई सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचने के लिए हितग्राही अभियान जारी है, प्रियंका किन्नल पटेल ने कहा हितग्राही अभियान के जरिए हर घर तक पहुंचा जा रहा है और आगामी चुनाव में हमे फिर से सफलता मिलेगी एवं हितग्राही अभियान में रजिस्ट्रेशन करा रहे युवाओं को ब्लाक अध्यक्ष के रूप में चुना जायेगा वा हर वार्ड में युवा कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रभारी किन्नल पटेल जी जिला शहर अध्यक्ष शेरू असलम जिला शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद अयाज जिला शहर उपाध्यक्ष शांतनु मेश्राम जिला शहर महासचिव वकार खान एवं युवा कांग्रेस के साथी गण उपस्थित थे।

# नारी शक्ति को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री मोदी का हर स्तर पर प्रयास- अरुण साव

## छत्तीसगढ़ के बेटों ने भी चंद्रयान 3 मिशन में अहम भूमिका निभाई, प्रदेश के युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

**बिलासपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव आज बिलासपुर में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में शामिल हए। प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम को लेकर अरुण साव ने कहा कि यह कार्यक्रम मोदी के मन की बात इस नाम से अब प्रचलन में आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को देश के उपलब्धियों से जोड़ने का काम किया है। इन्ही प्रयासों से भारत का हर एक नागरिक अब भारत के लिए कुछ करने की इच्छा मन में रखता है। साव ने कहा कि वास्तव में यह कार्यक्रम हर एक भारत वासी के लिये है। पीएम मोदी के मन की बात से देश के करोड़ों लोगों को जीवन में कुछ करने आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देती है। देश की जनता को मोदी जी हर बार नया संकल्प नया काम दिया साव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस देश की जनता को देश के हर एक कार्य में जोड़ने का प्रयास में लगे हैं। छोटे छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को भारत मेरा है। भारत देश के साथ भावनात्मक जुड़ाव में वृद्धि करने के लिए प्रयास करते हैं। इसके पूर्व 30 जुलाई को मन की बात के 103वें एपिसोड में मेरी माटी- मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई। जिसके असर पूरे देश में दिखा। अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी किसी को हार मानने नहीं देते। सफलता के लिए उत्साहवर्धन बेहतर तरीके से करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं संकल्प के सूरज चाँद पर भी उगते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-2 के असफल होने पर किस तरह से इसरो के वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया था।



यह हम सबने देखा ही है। साव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आज भारत ने चंद्रयान 3 के माध्यम से जो सफलता पाई है, यह भारत के करोड़ों युवाओं के लिए लिए एक स्प्रीट का प्रतीक बन गयी है। भारत की बेटियां हर क्षेत्र में आगे, अंतरिक्ष को दे रहे चुनौती, छत्तीसगढ़ के युवाओं ने भी बढ़ाया मान साव ने बताया कि मोदी ने मन की बात के माध्यम से आज भारत की बेटियां किसी भी देश से पीछे नही हैं। भारत की बेटियां अब अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। चंद्रयान-3 में कई महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अहम रही।

वहीं छत्तीसगढ़ के बेटे विकास श्रीवास(बिलासपुर), मिथलेश साहू(बालोद), अनिल जयसवाल(कवर्धा) व भरत कुमार(चरोदा) ने भी अहम भूमिका निभाई है। अरुण साव ने कहा कि कुछ लोग इस कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर देखते हैं। जबकि यह शुद्ध रूप से भारत के लोगों की बात है। प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता से जुड़ते हैं। जब एक प्रधानमंत्री अपने देश के एक छोटे से स्टार्टअप करने वालों कि सफलता की चर्चा करता है तो करोड़ों युवाओं को आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा मिलती है। किसान हो या मज़दूर प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में सबकी बात करते हैं।

NECC

| 28.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.35 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |
| डिलीवरी | 4.50 | सैकड़ा | |

दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188